WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर...
2 | देश विदेश
4 | अभिव्यक्ति
8 | छत्तीसगढ़
11 | खेल/ बिजनेस

रायपुर, बुधवार, 24 दिसंबर 2025 कृष्ण पक्ष-चतुर्थ, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 306 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

89 साल की उम्र में मंगलवार की शाम रायपुर एम्स में ली अंतिम सांस

नहीं रहे साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल...



जाते-जाते ही मिलेंगे लोग उधर के
जाते-जाते जाया जा सकेगा उस पार
जाकर ही वहाँ पहुँचा जा सकेगा
जो बहुत दूर संभव है
पहुँचकर संभव होगा
जाते-जाते छूटता रहेगा पीछे
जाते-जाते बचा रहेगा आगे
जाते-जाते कुछ भी नहीं बचेगा जब
तब सब कुछ पीछे बचा रहेगा
और कुछ भी नहीं में
सब कुछ होना बचा रहेगा।
-साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के प्रख्यात हिंदी साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल का निधन 89 वर्ष की उम्र में एम्स में निधन हो गया है। कुछ दिन पहले ही उन्हें भारत का सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। सांस लेने में कठिनाई के कारण श्री शुक्ल को दो दिसंबर को एम्स में भर्ती किया गया था। उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था।

हर मनुष्य को अपने जीवन में एक किताब जरूर लिखनी चाहिए

लंबे समय से बच्चों और किशोरों के लिए भी लेखन कर रहे विनोद कुमार शुक्ल ने कहा था कि उन्हें नई पीढ़ी से बहुत उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा, अच्छी किताबें हमेशा साथ रखनी चाहिए। किसी भी क्षेत्र में शास्त्रीयता को पाना है तो उस क्षेत्र के सबसे अच्छे साहित्य के पास जाना चाहिए। आलोचना पर उन्होंने अपने स्वभाव के अनुरूप बेहद सरल लेकिन गहरी बात कही- अगर किसी अच्छे काम की आलोचना की जाती है, तो वही आलोचना आपकी सबसे बड़ी ताकत बन सकती है।

शुक्ल की लिखी कविता कहानियां और उपन्यास

कविता: लगभग जय हिंद, वह आदमी चला गया, सब कुछ होना बचा रहेगा, अतिरिक्त नहीं, कविता से लंबी कविता, आकाश धरती को खटखटाता है, कभी के बाद अभी, कवि ने कहा।
उपन्यास: नौकर की कमीज़, खिलेगा तो देखेंगे, दीवार में एक खिड़की रहती थी, हरी घास की छप्पर वाली झोपड़ी और बौना पहाड़,यासि रासा त, एक चुप्पी जगह।
कहानी: पेड़ पर कमरा, हाविद्यालय,एक कहानी, गोदाम, गमले में जंगल।

साथ न मिले, तब भी चलो-अकेले चलो

जीवन के अनुभवों पर बात करते हुए कहा था कि असफलताएं, गलतियां और आलोचनाएं हर जगह मिलेंगी, लेकिन उसी बिखराव में कहीं छिटका हुआ अच्छा भी मौजूद होता है। जब कहीं किसी का साथ न मिले, तब भी चलो-अकेले चलो। उम्मीद ही जीवन की सबसे बड़ी ताकत है। मेरे लिए लिखना और पढ़ना सांस लेने की तरह है। इसके बाद उन्होंने अपनी एक प्रसिद्ध कविता 'सबके साथ' का पाठ भी किया, जिसमें मनुष्य के भीतर मौजूद सामूहिक संवेदना की गहरी छवि दिखाई देती है।

पीएम मोदी ने जताया दुख:

ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात लेखक विनोद कुमार शुक्ल जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। हिन्दी साहित्य जगत में अपने अमूल्य योगदान के लिए वे हमेशा स्मरणीय रहेंगे। शोक की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिजनों और प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति।

सीएम ने जताया शोक

शुक्लजी के निधन से प्रदेश को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने छत्तीसगढ़ का गौरव देश-दुनिया में बढ़ाया। छत्तीसगढ़ सरकार ने उनके अतुलनीय योगदान को समादर देते हुए उन्हें सम्पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दिए जाने का निर्णय लिया है।

शुक्ल 50 साल से कर रहे थे लेखन

पहली कविता संग्रह 'लगभग जय हिंद' 1971 में प्रकाशित हुई थी। नौकर की कमीज, खिलेगा तो देखेंगे, दीवार में एक खिड़की रहती थी हिंदी के श्रेष्ठ उपन्यासों में शुमार हैं। 'नौकर की कमीज' पर जाने-माने फिल्मकार मणिकौल ने एक फिल्म भी बनाई थी।

अमेरिकन नाबोकॉव अवॉर्ड पाने वाले पहले एशियाई

विनोद कुमार शुक्ल कविता और उपन्यास लेखन के लिए गजानन माधव मुक्तिबोध फेलोशिप, रजा पुरस्कार, वीरसिंह देव पुरस्कार, सृजनभारती सम्मान, रघुवीर सहाय स्मृति पुरस्कार, दयावती मोदी कवि शिखर सम्मान, भवानीप्रसाद मिश्र पुरस्कार, मैथिलीशरण गुप्त सम्मान, पं. सुन्दरलाल शर्मा पुरस्कार जैसे कई पुरस्कारों से सम्मानित थे। उन्हें उपन्यास 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' के लिए 1999 में 'साहित्य अकादमी' पुरस्कार भी मिला था। हाल के वर्षों में उन्हें मातृभूमि बुक ऑफद ईयर अवॉर्ड भी दिया गया। पिछले ही साल उन्हें पेन अमेरिका ने अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के लिए नाबोकॉव अवॉर्ड से सम्मानित किया था। एशिया में इस सम्मान को पाने वाले वे पहले साहित्यकार थे।

आज बेबाक

मनरेगा का नाम बदला गया और उसमें राम का नाम आ गया तो विपक्षी नेताओं के पेट में दर्द उठने लगा है। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह इस पर विवादास्पद टिप्पणी की है कि राम के नाम में चरित्र होना चाहिए वरना हराम में भी राम होता है। टीएमसी के एक विधायक तो और भी दो कदम आगे निकले उन्होंने भगवान श्री राम को मुसलमान बता दिया और भक्तों को चुनौती दे दी कि वे भगवान राम को हिंदू साबित करके दिखाएं। प्रसंगवश याद आता है यह गाना- देखो ओ दीवानों तुम ये काम न करो, राम का नाम बदनाम न करो...।

जन-केंद्रित राष्ट्रीय सुरक्षा से बनेगा विकसित भारत: राष्ट्रपति मुर्मू

नई दिल्ली (आईएएनएस)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को नई दिल्ली में 'जन-केंद्रित राष्ट्रीय सुरक्षाः विकसित भारत के निर्माण में सामुदायिक भागीदारी' विषय पर आईबी शताब्दी एंडोमेंट लेक्चर को संबोधित किया। राष्ट्रपति ने कहा कि यह गर्व की बात है कि स्वतंत्रता के बाद से, आईबी भारत के लोगों को सुरक्षा प्रदान करने और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने में शानदार भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि इस लेक्चर का विषय 'जन-केंद्रित राष्ट्रीय सुरक्षाः विकसित भारत के निर्माण में सामुदायिक भागीदारी' हमारे देश के लिए तात्कालिक और दीर्घकालिक महत्व का है।

श्रीलंका को 45 करोड़ डॉलर का भारत देगा: जयशंकर

कोलम्बा (वार्ता)। भारत ने चक्रवात 'दितवाह' से हुई तबाही से उबरने में श्रीलंका की मदद के लिए 45 करोड़ डॉलर के राहत एवं पुनर्निर्माण पैकेज की घोषणा की है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यह जानकारी मंगलवार को दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष दूत के रूप में कोलंबो पहुंचे डॉ जयशंकर ने श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुर कुमारा दिसानायके को प्रधानमंत्री का पत्र सौंपा, जिसमें इस सहायता का विवरण दिया गया है। इस पैकेज में 35 करोड़ डॉलर की रियायती ऋण सहायता और 10 करोड़ डॉलर की अनुदान राशि शामिल है। विदेश मंत्री ने श्रीलंका के विदेश मामलों के मंत्री विजिता हेराथ के साथ भी बैठक की, जिसमें सहायता को शीघ्रता से पहुंचाने और देश की पुनर्निर्माण प्राथमिकताओं पर चर्चा भी की गयी। विशेष दूत के रूप में और राष्ट्रपति के लिए संदेश लेकर हम उनसे मिले।

छत्तीसगढ़, एमपी और केरल का ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी

छग के 27.34 लाख सहित 3 राज्यों के 94.16 लाख वोटर्स के नाम कटे

नई दिल्ली/रायपुर/भोपाल/नव प्रदेश। छत्तीसगढ़ में एसआईआर के बाद चुनाव आयोग ने ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी कर दी है। जहां 27 लाख 34 हजार 817 मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। 6 लाख 42 हजार 234 मतदाता की मृत्यु हो गई है। 19 लाख 13 हजार 540 मतदाता अनुपस्थित पाए गए। 1 लाख 79 हजार 43 मतदाता के नाम 2 जगहों पर थे।

1 करोड 84 लाख 95 हजार 920 मतदाताओं से गणना प्रपत्र जमा हुआ। मंगलवार से 22 जनवरी तक दावा आपत्ति जमा किया जा सकेगा। मध्य प्रदेश की एसआईआर ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की, जिसमें से 42.74 लाख नाम हटाए गए हैं। इसमें 19.19 लाख पुरुष, 23.64 लाख महिलाएं हैं।

लिस्ट में 8.46 लाख मृत, 8.42 लाख अनुपस्थित, 22.78 लाख शिफ्ट और 2.76 लाख डुप्लिकेट पाए गए। इसके अलावा केरल में 24.08 लाख नाम कटे। वहीं केरल विधानसभा की सभी 140 सीटों पर 2026 में चुनाव होना है। इससे पहले चुनाव आयोग ने 7 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेश- पश्चिम बंगाल, राजस्थान, तमिलनाडु, गुजरात, गोवा, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की थी। इन राज्यों में अलग-अलग कारणों से कुल 2 करोड़ 70 लाख से ज्यादा नाम हटाए गए थे। इनमें सबसे ज्यादा 97 लाख तमिलनाडु से फिर गुजरात से 73 लाख, बंगाल से 58 लाख और राजस्थान से 44 लाख नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में से बाहर किए गए हैं।

लिस्ट राजनीतिक दलों के साथ साझा की जाएगी: ड्राफ्ट और फाइनल वोटर लिस्ट, दावा-आपत्ति की सूची वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। राजनीतिक दलों के साथ साझा होगी। ईआरओ के फैसले के खिलाफ जिला मजिस्ट्रेट और फिर सीईओ के पास अपील का प्रावधान भी रहेगा। अगर किसी मतदाता के दस्तावेज रिकॉर्ड से मेल नहीं खाते, तो ईआरओ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पहले 7 राज्यों से 2.70 करोड़ नाम कटे थे



3 राज्यों की वोटर लिस्ट से 94.16 लाख नाम कटे

राज्य	ड्राफ्ट	नाम कटे
मध्य प्रदेश	5.74 करोड़	42.74 लाख
छत्तीसगढ़	2.12 करोड़	27.34 लाख
केरल	2.78 करोड़	24.08 लाख

एसआईआर वाले राज्यों में विधानसभा चुनाव कब

- 2026 प. बंगाल, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी
- 2027 गोवा, गुजरात, उत्तर प्रदेश
- 2028 छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान

नोट- अंडमान निकोबार, लक्षद्वीप में विधानसभा नहीं।

धर्मांतरण और सामाजिक अशांति के विरोध में आज 'छत्तीसगढ़ बंद'

■ सर्व समाज ने खोला मोर्चा-आरोप लगाते हुए रखी 5 सूत्रीय मांग

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बढ़ती सामाजिक अशांति, जनजातीय आस्था पर प्रहार और ईसाई मिशनरियों द्वारा कथित संगठित धर्मांतरण के विरोध में 'सर्व समाज' ने 24 दिसंबर को प्रदेशव्यापी बंद का आह्वान किया है। मंगलवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में समाज के प्रमुखों ने शासन-प्रशासन पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए अपनी 5 सूत्रीय मांगें रखीं।

क्यों बुलाया गया छत्तीसगढ़ बंद?: सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि कांकेर जिले के आमाबेड़ा में हाल ही में हुई घटना कोई इकलौती घटना नहीं है। एक निश्चित पैटर्न के तहत ईसाई मिशनरियों और कन्वर्जन-प्रेरित समूहों द्वारा सुनियोजित ढंग से विवाद पैदा किया जा रहा है। समाज का आरोप है कि पाँचवीं अनुसूची के प्रावधानों और ग्राम सभा की शक्ति को नजरअंदाज कर जनजातीय परंपराओं को चोट पहुँचाई जा रही है।

ये 5 प्रमुख मांगें

धर्म स्वातंत्र्य विधेयक: प्रदेश में प्रलोभन और दबावपूर्ण धर्मांतरण को रोकने के लिए 'धर्म स्वातंत्र्य विधेयक' को तत्काल और सख्ती से लागू किया जाए।
दोषियों पर कार्रवाई: आमाबेड़ा हमले के जिम्मेदार भीम आर्मी के तत्वों और कनवर्टेड समूहों पर कठोर धाराओं के तहत कार्रवाई हो।
एसपी का निलंबन: कांकेर एसपी इंदिरा कल्याण एलेसेला का केवल तबादला पर्याप्त नहीं है, उन्हें तत्काल निलंबित कर उनकी भूमिका की उच्च स्तरीय जांच की जाए।
प्रशासनिक अधिकारियों पर गाज: पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने वाले एसडीएम ए.एस. पैकरा और तहसीलदार सुधीर खलखो को निलंबित किया जाए।
मुकदमे वापसी और मुआवजा: ग्रामीणों पर दर्ज किए गए आपराधिक मामले वापस लिए जाएं और हिंसा से पीड़ित लोगों को समुचित मुआवजा दिया जाए।

ओडिशा में छत्तीसगढ़ के 22 नक्सलियों ने किया समर्पण

■ एक करोड़ का इनाम, एके-47 जैसे हथियार सौंपे

रायपुर/नवप्रदेश। नक्सल मामलों को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। छत्तीसगढ़ के 22 नक्सलियों ने ओडिशा पुलिस के सामने सरेंडर किया है। एक-47, इंसास समेत कुल नौ हथियारों के साथ सरेंडर करने सभी नक्सली पहुंचे थे। इन नक्सलियों पर एक करोड़ 84 लाख 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। ये नक्सली कई हिंसक घटनाओं में संलिप्त रहे हैं। बताया जाता है कि ये सभी नक्सली बस्तर संभाग में कई अपराधिक घटनाओं में शामिल रह चुके हैं। इन पर पुलिस ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बांग्लादेशी हिंदू युवक की हत्या का भारत में विरोध

■ विश्व हिंदू परिषद का 6 शहरों में प्रदर्शन, ढाका में भारतीय उच्चायुक्त तलबे

नई दिल्ली/ढाका। बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद देशभर में प्रदर्शन कर रही है। आज सुबह विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमीशन के बाहर प्रदर्शन किया। दिल्ली के अलावा विश्व हिंदू परिषद ने मुंबई, कोलकाता, अहमदाबाद, भोपाल और जम्मू में रैली निकालकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।

बांग्लादेश में 18 दिसंबर की रात हिंदू युवक दीपू चंद्र की हत्या कर दी गई थी। पहले यह दावा किया जा रहा था कि दीपू ने फेसबुक पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणी की थी, लेकिन शुरुआती जांच में इसका कोई सबूत नहीं मिला। इस बीच बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया है। यह एक 10 दिन में दूसरी बार है, जब भारतीय उच्चायुक्त को बुलाया गया है। बांग्लादेशी छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद भारत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

नए साल में संसद में 'जीरो' हो जाएगी बसपा, 36 साल में पहली बार होगा ऐसा

फ्री ट्रेड एग्रीमेंट | भारत-न्यूजीलैंड एफटीए: आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने 20 अरब डॉलर के निवेश

भारत का पहला महिलाओं के नेतृत्व वाला मुक्त व्यापार समझौता: पीएम

नई दिल्ली (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत-न्यूजीलैंड फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) एक ऐतिहासिक समझौता है और यह देश का पहला महिलाओं के नेतृत्व वाला एफटीए है। पीएम मोदी ने बताया कि इस एफटीए के लिए न्यूजीलैंड से बातचीत हेतु बनाई गई पूरी टीम की सभी सदस्य महिलाएं ही थीं।

पीएम मोदी ने केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा लिखित एक आर्टिकल शेयर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया, जिसमें बताया गया है कि भारत के मुक्त व्यापार समझौते आज केवल शुल्क कटौती से कहीं अधिक हैं और यह अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और लाखों लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के व्यापक मिशन का हिस्सा हैं। पीएम ने कहा, ÷उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता एक ऐतिहासिक उपलब्धि है क्योंकि यह भारत का पहला महिला नेतृत्व वाला मुक्त व्यापार समझौता है। वार्ता टीम में लगभग सभी महिलाएं शामिल थीं। यह मुक्त व्यापार समझौता भारत की व्यापार कूटनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ है, जो व्यापक आर्थिक सहयोग के नए रास्ते खोलता है। भारतीय वस्तुओं के लिए बेहतर बाजार पहुंच सुनिश्चित करके, सेवाओं और परिवहन में अवसरों का विस्तार करके और कृषि, निवेश एवं उभरते क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करके, यह समझौता अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में ठोस और व्यापक लाभ प्रदान करता है।

एफटीए के तहत भारतीय एक्सपोर्ट पर 100 प्रतिशत ड्यूटी खत्म हो जाएगी, साथ ही लंबे समय तक आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने के लिए 15 सालों में 20 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता भी है। न्यूजीलैंड का मार्केट एक्सेस ऑफर एंट्री इनटू फोर्स (ईआईएफ) ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पांच वर्षों में 7 देशों के साथ फ्री ट्रेड डील

भारत और न्यूजीलैंड के बीच इस व्यापारिक समझौते पर बातचीत करीब 10 साल तक ठप रही थी। इस साल मार्च में दोनों देशों ने फिर से वार्ता शुरू की और सिर्फ9 महीनों के भीतर समझौते को अंतिम रूप दे दिया। इससे पहले भारत ऑस्ट्रेलिया और यूएई के साथ भी ऐसे समझौते कर चुका है। बीते पांच वर्षों में भारत ने कुल 7 देशों के साथ फ्री ट्रेड डील पर हस्ताक्षर कर चुका है।

ट्रम्प ने सालभर में 18 हजार करोड़ चंदा लिया

वॉशिंगटन/ए.। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद उनकी टीम ने बड़े पैमाने पर चंदा जुटाया है। न्यूयॉर्क टाइम्स की जांच में सामने आया है कि चुनाव के बाद ट्रम्प और उनके करीबियों ने करीब 2 अरब डॉलर (18 हजार करोड़ रुपए) अलग-अलग फंड और योजनाओं के लिए इकट्ठा किए। यह रकम उनके इलेक्शन कैंपेन के लिए जुटाई गई राशि से भी ज्यादा है। रिपोर्ट के मुताबिक सरकारी कागजात, फंडिंग रिकॉर्ड और कई लोगों से बातचीत करके पता लगा कि कम से कम 346 बड़े दानदाता ऐसे हैं।

न्यूज गैलरी

तेंदुए का शिकार: कुंए में मिली लाश, पंजे उखाड़ ले गए शिकारी

धमतरी/नवप्रदेश। राज्य में वन्यजीवों के शिकार की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। सोमवार रात धमतरी वनमंडल के उत्तरी सिरपुर में तेंदुए के शिकार की घटना सामने आई है। तेंदुए की बॉडी एक कुंए में पाई गई है। जब उसे बाहर निकालकर देख गया तो उसके पैर के चारों पंजे गायब मिले। तेंदुए के शिकार की पुष्टि वन अफसरों ने भी की है। तेंदुआ के शिकार की जानकारी मिलने के बाद वन अफसरों में हड़कंप मच गया है। शिकारियों की पतासाजी करने जंगल सफारी से डॉग स्क्वायड की टीम रवाना की गई है। वन विभाग के आला अफसरों की टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी हुई है। नवंबर से दिसंबर माह के भीतर 10 से अधिक वन्यजीवों के शिकार की घटनाएं सामने आई हैं। एक माह के भीतर सूरजपुर में बाघ के शिकार की घटना के साथ ही भोरमदेव में तेंदुआ, चार बायसन, खैरागढ़ में तेंदुआ तथा कवर्धा में बायसन, साथ ही बलौदाबाजार वनमंडल में बायसन का गला काटने तथा यूएसटीआर में सांभर एवं गोमर्डा में जंगली सूअर के शिकार की घटना सामने आ चुकी है।

70 वर्षीय बुजुर्ग की तालाब में डूबने से मौत, घर से निकला था नहाने

जगदलपुर/नवप्रदेश। जगदलपुर में कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम नानगुर हाटपदमुर में सोमवार शाम तालाब से एक बुजुर्ग का शव बरामद किया गया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि हाटपदमुर निवासी 70 वर्षीय कार्तिक राम घर से निकलकर कुछ दूरी पर स्थित तालाब गया था। तालाब में उतरते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। तालाब के पास कपड़े मिलने पर डूबने की आशंका जताई गई। सूचना पर एसडीआरएफ टीम ने तलाश कर शव बाहर निकाला। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

भ्रष्टाचार पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव का कड़ा रूख, तीन अभियंता तत्काल प्रभाव से निलंबित

रायपुर/नवप्रदेश। जीरो टॉलरेंस की नीति पर अमल करते हुए राज्य शासन ने भ्रष्टाचार में संलिप्तता और गिरफ्तारी पर लोक निर्माण विभाग के एक ईई और दो एसडीओ को निलंबित कर दिया है। विभाग ने बीजापुर के नेलसनार-कोडोली-मिरतुल-गंगालुर मार्ग के निर्माण कार्य में हुए भ्रष्टाचार के संबंध में गंगालूर थाने में अपराध पंजीबद्ध होने के बाद विवेचना के दौरान प्रकरण में संलिप्तता पर लोक निर्माण विभाग के संभाग सुकमा के कार्यपालन अभियंता हरनारायण पात्र, उपसंभाग क्रमांक-1 बीजापुर के अनुविभागीय अधिकारी प्रमोद सिंह तंवर और सेतु उपसंभाग जगदलपुर के अनुविभागीय अधिकारी संतोष दास को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने आज मंत्रालय से तीनों अभियंताओं के तत्काल प्रभाव से निलंबन के आदेश जारी किए हैं। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय प्रमुख अभियंता कार्यालय, नवा रायपुर निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

कार में आए हमलावर, टांगी से हाथ-पैर और गर्दन पर अटैक

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। जिसमें कारखाना मोहल्ला निवासी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और जनपद सदस्य, ठेकेदार, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अक्षय गर्ग पर जानलेवा हमला कर दिया गया। गम्भीर घायल गर्ग की मौत हो गई। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है जिसमें कारखाना मोहल्ला निवासी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और जनपद सदस्य, ठेकेदार, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अक्षय गर्ग पर जानलेवा हमला कर दिया गया। गम्भीर घायल गर्ग की मौत हो गई। प्रारंभिक तौर पर जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक, आज सुबह करीब 9-10 बजे के मध्य जब वे ग्राम केशलपुर अपनी पीएमजीएसवाई सड़क निर्माण की साइट पर थे। तभी एक काले रंग की कार में सवार होकर पहुंचे करीब तीन लोगों ने उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमला धारदार हथियारों से किया गया।उनके हाथ, सिर, गर्दन, पेट, पीठ और शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट के गंभीर निशान हैं। उन्हें गंभीर हालत में उपचार के लिए स्थानीय कटघोरा के अस्पताल लाया जा रहा था। किन्तु रास्ते में दमतोड़ दिया। अस्पताल में चिकित्सक ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। इस नृशंस हत्या की घटना से कटघोरा सहित जिले भर में सनसनी फैल गई है। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में शोक मिश्रित आक्रोश और भय व्याप्त है। परिजन सहित शुभचिंतक और बड़ी संख्या में कटघोरावासी अस्पताल के सामने मौजूद हैं। कटघोरा थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे हुए हैं। हालात पर नजर रखी जा रही है। जिला पुलिस के आला अधिकारियों की कटघोरा व घटनास्थल की ओर रवाना होने की खबर है। बताया जा रहा है कि पुरानी रंजीत के चलते या घटना सामने आई है।

दो पूर्व चीफ सेक्रेटरी समेत 7 आईएएस अफसरों को तलब करेगी सीबीआई

रायपुर/नवप्रदेश। समाज कल्याण घोटाले की जांच सीबीआई कर रही है। अब तक की जांच में एसआरसी के खर्चों की पड़ताल की गई है और कुछ अनियमितता भी पाई गई है। सीबीआई इस मामले में जल्द ही विभाग के रिटायर्ड अफसरों को तलब कर सकती है। घोटाले में फर्जी एनजीओ बनाकर सरकारी फंड का दुरुपयोग हजार करोड़ की हेराफेरी किया गया। करीब एक का आरोप लगाया गया है। घोटाले में आईएएस अधिकारी की संलिप्तता का आरोप है। सीबीआई की टीम ने तीन माह पहले ही समाज कल्याण विभाग के कार्यालय से सारी फाइलें जब्त कर ली थीं। हाईकोर्ट के आदेश पर समाज कल्याण घोटाले की जांच चल रही है। बताया जाता है कि, दिव्यांगों के कल्याण के लिए केन्द्रीय अनुदान की जानकारी ली गई है। दिव्यांगों के कल्याण के लिए स्टेट रिसोर्स सेंटर नाम से एनजीओ बनाया गया था, इसका माना में कार्यालय है।

कुख्यात गैंगस्टर मयंक सिंह को आज रायपुर लाएगी पुलिस, कोर्ट में करेगी पेश

- **कोर्ट में पेश किया जाएगा, कारोबारी के दफ्तर पर गोली चलवाने का आरोप, लॉरेंस-बिश्नोई से संबंध**

रायपुर/नवप्रदेश। झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर मयंक सिंह को जल्द ही छत्तीसगढ़ लाया जाएगा। बताया जा रहा है कि 24 दिसंबर को उसे रायपुर कोर्ट में पेश किया जाएगा। कोर्ट ने उसके खिलाफ प्रोडक्शन वारंट जारी किया है। मयंक सिंह अमन साव गैंग का सदस्य है। मयंक सिंह पर रायपुर के कोयला कंस्ट्रक्शन कारोबारी प्रहलाद राय और पीआर ग्रुप के संचालक के कार्यालय पर गोली चलवाने का आरोप है। फिलहाल वह झारखंड की जेल में बंद है, जहां दर्ज मामलों के चलते उसे न्यायिक हिरासत में रखा गया है। छत्तीसगढ़ पुलिस की नजर भी उस पर टिकी है, क्योंकि राज्य में भी उसके खिलाफ कई गंभीर अपराध दर्ज हैं।

लॉरेंस बिश्नोई से है संबंध: मयंक सिंह को गैंगस्टर अमन साव का करीबी माना जाता रहा है, जबकि चर्चा ये भी है कि वह लॉरेंस बिश्नोई के बचपन का दोस्त है। हाल ही में उसे इंटरपोल की मदद से अजरबैजान से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया है। झारखंड का यह पहला मामला है, जिसमें किसी गैंगस्टर को विदेश से प्रत्यर्पण कर देश वापस लाया गया हो। रांची एयरपोर्ट से जेल तक उसे बख्तरबंद वाहन में कड़ी सुरक्षा के बीच ले जाया गया था।

45 से अधिक केस है दर्ज: पुलिस के अनुसार, मयंक सिंह पर हत्या, रंगदारी, धमकी, फायरिंग और आपराधिक साजिश जैसे करीब 45 से अधिक छोटे-बड़े मामले दर्ज हैं। वह लंबे समय तक विदेश में रहकर अपने नेटवर्क का संचालन कर रहा था। जानकारी ये भी है कि मयंक सिंह ने उद्योगपतियों, कारोबारियों और नेताओं से भी रंगदारी मांगी थी। राजस्थान में एक कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री से रंगदारी भी वह मांग चुका है। अमन साव गैंग से उसके गहरे संबंध रहे हैं। अमन साव का पहले ही एनकाउंटर हो चुका है, ऐसे में मयंक सिंह को पुलिस इस नेटवर्क की अहम कड़ी मान रही है।

कुख्यात गैंगस्टर मयंक सिंह अभी झारखंड जेल में बंद

कारोबारी के दफ्तर पर चलाई थी गोली

जुलाई 2024 में रायपुर के कोयला कंस्ट्रक्शन कारोबारी प्रहलाद राय और पीआर ग्रुप के संचालक के कार्यालय पर गोली चली थी। इसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था। बाइक सवार आरोपी ने 2 बार फायरिंग की थी, जिसमें एक हवा में और दूसरी गोली कार पर की गई थी। आरोप है कि मयंक सिंह ने यह गोली चलवाई थी, वह इस घटना का मुख्य आरोपी है।

छत्तीसगढ़ में अवैध धान पर सख्ती

जिला प्रशासन की टीम का छापा अवैध परिवहन 48 कट्टे धान जब्त

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिले में धान खरीदी जोरो-शोरों पर चल रही है। ऐसे में अवैध धान खरीदी रोकने और वैध किसानों के धान खरीदने प्रशासनिक अमला निरंतर कार्य कर रहा है। दादरखुर्द धान खरीदी केंद्र में धान बेचने लेकर पहुंचे किसान का 129 क्विंटल धान कोरबा तहसीलदार ने मौके पर जांच कर वापस लौटा दिया और किसान पाल सिंह डहरिया को सख्त हिदायत दी गई कि इस प्रकार का खराब धान लेकर नहीं आएं। साफ धान बेचने लेकर आए। तहसीलदार ने मौके मुआयना पर धान खरीदी केंद्र में किसी प्रकार की अनियमितता या किसानों को असुविधा नहीं हो रही और खरीदी पूर्ण पारदर्शिता के साथ होना बताया है। 129 क्विंटल धान वापसी और किसान पाल सिंह डहरिया के घर भौतिक सत्यापन कर संशोधन कर दुबारा टोकन जारी किया जायेगा।

बताया जा रहा है कि अवैध धान की खरीदी बिक्री पर रोक लगाने जिला प्रशासन सख्त नजर आ रही है। जिले में अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं, जो लगातार नजर रखे हुए हैं। इससे पहले भी जिला प्रशासन ने अवैध धान खरीदी और भंडारण पर रोक लगाते हुए कार्रवाई कर चुकी है। वहीं बिंझरा समिति के नोडल अधिकारी दीपक सिंह द्वारा ग्राम भांवर के पास छोटा पीकप वाहन में अवैध रूप से धान परिवहन करते हुए 48 कट्टी धान जब्त किया गया था। जब्त धान को संबंधित वाहन सहित भांवर सरपंच के सुपुर्द रखा गया था। विधिवत कार्रवाई करते हुए नायब तहसीलदार एवं सहायक खाद्य अधिकारी पोड़ी उपरोड़ा द्वारा उक्त जब्त धान को थाना बांगो के सुपुर्द किया गया। जांच के दौरान ग्राम बिंझरा निवासी शंभूशरण सिंह द्वारा 48 कट्टी धान को अपना बताया गया। स्वामी हक की भूमि के अनुसार, धान की मात्रा का भौतिक सत्यापन किया गया। जिसमें 140 कट्टी के विरुद्ध केवल 132 कट्टी धान पाया गया। इसके अतिरिक्त, जब्त 48 कट्टी धान के संबंध में संबंधित व्यक्ति द्वारा कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। मामले में नियमानुसार, आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पूर्व सीएम बघेल ने जांच एजेंसियों पर साधा निशाना

एजेंसियां पहले आंकड़ा तय करें, कभी 3 हजार करोड़, कभी साढ़े तीन हजार बोल रहे

रायपुर/नवप्रदेश। शराब घोटाले के मामले में चैतन्य बघेल के ख़िलाफ़पेश हुए चलान को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जांच एजेंसियों पर निशाना साधा है। पूर्व सीएम श्री बघेल ने कहा कि, दोनों एजेंसी पहले तय कर लें कि, 2 हजार करोड़ का आरोप है, 3 हजार करोड़ और फिर 3500 करोड़ का है। आकड़ा कभी बढ़ जाता है कभी घट जाता है। उन्होंने आगे कहा कि, जांच एजेंसियों ने जो संपत्ति जब्त की है वो कुल 200 करोड़ की है और वो भी पैतृक संपत्ति है। चैतन्य बघेल का नाम 7 चार्ज शीट में नहीं है। अब 8 वी चार्जेशीट में नाम डाला गया है। केवल दो लोगों के आपस के व्हाट्सप्प चेट के आधार पर आरोप लगा रहे है। ये पूरा एक षड्यंन्त है मुझे और मेरे परिवार को बदनाम करने का कांग्रेस पार्टी को बदनाम करने का।

मुलभूत समस्या से ध्यान जा रहा भटकायात: बांग्लादेश में हुई हिंसा की घटना के बाद राजधानी रायपुर में आज पुलिस ने अभियान चलाकर 100 लोगों को हिरासत में लिया है। इस श्री बघेल ने कहा कि, जो मुलभुत समस्या है, उससे भटकाने की कोशिश की जा रही है। ये सभी लोग यही के हैं और हज यात्रा में जा रहे थे। वहां मोबाइल तो चलता नहीं है, उन लोगों ने दूसरे ऐप्स का इस्तेमाल किया तो उन्हें बांग्लादेशी और रोहिंग्या मान लिया जा रहा है।

ट्रैक्टर-बाइक की आमने-सामने भिड़ंत, दो युवक घायल

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही। सारबहरा बायपास स्थित सुमन निकेतन रोड के पास बुधवार को ट्रैक्टर-ट्रॉली और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार सेमरा निवासी इकबाल खान, जो गौरेला के होंडा शोरूम में बाइक मिस्त्री के रूप में कार्यरत है, अपने एक साथी मिस्त्री के साथ किसी काम से सारबहरा बायपास की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने चल रहे ट्रैक्टर ने अचानक ब्रेक लगा दी। अचानक ब्रेक लगने से पीछे से आ रही बाइक अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहा पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के दौरान दोनों की हालत गंभीर बताई। सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें होने के कारण डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए दोनों घायलों को रायपुर एम्स अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे के बाद कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात भी प्रभावित रहा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए यातायात सामान्य कराया। गौरेला पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

अटल जयंती पर एमएलए रिकेश की पहल, वैशाली नगर में रोज़ाना 31 नि:शुल्क टेस्ट उपलब्ध

भिलाई/नवप्रदेश। वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए एक बड़ी स्वास्थ्य सुविधा की शुरुआत होने जा रही है। विधायक रिकेश सेन के शांति नगर स्थित कार्यालय में 25 दिसंबर से प्रतिदिन निःशुल्क ब्लड टेस्ट की सेवा उपलब्ध होगी।

यह सुविधा रोज़ सुबह 8 से 11 बजे तक जारी रहेगी और रिपोर्ट उसी दिन शाम को मिल जाएगी। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि यह पहल भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के 'सशक्त और स्वस्थ भारत' के सपने को साकार करने की दिशा में उठाया गया कदम है।

उनकी जयंती के अवसर पर शुरू की जा रही यह सुविधा आमजन के लिए सतत और पूरी तरह निःशुल्क रहेगी। इस पहल की खास बात यह है कि यह सेवा सिर्फ एक दिन या आयोजनभर नहीं होगी, बल्कि लगातार 3 वर्षों तक प्रतिदिन जारी रहेगी।

कड़ाके की सर्दी से कांपा पेंड्रा: साफ मौसम के बीच ठंडी हवाओं का असर

सुबह की ठंड में पेंड्रा में छाई हल्की धुंध

पेंड्रा/नवप्रदेश। पहाड़ी और वन क्षेत्रों में सर्द हवाओं का असर एक बार फिर तेज होता दिख रहा है। पेंड्रा और अमरकंटक में आज सुबह न्यूनतम तापमान करीब 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे लोगों को कड़ाके की ठंड का अहसास हुआ। मौसम साफ़ जरूर है, लेकिन हवा में ठिठुरन बनी हुई है। सुबह के समय आसमान पूरी तरह साफ़ रहा, जबकि दिन चढ़ने के साथ हल्की धूप निकलने की संभावना है। हालांकि तेज़ सर्द हवाओं के कारण तापमान बढ़ने के बावजूद ठंडक बरकरार रहेगी। दोपहर तक मौसम कुछ हद तक सुहावना महसूस हो सकता है।

पहाड़ी इलाकों में ज्यादा असर, शाम को फिर बढ़ेगी ठंड: अमरकंटक और आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों में ठंडी हवाओं का असर ज्यादा देखा जा रहा है। पेंड्रारोड और ग्रामीण इलाकों में पारा लगातार निचले स्तर पर बना हुआ है। शाम ढलते ही ठंड में और इजाफा होने की संभावना है, जिससे दिनभर की हल्की राहत भी खत्म हो सकती है।

दोपहर में मामूली बढ़ोतरी, लेकिन सतर्कता ज़रूरी: दिन के समय तापमान में थोड़ा इज़ाफा हो सकता है, लेकिन हवा की नमी और पहाड़ी ठंड लोगों को गर्म कपड़ों की जरूरत महसूस करवाती रहेगी। बुजुर्गों और बच्चों के लिए प्रशासन द्वारा सावधानी बरतने की सलाह दी जा सकती है।

अगले एक-दो दिन शीतलहर जैसे हालात सम्भव: मौसम विभाग के अनुसार, अगले एक-दो दिनों तक क्षेत्र में शीतलहर जैसे हालात बने रह सकते हैं। सुबह-शाम धुंध और सर्द हवाएं लोगों को परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने ठंड से बचाव के लिए गरम कपड़े पहनने, सुबह की सैर कम करने और गरम पेय पदार्थों का सेवन बढ़ाने की सलाह दी है, ताकि सर्दी-जुकाम और मौसमी बीमारियों से बचा जा सके।

अचानक कलेक्टर पहुंचे साइंस पार्क, व्यवस्था सुधारने दिए सख्त निर्देश

पार्क के बचे हुए कार्य पुन: शुरू करने और क्लीनिक की सफाई व्यवस्था में सुधार का आदेश

सुकमा/नवप्रदेश। कलेक्टर अमित कुमार ने सोमवार को जिले के कई शासकीय संस्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साइंस पार्क, डीपीआरसी और शासकीय स्पेशलिटी क्लीनिक (आयुर्वेद) में पाई गई कमियों पर अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

साइंस पार्क को पुन: शुरू करने के निर्देश: कलेक्टर ने सबसे पहले साइंस पार्क सुकमा का निरीक्षण किया और इसे पुनः संचालित करने के आदेश दिए। उन्होंने साफ-सफाई, पेंटिंग, मरम्मत और सोलर हाई-मास्ट लाइट की दुरुस्ती शीघ्र पूर्ण करने को कहा साथ ही उन्होंने कहा कि, पार्क शुरू होने से बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ेगी और उन्हें रोचक गतिविधियों के माध्यम से वैज्ञानिक ज्ञान प्राप्त होगा।

शहर के निकाय को दी जिम्मेदारी: उन्होंने नगरीय निकाय को पार्क की नियमित देखभाल सुनिश्चित करने, परिसर को आकर्षक व सुरक्षित बनाने और प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के स्पष्ट निर्देश दिए।

डीपीआरसी में गुणवत्ता और समय-सीमा पर जोर: कलेक्टर अमित कुमार ने जिला पंचायत संसाधन केंद्र का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने चल रहे मरम्मत कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और कहा कि सभी कार्य समय-सीमा के भीतर और गुणवत्तापूर्वक पूरे किए जाएं, ताकि कार्यालयीन कार्य प्रभावित न हों।

स्पेशलिटी क्लीनिक में सफाई पर नाराजगी

निरीक्षण के बाद कलेक्टर ने शासकीय स्पेशलिटी क्लीनिक (आयुर्वेद चिकित्सा) का जायजा लिया। उन्होंने पंजीयन व्यवस्था, स्टाफउपस्थिति और परिसर की साफ-सफाई देखी। सफाई व्यवस्था ठीक न मिलने पर उन्होंने अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट रूप से ये निर्देश दिए-

- आवश्यक मरम्मत कार्य जल्द पूरा हो
- पंजीयन प्रक्रिया सुचारू राखी जाए
- मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करि जाए
- कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि, सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए और कार्यों की नियमित समीक्षा अनिवार्य रूप से की जाए।

परेशान होने की जरूरत नहीं, 22 जनवरी 2026 तक की जा सकती है दावा-आपत्ति

एसआईआर: रायपुर में 5 लाख मतदाताओं के नाम कटे, अंतिम सूची 21 फरवरी को

22 जनवरी तक ली जाएगी दावा-आपत्ति

23 दिसंबर 2025 यानी आज से 22 जनवरी 2026 तक दावा-आपत्ति ली जाएंगी। 21 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची जारी होगी। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट सीईओ छत्तीसगढ़ की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी।

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में एसआईआर यानि वोटर पुनरीक्षण के पहले चरण का काम पूरा हो गया है। पहले चरण में 7 विधानसभाओं में 5 लाख से ज्यादा वोटर के नाम कटे हैं। रायपुर में सबसे ज्यादा 5 लाख 11 हजार लोगों के नाम कटे हैं। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों में 23 हजार वोटर नहीं मिले। वहीं 3 लाख 87 हजार लोग दूसरी जगह शिफ्ट हो गए। 14 हजार 311 ऑलरेडी एनरोल्ड हैं। इसके अलावा 2313 अतिरिक्त लोगों का काटा नाम भी कट गया है।

जारी हुआ एसआईआर ड्राफ्ट वोटर लिस्ट: भारत निर्वाचन आयोग छत्तीसगढ़ के ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित करने जा रहा है। इसके साथ ही 2026 में इन दोनों प्रदेशों में प्रस्तावित चुनावी प्रक्रिया की तैयारियों में एक और अहम कदम पूरा हो जाएगा। चुनाव आयोग के मुताबिक दोनों राज्यों में तैयार किए गए ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल्स को मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) और जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) के माध्यम से सभी मान्यता-प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ साझा किया जाएगा, ताकि वे तय समय में आपत्तियां, सुझाव और एतराज दर्ज करा सकें। आयोग ने यह निर्देश दिया है कि राजनीतिक दलों को मतदाता सूची की हार्ड कॉपी उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही पारदर्शिता और आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रारूप मतदाता सूची को सीईओ और डीईओ की आधिकारिक वेबसाइटों पर भी अपलोड किया जाएगा।

निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर चेक कर सकेंगे अपना नाम: निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक पर क्लिक करके आप अपना नाम देख सकेंगे। लिस्ट सर्चेबल मोड में होगी, जिसमें आप ईपीआईसी नंबर (वोटर आईडी नंबर), जिला, विधानसभा क्षेत्र, वार्ड/गांव और बूथ नंबर के जरिए अपना नाम खोज सकेंगे या पूरी सूची डाउनलोड कर सकेंगे।

राज्य सरकार ने जारी किया आदेश

राजकीय सम्मान के साथ होगा साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल का अंतिम संस्कार

रायपुर/नवप्रदेश। ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित छत्तीसगढ़ के प्रख्यात हिंदी साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल (89 वर्ष) का निधन आज रायपुर एम्स में हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को रायपुर में राजकीय सम्मान के साथ होगा। इसका आदेश सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गहरा दुख जताते हुए कहा है कि विनोद कुमार शुक्ल के निधन से प्रदेश को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने छत्तीसगढ़ का गौरव देश-दुनिया में बढ़ाया। छत्तीसगढ़ सरकार ने उनके अतुलनीय योगदान को समादर देते हुए उन्हें सम्पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दिए जाने का निर्णय लिया है।

विधानसभा अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री ने भी दी श्रद्धांजलि

डॉ. रमन सिंह: संपूर्ण भारतीय साहित्य जगत के लिए अपूरणीय क्षति: विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए लिखा, हृदय स्तब्ध है। विनोद जी का जाना केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारतीय साहित्य जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपनी कालजयी रचनाओं से हमारी साहित्यिक धरोहर को समृद्ध किया था।

भूपेश बघेल: हम सबके गौरव का जाना दुखद: पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शोक जताते हुए कहा, ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित, हम सबके गौरव श्री विनोद कुमार शुक्ल जी का जाना देश भर के लिए एक बड़ी क्षति है। मैं ईश्वर से उनकी दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करता हूँ।

डॉ. चरण दास महंत: साहित्यिक धरोहर को समृद्ध किया: नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि विनोद जी ने अपनी कालजयी रचनाओं से हमारी पहचान बनाई। उन्होंने ईश्वर से शोक संतप्त परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

एचपीसीएल के मैनेजर से 34 लाख की ठगी

टेलीग्राम पर इन्वेस्टमेंट का झांसा देकर फंसाया

■ अब पुलिस खंगाल रही ट्रांजेक्शन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी में साइबर ठगों ने एक पढ़े-लिखे उच्च पदस्थ अधिकारी को अपनी जालसाजी का शिकार बनाया है। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड मंदिर हसौद में कार्यरत मैनेजर से टेलीग्राम के जरिए करीब 34.48 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने 'PUPRIME' नामक इन्वेस्टमेंट प्लेटफॉर्म का लालच देकर पीड़ित को किश्तों में निवेश कराया और फिर रकम हड़प ली।

दोस्ती से शुरू हुआ ठगी का खेल: शिकायत के मुताबिक, सड्डू निवासी वेद प्रकाश बघेल (46), जो एम.टेक मैकेनिकल हैं और मंदिर हसौद स्थित एचपीसीएल में मैनेजर के पद पर पदस्थ हैं, के साथ यह धोखाधड़ी हुई। ठगी की शुरुआत 7 अक्टूबर 2025 को हुई, जब टेलीग्राम पर @shrinidii नाम की आईडी से 'श्री निधि' नाम की महिला/युवती ने उनसे संपर्क किया। धीरे-धीरे बातचीत बढ़ी और आरोपी ने पीड़ित को बेहतर रिटर्न का झांसा देकर PUPRIME नाम के एक इन्वेस्टमेंट प्लेटफॉर्म पर निवेश करने की सलाह दी।

मैनेजर ने पहली बार 20 अक्टूबर को 42,500 रुपये का निवेश किया। भरोसा जीतने के लिए ठगों ने उन्हें निवेश की गई राशि पर 89,250 रुपये का प्रॉफिट वापस भी किया। इस मुनाफे के जाल में फंसकर पीड़ित ने 20 अक्टूबर से 27 नवंबर के बीच अलग-अलग किश्तों में कुल 34,48,807 रुपये निवेश कर दिए। ये पैसे पुणे, दिल्ली, भुवनेश्वर और कटनी जैसे शहरों के अलग-अलग बैंक खातों (जैसे: इको हारवेस्ट एग्रो, एम एस जेएच बेरा ज्वलर्स, स्ट्रीट रेल ट्रेडिंग आदि) में ट्रांसफर किए गए।

क्रेडिट स्कोर का बहाना बनाकर रोकी रकम: जब पीड़ित ने अपनी मूल रकम और मुनाफा वापस निकालने की कोशिश की, तो ठगों ने नया पैंतरा चला। उन्होंने पीड़ित से कहा कि उनका 'बैंक क्रेडिट स्कोर' खराब हो गया है, इसलिए पैसा वापस नहीं किया जा सकता। उल्टा, ठगों ने उन पर और अधिक पैसा जमा करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। तब जाकर मैनेजर को अहसास हुआ कि वे एक बड़े साइबर फ्रॉड का शिकार हो चुके हैं। पीड़ित की लिखित शिकायत पर मंदिर हसौद पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

विधानसभा मार्ग पर अवैध कब्जा और गंदगी फैलाने वाली कबाड़ी दुकान सीलबंद

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर पालिक निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार तथा नगर निगम जोन 9 के जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा (सीनियर) के निर्देशानुसार आज जोन 9 क्षेत्र में सख्त कार्रवाई की गई। विधानसभा मार्ग में अवैध कब्जा कर भारी गंदगी फैलाने एवं नाली के निकास को अवरुद्ध किए जाने की जनशिकायत औचक निरीक्षण के दौरान सही पाए जाने पर संबंधित कबाड़ी दुकान को तत्काल सीलबंद किया गया। सहायक अभियंता सैयद जोहेब, उप अभियंता अतुल बंसल सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में जोन 9 नगर निवेश विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया।

राज्य कर्मियों को बिना प्रीमियम के 1.60 करोड़ का बीमा कवर

■ एसबीआई के साथ हुआ एमओयू

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के शासकीय कर्मचारियों को राज्य शासन ने बड़ी सौगात दी है। अब उन्हें बिना प्रीमियम के ही 1.60 करोड़ तक का बीमा कवर मिलेगा। राज्य शासन और भारतीय स्टेट बैंक के बीच स्टेट गवर्नमेंट सैलरी पैकेज को लेकर एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस एमओयू के तहत एसबीआई में वेतन खाता रखने वाले कर्मचारियों को करोड़ों रुपए का बीमा कवर पूरी तरह निःशुल्क मिलेगा। राज्य सरकार का दावा है कि नियमित शासकीय कर्मचारियों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है।

एमओयू के मुताबिक कर्मचारियों को एक करोड़ रुपए का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा, एक करोड़ 60 लाख रुपए का हवाई दुर्घटना बीमा, एक करोड़ रुपए का स्थायी पूर्ण दिव्यांगता बीमा, 80 लाख रुपए का आंशिक दिव्यांगता बीमा और 10 लाख रुपए का समूह जीवन बीमा दिया जाएगा। इन सभी बीमा सुविधाओं के लिए कर्मचारियों को कोई अतिरिक्त प्रीमियम नहीं देना होगा। इसके अलावा एसबीआई रुपे-कार्ड पर 1 करोड़ रुपए के बीमा कवर में अतिरिक्त 10 लाख रुपए का लाभ भी मिलेगा। स्वास्थ्य बीमा टॉप-अप जैसी सुविधाएँ रियायती दरों पर उपलब्ध कराई जाएंगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों की सुरक्षा और कल्याण के लिए लगातार ठोस फैसले ले रही है। एसबीआई के साथ यह एमओयू कर्मचारियों और उनके परिवार के लिए मजबूत सुरक्षा कवच साबित होगा। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि यह समझौता कर्मचारियों को आर्थिक जोखिम से बचाने की दिशा में अहम पहल है। बिना किसी अतिरिक्त खर्च के इतनी व्यापक बीमा सुविधाएँ मिलेंगी। गौरतलब है कि 22 दिसंबर को वित्त सचिव की मौजूदगी में एमओयू संपन्न हुआ। इस समझौते से राज्य के नियमित कर्मचारियों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं मिलेंगी। बल्कि दुर्घटना या आकस्मिक स्थिति में उन्हें और उनके परिवार को बड़ी आर्थिक राहत भी सुनिश्चित होगी।

टीम प्रहरी अभियान के तहत लालपुर चौक से 20 से अधिक ठेले हटाए गए

■ यातायात जाम से मिली नागरिकों को त्वरित राहत

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार तथा नगर निगम रायपुर आयुक्त विश्वदीप और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उम्मेद सिंह के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्र में चलाए जा रहे टीम प्रहरी जनहितकारी अभियान के तहत आज जोन 10 क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। नगर निगम जोन 10 के जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे के मार्गदर्शन में, सहायक अभियंता योगेश यदु, सुशील अहीर, उप अभियंता अजय श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़न दस्ता एवं जोन 10 नगर निवेश विभाग की संयुक्त टीम ने लालपुर ब्रिज के पास लालपुर चौक क्षेत्र में अभियान चलाया। इस दौरान मुख्य मार्ग पर यातायात बाधित कर रहे लगभग 20 से अधिक अवैध ठेलों को हटाया गया। अवैध ठेलों के कारण क्षेत्र में लगातार यातायात जाम की स्थिति बनी रहती थी। कार्रवाई के बाद मार्ग को कब्जामुक्त कर आवागमन को सुगम और सुव्यवस्थित बनाया गया, जिससे नागरिकों को तत्काल राहत मिली।

महापौर मीनल चौबे ने ली सभी 10 जोन अध्यक्षों की समीक्षा बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम मुख्यालय भवन में आज महापौर श्रीमती मीनल चौबे की अध्यक्षता में शहर के सभी 10 जोन अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य रायपुर शहर में नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा सफाई और पेयजल व्यवस्था की वास्तविक स्थिति की समीक्षा करना रहा।

बैठक में महापौर ने जोन स्तर पर निरंतर निगरानी रखते हुए बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल आपूर्ति की वर्तमान स्थिति की गहन समीक्षा करते हुए कहा कि शहर के प्रत्येक नागरिक तक नियमित और स्वच्छ पेयजल पहुंचाना नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

सभी जोन अध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्रों में रामकी कंपनी द्वारा संचालित डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था में वाहनों की संख्या कम होने की जानकारी महापौर को दी। इस पर जोन अध्यक्षों ने कचरा संग्रहण वाहनों की संख्या बढ़ाने की मांग रखी। महापौर ने कंपनी प्रबंधन को निर्देशित किया कि वाहनों की कमी को शीघ्र दूर कर नियमित एवं प्रभावी कचरा संग्रहण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

छत्तीसगढ़ को मिली पहली 8 लेन सड़क की सौगात, डीपीआर भी तैयार

■ अब रायपुर-बिलासपुर का सफर होगा आसान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ को जल्द ही प्रदेश की पहली 8 लेन सड़क की सौगात मिलने वाली है। रायपुर से बिलासपुर हाईवे को सिमगा तक 8 लेन में तब्दील करने की योजना पर काम तेज हो गया है। इसके लिए डीपीआर तैयार कर ली गई है।

अब रायपुर-बिलासपुर का सफर होगा आसान: करीब 126 किलोमीटर लंबी सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा, जिसे 3 साल के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। परियोजना पर लगभग 1000 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इस मार्ग के चौड़ीकरण का काम एनएचएआई करेगा। योजना के अनुसार रायपुर से सिमगा तक सड़क को 8 लेन में बदला जाएगा, जबकि सिमगा से बिलासपुर तक का हिस्सा 6 लेन का होगा।

8 लेन सड़क बनने से बचेगा समय: 8 लेन सड़क बनने से रायपुर और बिलासपुर के बीच यात्रा का समय घटेगा, जिससे आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। एनएचएआई अधिकारियों के अनुसार चौड़ीकरण के लिए अलग से भूमि अधिग्रहण की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि सड़क के दोनों ओर पहले से ही राष्ट्रीय राजमार की जमीन उपलब्ध है। करीब 126 किलोमीटर लंबे इस मार्ग का चौड़ीकरण तीन साल में पूरा करने का लक्ष्या तय किया गया है। रायपुर-बिलासपुर मार्ग प्रदेश का सबसे व्यस्त सड़क मार्ग माना जाता है। इस सड़क से रोजना करीब 40 से 45 हजार वाहन गुजरते हैं, जिनमें सबसे अधिक संख्या हल्के वाहनों की होती है। लगातार बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए लंबे समय से इस मार्ग को 8 और 6 लेन में विस्तारित करने की मांग की जा रही थी।

सुविचार

लोग आपको महत्व न दें तो टेंशन न लें क्योंकि अच्छे लोग और अच्छी किताबें सबके समझ में नहीं आती। - अज्ञात

रेल किराए में साल में दूसरी बार वृद्धि

इस साल जुलाई माह में लंबी दूरी की ट्रेनों में प्रति किलोमीटर एक पैसे से चार पैसे तक वृद्धि की गई थी। जिससे रेलवे को सात सौ करोड़ की आय हुई थी। इसके बाद भी ट्रेनों का आपरेशनल खर्च बढ़ने का हवाला देकर रेलवे ने साल में दूसरी बार रेल किराए में बढ़ौतरी करने का फैसला किया है। 26 दिसम्बर से रेल सफर और थोड़ा महंगा होने जा रहा है। इस बार लंबी दूरी की ट्रेनों में प्रति किलोमीटर एक से दो पैसे वृद्धि होने जा रही है। जिससे रेलवे को 600 करोड़ की आय होने का अनुमान लगाया गया है। रेलवे प्रबंधन के अनुसार रेल परिचालन और सुरक्षा के बढ़ते खर्चे को मद्देनजर रखते हुए किराये में बढ़ौतरी जरूरी थी। सुरक्षा का खर्च बढ़कर 2.63 करोड़ रुपये हो गया है। बहरहाल यह गनीमत है कि 215 किलोमीटर तक साधारण किराए में कोई वृद्धि नहीं की जा रही है और मासिक सीजन टिकट में कोई वृद्धि नहीं की गई है। नई वृद्धि के अनुसार 500 किलोमीटर पर अब टिकट के लिए दस रूपये अतिरिक्त देने पड़ेंगे। गौरतलब है कि देश में लगभग 13452 यात्री ट्रेनें चलती हैं जिनमें प्रतिदिन ढाई करोड़ से ज्यादा लोग यात्रा करते हैं। जबकि मालगाड़ी के परिचालन में भारतीय रेल दुनिया में दूसरे स्थान पर है। शायद यही वजह है कि यात्री ट्रेनों से ज्यादा मालगाड़ी को तरजीह दी जाती है। यात्री ट्रेनों को रोक कर मालगाड़ी को पहले निकाला जाता है। जिससे करोड़ों रेल यात्रियों को दिक्कत होती है उनका बहुमूल्य समय व्यर्थ नष्ट होता है। जब रेलवे अपनी कमाई बढ़ाने बार बार रेल किराए में वृद्धि कर रहा है तो उसे यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा का भी ध्यान रखना चाहिए।

महाराष्ट्र में महाअघाड़ी को करारा झटका

महाराष्ट्र के नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस और शिवसेना यूबीटी तथा शरद पवार की पार्टी के महाअघाड़ी गठबंधन को करारा झटका लगा है। 288 नगर परिषदों और नगर पंचायत के चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन को 215 सीटों पर ऐतिहासिक जीत मिली है जबकि महाअघाड़ी सिर्फ51 सीटों पर सिमट गई। सबसे ज्यादा 129 सीटें भाजपा को मिली है। विपक्ष लगातार भाजपा पर ईवीएम में गड़बड़ी कर चुनाव जीतने का आरोप लगाता रहा है लेकिन महाराष्ट्र में नगरीय निकाय चुनाव तो बैलेट पेपर से हुआ है फिर महाअघाड़ी का सुपड़ा साफ हो गया। इससे स्पष्ट है कि महाअघाड़ी पर जनता का भरोसा ही नहीं रहा है। अब 15 जनवरी को मुंबई महानगर पालिका सहित 28 नगर निगमों के लिए मतदान होगा जिसमें महाअघाड़ी की अग्नि परीक्षा होगी।

उपभोक्ता जागरूकता से समृद्ध समाज की ओर

योगेश कुमार गोयल

कोई वस्तु अथवा सेवा लेते समय हम धन का भुगतान तो करते हैं पर बदले में उसकी रसीद नहीं लेते। शोषण से मुक्ति पाने के लिए सबसे जरूरी है कि आप जो भी वस्तु, सेवा अथवा उत्पाद खरीदें, उसकी रसीद अवश्य लें। यदि आपके पास रसीद के तौर पर कोई सबूत ही नहीं है तो आप अपने मामले की पैरवी सही ढ़ंग से नहीं कर पाएंगे। पिछले कुछ वर्षों में ऐसे अनेक मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें उपभोक्ता अदालतों से उपभोक्ताओं को पूरा न्याय मिला है लेकिन आपसे यह अपेक्षा तो होती ही है कि आप अपनी बात अथवा दावे के समर्थन में पर्याप्त सबूत तो पेश करें। उपभोक्ता अदालतों की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि इनमें लंबी-चौड़ी अदालती कार्रवाई में पड़े बिना ही आसानी से शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। यही नहीं, उपभोक्ता अदालतों से न्याय पाने के लिए न तो किसी प्रकार के अदालती शुल्क की आवश्यकता पड़ती है और मामलों का निपटारा भी शीघ्र होता है।

उपभोक्ताओं के विभिन्न हितों और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए देश में प्रतिवर्ष 24 दिसम्बर को 'राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस' मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, उनके हितों के लिए बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियमों तथा उनके अंतर्गत आने वाले कानूनों की जानकारी देना है। दरअसल ऑनलाइन खरीददारी हो या ऑफलाइन, ग्राहकों को कई बार सामान की गड़बड़ी अथवा अन्य प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है और इसी तरह की समस्याओं से उन्हें निजात दिलाने तथा उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है।

हालांकि वर्ष 2020 तक विभिन्न ई-कॉमर्स साइटों से ऑनलाइन खरीददारी को लेकर उपभोक्ताओं को कोई संरक्षण प्राप्त नहीं था लेकिन उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019 (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) में ई-कॉमर्स को भी दायरे में लाकर उपभोक्ताओं को और मजबूती देने का प्रयास किया गया। पुराना उपभोक्ता संरक्षण कानून करीब साढ़े तीन दशक पुराना हो चुका था, जिसमें समय के साथ बड़े बदलावों की जरूरत महसूस की जा रही थी। इसीलिए ग्राहकों के साथ अक्सर होने वाली धोखाधड़ी को रोकने और उपभोक्ता अधिकारों को ज्यादा मजबूती प्रदान करने के लिए 20 जुलाई 2020 को 'उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019' (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) लागू किया गया, जिसमें उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की ठगी और धोखाधड़ी से बचाने के लिए कई प्रावधान शामिल हैं।

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस वास्तव में उपभोक्ताओं को उनकी शक्तियों और अधिकारों के बारे में जागरूक करने का महत्वपूर्व अवसर है। भारत में उपभोक्ता आन्दोलन की शुरूआत मुम्बई में वर्ष 1966 में हुई थी। तत्पश्चात् पुणे में वर्ष 1974 में ग्राहक पंचायत की स्थापना के बाद कई राज्यों में उपभोक्ता कल्याण के लिए संस्थाओं का गठन किया गया। इस प्रकार उपभोक्ता हितों के संरक्षण की दिशा में यह आन्दोलन आगे बढ़ता गया।

तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पहल पर 9 दिसम्बर 1986 को उपभोक्ता संरक्षण विधेयक पारित किया गया, जिसे राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बार 24 दिसम्बर 1986 को देशभर में लागू किया गया। पिछले कई वर्षों से भारत में प्रतिवर्ष इसी दिन राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण दिवस मनाया जा रहा है।

यह दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए और अगर वे धोखाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली इत्यादि के शिकार होते हैं तो वे इसकी शिकायत उपभोक्ता अदालत में कर सकें।

उपभोक्ता संरक्षण कानून में स्पष्ट उल्लेख है कि प्रत्येक वह व्यक्ति उपभोक्ता है, जिसने किसी वस्तु या सेवा के क्रय के बदले धन का भुगतान किया है या भुगतान करने का आश्वासन दिया है और ऐसे में किसी भी प्रकार के शोषण अथवा उत्पीड़न के खिलाफवह अपनी आवाज उठा सकता है तथा क्षतिपूर्ति की मांग कर सकता है।

खरीदी गई किसी वस्तु, उत्पाद अथवा सेवा में कमी या उसके कारण होने वाली किसी भी प्रकार की हानि के बदले उपभोक्ताओं को मिला कानूनी संरक्षण ही उपभोक्ता अधिकार है। यदि खरीदी गई किसी वस्तु या सेवा में कोई कमी है या उससे आपको कोई नुकसान हुआ है तो आप उपभोक्ता फोरम में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम ने उपभोक्ताओं को छह प्रमुख अधिकार प्रदान किए हैं, जिनमें सुरक्षा का अधिकार के तहत खतरनाक वस्तुओं और सेवाओं से बचाव का अधिकार, सूचना का अधिकार के तहत वस्तुओं और सेवाओं की गुणवत्ता, मात्रा, शुद्धता और कीमत की सही जानकारी का अधिकार, विकल्प का अधिकार के तहत प्रतिस्पर्धात्मक कीमतों पर वस्तुओं और सेवाओं का चयन का अधिकार, सुने जाने का अधिकार के तहत उपभोक्ता की शिकायतों और समस्याओं पर ध्यान दिया जाना का अधिकार, निवारण का अधिकार के तहत उपभोक्ता की शिकायतों और समस्याओं पर ध्यान दिया जाना का अधिकार, उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार के तहत अनुचित व्यापार प्रथाओं और शोषण के खिलाफन्याय का अधिकार शामिल हैं। जहां तक उपभोक्ता की जिम्मेदारियां की बात है तो उपभोक्ताओं को चाहिए कि वे खरीदारी से पहले उत्पाद की गुणवत्ता और वैधता की जांच करें, नकली और घटिया उत्पादों से बचने के लिए प्रमाणित ब्रांड्स को ही प्राथमिकता दें, अपनी शिकायतों को दर्ज कराने में सक्रिय रहें, जागरूकता फैलाने में योगदान दें।

अगर उपभोक्ताओं का शोषण होने और ऐसे मामलों में उनके द्वारा उपभोक्ता अदालत की शरण लिए जाने के बाद मिले न्याय के कुछ मामलों पर नजर डालें तो स्पष्ट हो जाता है कि उपभोक्ता अदालतों का उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण में क्या योगदान है। दरअसल विभिन्न छोटी-बड़ी समस्याओं का सामना जीवन में कभी न कभी हम सभी को करना पड़ता है लेकिन अधिकांश लोग अपने अधिकारों की लड़ाई नहीं लड़ते। इसका प्रमुख कारण यही है कि देश की बहुत बड़ी आबादी अशिक्षित है, जो अपने अधिकारों और कर्त्तव्यों के प्रति अनभिज्ञ है।

हालांकि जब शिक्षित लोग भी अपने उपभोक्ता अधिकारों के प्रति उदासीन नजर आते हैं तो हैरानी होती है। यदि आप एक उपभोक्ता हैं और किसी भी प्रकार के शोषण के शिकार हुए हैं तो अपने अधिकारों की लड़ाई लड़कर न्याय पा सकते हैं।

भारत के नए मुक्त व्यापार समझौते रोजगार और समृद्धि बढ़ेगी

पीयूष गोयल

इस निवेश का अधिकांश हिस्सा कृषि, डेयरी, एमएसएमई, शिक्षा, खेल और युवाओं के विकास का समर्थन करेगा, जिससे व्यापक और समावेशी विकास सुनिश्चित होगा। यह समझौता एक ऐतिहासिक उपलब्धि है: यह भारत का पहला महिला-नेतृत्व वाला एफटीए है। वार्ता करने वाली पूरी टीम के सदस्यों में - मुख्य वार्ताकार और उपमुख्य वार्ताकार से लेकर वस्तु, सेवा, निवेश की प्रतिनिधि और न्यूजीलैंड में हमारी राजदूत तक ङ्क अधिकाँश महिलायें थीं। हमारी सक्षम महिलाएं प्रधानमंत्री के विकास एजेंडा में नेतृत्व भूमिका निभाने लगी हैं। भारत-न्यूजीलैंड एफटीए भारत की स्पष्ट रणनीति का उदाहरण है: विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ साझेदारी करना, जो भारतीय उत्पादों के साथ अनुचित प्रतिस्पर्धा किए बिना भारत के श्रम-प्रधान उद्योगों के लिए अपने बाजार खोलती हैं।

भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता (एफ्टीए) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की व्यापार कूटनीति में एक महत्वपूर्ण रणनीतिक कदम को प्रतिबिंबित करता है - यह रोजगार सृजन को तेज करता है, निवेश को बढ़ावा देता है और भारत के छोटे व्यवसायों, छात्रों, महिलाओं, किसानों और युवाओं के लिए परिवर्तनकारी अवसरों के द्वार खोलता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री महामहिम क्रिस्टोफर लक्सन द्वारा संयुक्त रूप से घोषित यह समझौता, मोदी सरकार किया गया सातवां एफ्टीए है और 2025 का तीसरा प्रमुख व्यापार समझौता है, जो ब्रिटेन और ओमान के साथ हुए ऐतिहासिक, लाभकारी समझौतों के बाद हुआ है। महत्वपूर्ण बात यह है कि ये सभी एफ्टीए विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ हैं, जिनकी प्रति व्यक्ति आय भारत से काफी अधिक है। यह एफ्टीए वैश्विक व्यापार वार्ताओं में भारत की बढ़ती शक्ति और विश्वसनीयता को रेखांकित करता है। प्रत्येक समझौते पर सभी हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के बाद वार्ता की गई है, जिससे संतुलित परिणाम सामने आये हैं और विकसित दुनिया के साथ वास्तविक लाभकारी सहभागिता सुनिश्चित हुई है।

रोजगार, विकास और बाजार पहुंच

इस एफ्टीए का एक केंद्रीय स्तंभ रोजगार सृजन है। न्यूजीलैंड भारतीय निर्यात की शत-प्रतिशत पहुंच के लिए शून्य-शुल्क की सुविधा प्रदान करेगा, जिससे भारत के श्रम-गहन क्षेत्रों जैसे वस्त्र, चमड़ा, परिधान, जूते, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण, हस्तशिल्प और इंजीनियरिंग वस्तुओं को अत्यधिक बढ़ावा मिलेगा। इसका सीधा लाभ भारतीय श्रमिकों, कारीगरों, महिला उद्यमियों, युवाओं और एमएसएमई क्षेत्र को मिलेगा। भारत ने अपनी बाजार पहुँच और सेवाओं की पेशकश को भी सुरक्षित किया है, जिसमें दूरसंचार, निर्माण, आईटी, वित्तीय सेवाएं, यात्रा और पर्यटन समेत 118 सेवा क्षेत्रों को शामिल किया गया है। यह विस्तारित पहुंच, भारतीय पेशेवरों और व्यवसायों के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार और विकास के नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगी।

पेशेवरों, छात्रों और युवाओं के लिए अवसर

इस समझौते में भारतीय पेशेवरों और छात्रों के लिए प्रवेश और रहने के बेहतर प्रावधान हैं। यह समझौता अध्ययन के दौरान काम करने के अवसर, अध्ययन के बाद रोजगार और एक सुव्यवस्थित कार्य-अवकाश (वर्किंग-हॉलिडे) वीज़ा व्यवस्था को सक्षम बनाता है। एसटीईएम स्नातक और परास्नातक अब तीन वर्षों तक काम कर सकते हैं, जबकि डॉक्टरेट शोधकर्ता चार वर्षों तक काम कर सकते हैं, जिससे भारत के युवाओं के लिए अभूतपूर्व वैश्विक अनुभव और कैरियर के मार्ग खुलते हैं। एक नया अस्थायी रोजगार प्रवेश वीज़ा उन कुशल भारतीय पेशेवरों का समर्थन करता है, जो अंतरराष्ट्रीय अवसरों की तलाश में हैं।

किसानों की तरक्की

प्रधानमंत्री मोदी का विज़न स्पष्ट है: भारतीय किसानों को वैश्विक मंच पर सार्थक भूमिका निभानी चाहिए। एफ्टीए इस प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है।

इस समझौते के तहत सेब, कीवी और शहद को शामिल करते हुए एक कृषि उत्पादन साझेदारी स्थापित की गई है, जिसका उद्देश्य घरेलू उत्पादकता और किसानों की आय बढ़ाना है। न्यूजीलैंड ने बासमती चावल के लिए जीआई स्तर सुरक्षा देने की भी प्रतिबद्धता जताई है, जिससे भारतीय चावल किसानों को मजबूत समर्थन मिलेगा। महत्वपूर्ण रूप से, भारत ने सुनिश्चित किया है कि चावल, डेयरी, गेहूं, सोया और अन्य प्रमुख कृषि उत्पाद जैसे संवेदनशील क्षेत्र पूरी तरह से सुरक्षित रहें और किसी भी बाज़ार के खुलने से घरेलू आजीविका को कोई नुकसान ना पहुंचे।

अभिनव एफ्टीए और निवेश प्रतिबद्धताएं

भारत के एफ्टीए आज सिर्फ शुल्क-कटौती से कहीं आगे बढ़ गये हैं। ये एफ्टीए किसान, एमएसएमई, महिलाओं और युवाओं के लिए नए अवसर खोलने के उपाय हैं, साथ ही ये राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा भी करते हैं। विभिन्न व्यापार समझौतों से भारतीय निर्यात तत्काल या तेज शुल्क उन्मूलन के जरिये लाभान्वित होता है, जबकि भारत के अपने बाजार का खुलना सोच-समझकर और धीरे-धीरे हो रहा है। न्यूजीलैंड ने अगले 15 वर्षों में 20 बिलियन डॉलर के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की प्रतिबद्धता जताई है, जो भारत के ईएफ्टीए देशों-स्विट्ज़रलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टाइन-के साथ हुए एफ्टीए के निवेश से जुड़े अभिनव प्रावधानों को दर्शाता है। न्यूजीलैंड के लिए, यह भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में एक बड़े छलांग का प्रतीक है। पिछले 25 वर्षों में, न्यूजीलैंड ने भारत में लगभग 643 करोड़ रुपये का निवेश किया है। नई प्रतिबद्धता - अगले 15 वर्षों में लगभग 1.8 लाख करोड़ रुपये - एक महत्वपूर्ण विस्तार का प्रतिनिधित्व करती है, जिसमें निवेश लक्ष्यों को पूरा न करने पर दुबारा पूरा करने की व्यवस्था का प्रावधान है।

शिक्षा जन जागरण गीत

शिक्षा बहुत जरूरी है जन -जन को ये बताना है।
गाँव -गाँव ढाणी - ढाणी शिक्षा दीप जलाना है।।
डिजिटल युग में ऑनलाइन पेमेंट भी सीखना है।
अक्षर सीख पढ़ लिखकर सबको साक्षर बनना है।।
पढ़ लिखकर देश हित के सारे काम सम्भालना है।
विश्व गुरु है देश हमारा संस्कृति संस्कार बचाना है।।
नैतिक मूल्यों को जीवन में हमें बचाकर रखना है।
रिश्तों में अपनत्व रहे हमें भाईचारा बढ़ाना है।।
अलग अलग जाति धर्म के चाहे हम मानने वाले हैं।
लेकिन सबसे पहले भारत माँ की जय गाने वाले हैं।।
स्वाभिमान से जीना है तो भाई बहनों पढ़ना होगा।
शिक्षा पाकर हम सबको आगे कदम बढाना होगा।।

-राजेश कुमार शर्मा

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ जिंदगी में कोई कुछ सुख नहीं दे सकता, कोई नहीं दे सकता। अगर तुम न चाहो तो किसकी हस्ती है तुम्हें सुख दे सकता है? रावण।

◆ अब आप बताओ अगर आप रूट पर काम नहीं करोगे और पत्तों पर, फूलों पर, फलों पर काम करके सोचोगे जिंदा रह जाए जीमदीवू पे पज चवेपइसमध् कैसे संभव है? ये नहीं हो सकता। इसलिए बुद्ध ने कहा- 'देखो! सोचो ! जड़ की ओर ध्यान दो।'

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1889 भारत में पहला मनोरंजन पार्क एसेल वर्ल्ड मुम्बई में खोला गया। 1894 कलकत्ता में पहले मेडिकल कांग्रेस का आयोजन। 1921 नोबेल पुरस्कार विजेता रबीन्द्रनाथ ठाकुर द्वारा विश्व भारती विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। 1954 दक्षिण पूर्वी एशियाई देश लाओस ने स्वतंत्रता हासिल की। 1962 सोवियत संघ ने नोवाया जेमल्या में परमाणु परीक्षण किया। 1967 चीन ने लोप नोर क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया। 1979 सोवियत संघ ने अफगानिस्तान पर आक्रमण किया था। यह हमला 1978 की सोवियत अफगान मैत्री संधि के बहाने किया गया था। 1986 लोटस टैंपल श्रद्धालुओं के लिए खोला गया था। 1989 - देश का पहला अम्यूजमेंट पार्क 'एसेल वर्ल्ड' महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में खोला गया। 1996 - तजाकिस्तान में गृहयुद्ध को समाप्त करने के लिए समझौता सम्पन्न। 2000 - विश्वनाथन आनंद विश्व शतरंज चैंपियन बने। 2000 'उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम विधेयक 1986' पारित होने की याद में इस दिन को 'राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा।

पाठकों की बात
पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

प्रकृति का अनमोल

प्रकृति का अनमोल उपहार जल, आओ जाने बिना गंवाए एक पल। शीतल, निर्मल सबसे न्यारा, रक्त को शुद्ध करे ये प्यारा। प्रातः काल जो पीते पानी, कब्ज, मोटापा दूर हो रानी। हिचकी उल्टी हो या दस्त ,जल बिन हो जाएं हम पस्त । ऊर्जा शक्ति देता है भरपूर, दर्द सूजन जलस्नान से दूर। आयुर्वेद का सार बतलाता, वात पित्त कफ संतुलन बनाता। रूप सौंदर्य निखारे इंदु सा,जल , आओ जल को जाने इसी पल।

- इंदु वत्स

आतंकी युनुस से

आतंकी युनुस से नोबेल पुरूस्कार वापस लो - बंग्लादेश मे जेहादी मोहम्मद यूनुस जो हिंदू ,बौद्ध, ईसाई समाज के साथ अन्याय करवा रहा है वह सिर्फ हिंदू समाज ही नही पूरी दुनियाभर के मानवता को घायल कर रहा है । इजराइल और बेंजामिन नेन्याहू ,हमास और गाजा के साथ गलत कर रहे है कहने वाले लोग बंग्लादेश के मसले पर आज चुप है ।

- एडवोकेट अरूण कुमार गुप्ता

मुक्त तन हो मुक्त मन हो मुक्त ये धरती

मुक्त तन हो मुक्त मन हो मुक्त ये धरती गगन हो, मुक्तकों के मुक्त फूलों से सजा सारा चमन हो, द्वेष से परिपूर्ण धर्मों को मिटा दो इस जगत से, प्राणियों का प्राणियों से प्रेम ही असली धरम हो। न बहें बूँदे लहू की गोद सूनी हो न कोई हर हृदय में प्रेम हो छल कपट मन में न कोई। आओ हम मिल प्रेमपूरित एक सुंदर घर बनाएं, अब न बनने पाए जिसमें जाति की दीवार कोई । **- चन्द्रलता यादव**

अपने भीतर की कोमलता को

अपने भीतर की कोमलता को रोक सको तो रोको... पत्ते पर गिरी बरसात की तरह। नदी की गहराई में उगी सुआपंखी, नाजुक घास की तरह। नई निकली दूब की नोंक पर ओस की तरह। आँख में ठहरे पानी की तरह। विश्वास मानिए–इस कठोर होते समय में भी आप बच जायेंगे, कोमल...। कोमलता बचा लेगी तुम्हें उजड़ने से। सूखने से। **- कल्पना मनोरमा**

सिलवटें हैं इतनी उन यादों की मैं रोज़

सिलवटें हैं इतनी उन यादों की मैं रोज़ इक दर्द मिटाता रहा कि ये वर्ष भी अब जाता रहा इश्क था बस घड़ी दो घड़ी का मैं रेत पर महल बनाता रहा कि ये वर्ष भी अब जाता रहा सौ दफा जो लिखा वह गज़ल हाथों से उन्हें ही मिटाता रहा कि ये वर्ष भी अब जाता रहा ..."नीर" **- नीरज वर्मा नीर**

जंगल के सिंहो की राहें मरुथल

जंगल के सिंहो की राहें मरुथल रोक नहीं सकता। आँसू गिरते हों तो कोई काजल रोक नहीं सकता। शुभ संकल्प लिए हो तो फिर चलते जाओ चलना है - उगते सूरज का रस्ता ये बादल रोक नहीं सकता।। **- दिनेश रोहित चतुर्वेदी**

एक कांगलादेश है जो हिन्दू

एक बांग्लादेश है जो हिन्दू अल्पसंख्यक को पहले बंधक बनाती है फिर चौक पर भीड़ उसे मार मारकर जान लेकर उल्टा टांग देती है और फिर जला देती है और दूसरी ओर हम भारतवाले है जो आईपीएल मे उसके खिलाड़ी को दस करोड़ में अपनी टीम से खिलाने खरीद लेते है धिक्कार है, पूछता है हर भारतवासी। **- कवित सुनिल शर्मा नील**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन आपको व्यवसाय से लाभ दिलाएगा एक से अधिक कार्यों में निवेश करने से लाभ की संभावना अधिक रहेगी परन्तु जल्दबाजी ना करें अन्यथा हानि भी हो सकती है।

वृष: आप आज का दिन सुख शांति से व्यतीत करेंगे फिर भी छोटी-मोटी घटनाएं मन को दुखी कर सकती है। किसी व्यक्ति के गलत व्यवहार के कारण क्रोध आयेगा इससे सावधान रहें।

मिथुन: आज के दिन प्रातः काल से ही शारीरिक तंदुरुस्ती में गिरावट आएगी जिसके कारण कार्यों में मन नहीं लगा पाएंगे। स्वभाव भी चिड़चिड़ा रहने से मामूली बातो पर अकारण ही झगड़ा करेंगे।

कर्क: आज के दिन आप अपनी योजनाओं को साकार रूप दे पाएंगे। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन लाभदायक रहेगा फिर भी आज किसी को उधार देने से बचे वापसी में परेशानी होगी। घरेलु शांति बनी रहेगी।

सिंह: आज के दिन आपको सोची गई योजनाओं में सफलता पाने के लिए अधिक परिश्रम करना पड़ेगा फिर भी कार्य सफलता के प्रति आशंकित रहेंगे। सामाजिक क्षेत्र पर भी आज व्यवहार बनाये रखने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा।

कन्या: आज परिस्थितियों में सुधार आने से अटके कार्य आगे बढ़ेंगे। अपनी गलती मान लेने से लोगो का वैर-विरोध दूर होगा। संध्या के समय स्त्री सन्तान से शुभ समाचार राहत प्रदान करेंगे।

तुला: आज के दिन आपके असंयमित व्यवहार के कारण आस-पास रहने वाले लोग नाराज हो सकते है। ना चाहकर भी कटु वचन बोलने पड़ेंगे जिसके कारण बाद में आत्मग्लानि रहेगी।

वृश्चिक: आज के दिन आपको आश्चर्यजनक फल प्राप्त होंगे जहाँ से उम्मीद नहीं होगी वहां से भी धन लाभ होगा। घर के बुजुर्गो की दया दृष्टि आज भी बनी रहेगी।

धनु: आज के दिन आप कई कार्यो को एकसाथ करने के कारण दुविधा में फंस सकते है। घर एवं व्यवसाय के कार्यो में तालमेल बैठाने के चक्कर में असहजता रहेगी। गृहस्थ जीवन में कोई चमत्कार होने से आश्चर्य में पड़ेंगे।

मकर: आपका दिन आज भी लाभदायक रहेगा परन्तु क्रोध को वश में रखना भी जरूरी है वरना बना बनाया काम बिगड़ सकता है। रिश्तेदारो के द्वारा लाभ के मार्ग प्रशस्त होंगे।

कुंभ: आज के दिन आप धन प्राप्ति के लिए सभी प्रकार की जोड़-तोड़ वाली नीति अपनायेंगे फिर भी सफलता दूर तक नजर नहीं आएगी। दूर रहने वाले रिश्तेदारो से शुभ समाचार थोड़ी शान्ति देंगे।

मीन: आज के दिन आप धन सम्बंधित मामलो को लेकर अत्यन्त संवेदनशील रहेंगे।

QUIZ TIME

1) समुद्री शैवाल खेती को बढ़ावा देने पर पहला राष्ट्रीय सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया था?

2) ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने 2025 का वर्ड ऑफद ईयर किस शब्द को चुना?

3) भारतीय संविधान में कितनी अनुसूचियाँ है?

4) भारतीय चाय बोर्ड के अनुसार, भारत 2024 में किस देश को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चाय निर्यातक बन गया?

5) उत्तराखण्ड की पहली महिला मुख्य सचिव के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) कच्छ (2) रेज बेट (3) 12 (4) श्रीलंका (5) राधा रतूड़ी

शब्द सागर

भिलाई बचाओ आंदोलन को पूरे छत्तीसगढ़ से मिलने लगा समर्थन

छत्तीसगढ़ सिख पंचायत, भोजपुरी परिषद सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने दिया समर्थन

- **पूर्व मंत्री गुरु रुद्र कुमार, सत्यनारायण शर्मा, बीडी कुरैशी, विधायक कविता प्राण लहरे, शैलेश नितिन त्रिवेदी, प्रदेश युकां अध्यक्ष आकाश शर्मा धरना स्थल पहुंचे**
- **ट्विटर पर ग्लोबल ट्रेंड पर रहा**
- **24 को प्रदेश भर में जलाए जाएंगे मोदी, साय और सेल प्रबंधन के पुतले**

भिलाई/नवप्रदेश। सिविक सेंटर स्थित ग्राउंड में भिलाई सत्याग्रह के चौथे दिन देवेंद्र यादव के स्वास्थ्य में गिरावट आने लगी है। आज मेडिकल टीम ने उनका चेकअप किया। रिपोर्ट के अनुसार देवेंद्र का बीपी बढ़ गया है। शुगर लेवल कम हो गया है। डॉक्टरों ने यूरिन कीटोन्स बढ़ने की जानकारी दी है। देवेंद्र के स्वास्थ्य को लेकर उनके बड़े भाई धर्मेंद्र यादव समेत परिजनों की चिंता बढ़ गई है।

उपवास के चौथे दिन विधायक यादव आज भी बीएसपी चितरंजन महापात्रा से चर्चा करना चाहते थे, ताकि भिलाई की बसाहट को बचाने की दिशा में सार्थक चर्चा हो जाए। देवेंद्र ने कहा कि उनकी लड़ाई बीएसपी प्रबंधन से नहीं है। वे इस मामले में राजनीति नहीं कर रहे। देवेंद्र ने सत्ता में बैठे लोगों से आग्रह किया कि वे भिलाई को बचाने आगे आएं। उनके साथ वे स्वयं कंधे से कंधा मिला कर खड़े रहेंगे।

आज धरना स्थल पर बिलाईगढ़ विधायक कमला लहरे, पूर्व राज्यमंत्री बीडी कुरैशी, प्रदेश कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेद्वी, सतनाम सिंह, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, सुजीत बघेल, फत्ते सिंह भाटिया, परविंदर सिंह, महापौर नीरज पाल, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, लालचंद वर्मा, राजेंद्र सिंह परगनिहा, योगेश सोनी, टी जोगा राव, लक्ष्मीपति राजू, राजेंद्र शर्मा, रमेश पाल, हीरा बॉक्स, कुशवाहा, बीपी मनोज पांडे, चौरसिया, श्याम लाल साहू, जय प्रकाश नायर ,संजय साहू इंटक ठेका श्रमिक, फौजी अरुण सिसोदिया, गुरलीन सिंह, रौनक सचदेव, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, बंटी साहू, डी कामराजू, सीजू एंथनी, गुड्डू खान, भोलू श्रीवास्तव, अली हुसैन सिद्दीकी, दर्शन सिंह, निर्मल सिंह धारीवाल, इतवारी देवांगन, साकेत चंद्राकर, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, सुमित पावर, आशीष यादव, शरद मिश्र, कलाम खान, करीम खान, शिखा रॉय, अरविंद राय, निरंजन बिसाई, बजरंगी लाल सिंह, जी राजू गोपाल राव, सज्जाद, इमरान अहमद, चंद्रकला तारंग, एम लक्ष्मी, कृष्णा पात्रे, नैना रमेश, लिसी स्मिथ, अरुणा राव, अज्जू अहमद चौहान, अभय सिंह, अमित उपाध्याय, शाहिद खान, अनुराग साहू, बजरंगी लाल सिंह आदि मौजूद रहे। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहे।

भोजपुरी परिषद के प्रभुनाथ बैठा और छत्तीसगढ़ सिख पंचायत के चेयरमैन जसबीर सिंह चहल भी सिख समाज के प्रतिनिधियों के साथ धरना स्थल पर पहुंचे और विधायक देवेंद्र यादव के सत्याग्रह का समर्थन किया। चहल ने कहा कि 1955 में भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना हुई। तमाम बुर्जुगों ने अपना खून-पसीना बहाकर प्लांट की स्थापना की। बीएसपी का निजीकरण नहीं होना चाहिए। देवेंद्र यादव के सत्याग्रह को सिख समाज पूर्ण समर्थन देता है। भोजपुरी समाज के प्रभुनाथ बैठा ने भी आंदोलन को समर्थन देते हुए विचार व्यक्त किये।

प्रबंधन की हठधर्मिता से सभी को होगा नुकसान : शर्मा

पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि भिलाई को बचाने के लिए सत्याग्रह पर बैठे लोगों के साथ बीएसपी प्रबंधन को चर्चा करना चाहिये। प्रबंधन की हठधर्मिता उनकी सोच को दर्शाती है। इससे पता चल रहा है कि प्रबंधन सरकार के दबाव में है। पूर्व मंत्री गुरु रुद्र कुमार ने कहा कि देवेंद्र यादव के साथ हर समय कंधे से कंधे मिला कर खड़े रहेंगे। भिलाईवासियों को भरोसा दिलाते हैं कि हम सब मिलकर भिलाई को बिकने नहीं देंगे।

आज प्रदेश भर में निजीकरण के खिलाफ पुतला दहन

भिलाई स्टील प्लांट को बचाने की लड़ाई का दायरा छत्तीसगढ़ में फैलने लगा है। विधायक देवेंद्र यादव के समर्थन में छत्तीसगढ़ यूथ कांग्रेस ने 24 दिसंबर को पूरे प्रदेश में पुतला दहन करने का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सेल प्रबंधन के पुतले जलाए जाएंगे। कलेक्टोरेट कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

भिलाई में हाई-प्रोफाइल सेक्स रैकेट का भांडा फूटा

लखनऊ से आई दो युवतियां होटल में पकड़ाईं

भिलाई/नवप्रदेश। जुनवानी स्थित होटल क्राउड में अवैध रूप से देह व्यापार संचालित करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर होटल में दबिश देकर लखनऊ से आई दो युवतियों को पकड़ा। इस मामले में होटल मैनेजर के खिलाफ भी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने होटल में रेड की कार्रवाई की। जांच के दौरान पता चला कि दोनों युवतियां उत्तर प्रदेश के लखनऊ से फ्लाइट से रायपुर एयरपोर्ट पहुंचीं थीं। वहां से वे भिलाई आईं और होटल क्राउड में ठहरी थीं। इसके बाद वे राजनांदगांव जाने की तैयारी में थीं, लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने होटल में दबिश देकर उन्हें पकड़ लिया।

एएसपी और पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि रेड के दौरान पुलिस ने होटल मैनेजर से होटल से संबंधित दस्तावेज और ग्राहकों की जानकारी मांगी। इस पर मैनेजर ने पुलिस टीम से विवाद शुरू कर दिया। विवाद बढ़ने पर उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। दोनों युवतियों की तलाशी के दौरान पहचान संबंधी दस्तावेज मांगने पर उन्होंने पुलिस से बहस शुरू कर दी। इस दौरान हाथापाई और झूमाझटकी करने के आरोप भी लगे हैं। पुलिस ने दोनों युवतियों के खिलाफ भी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। पुलिस ने होटल के कमरे से संबंधित साक्ष्य जुटाने के बाद होटल मैनेजर और दोनों युवतियों को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया।

विवाह समारोह के दौरान बड़े भाई को चाकू मारा

भिलाई। विवाह समारोह के दौरान 2 भाइयों के बीच विवाद बढ़ने पर शराब के नशे में छोटे भाई ने बड़े भाई के पेट पर चाकू से वार कर दिया। घायल बड़े भाई को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना 22 दिसंबर को छावनी थाना क्षेत्र के कैंप-2 के मोची मोहल्ले में हुई। पुलिस ने आरोपी भाई को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार कैम्प-2 स्थित एक घर में विवाह समारोह चल रहा था। इसी दौरान दो सगे भाइयों के बीच किसी मामूली बात को लेकर कहासुनी हो गई। अजय कोलते ने बड़े भाई विजय कोलते के पेट में चाकू से वार किया।

न्यूज गैलरी

अटल परिसर निर्माण का 25 को वर्चुअल लोकार्पण

जामुल। नगर पालिका जामुल में 25 दिसम्बर को अटल परिसर निर्माण का वर्चुअल लोकार्पण किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरूण साव होंगे। विशिष्ट अतिथि विजय बघेल सांसद, डोमनलाल कोर्सेवाड़ा विधायक अहिवारा, ईश्वर सिंह ठाकुर अध्यक्ष नपाप जामुल होंगे। अति विशिष्ट अतिथि सतीश साहू विधायक प्रतिनिधी, सुनीता चन्नेवार उपाध्यक्ष नपाप जामुल, पीआईसी प्रभारी खम्हन ठाकुर, सीमा यादव, कविता बिश्वाल, रामदुलार साहू, चुम्मन वर्मा, अहिल्या वर्मा, शांति टंडन सहित पार्षद गण सबीहा करीम खान, रेखराम बंछोर, सरोजनी चंद्राकर, दीपक गुप्ता, संजय देशलहरे, अश्वनी साहू, निशा चन्नेवार, रामप्यारी वर्मा, के. राजू होंगे। कार्यक्रम वार्ड 13 में बोगदा पुल के पास प्रातः 10 बजे होगा। मुख्य नपा अधिकारी सीमा बक्शी ने लोकार्पण अवसर पर उपस्थित होकर सफल बनाने की अपील की है।

एमवीएन स्कूल में क्रिसमस और नव वर्ष का रंगारंग कार्यक्रम

भिलाई। मैत्री विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल रिसाली ने क्रिसमस अवकाश से पूर्व ईसा मसीह के जन्म दिवस पर आधारित मनमोहक गीतों और नृत्यों के माध्यम से उनके जीवन का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने सुविचार, मनमोहन गीतों और सांताक्लाज के साथ मनमोहक नृत्य करते हुए नव वर्ष का स्वागत किया। ईसा मसीह ने प्रेम और सौहार्द का जो संदेश दिया था, उसे विद्यार्थियों ने अपने भाषण, कविता और मनमोहक गीत-संगीत के माध्यम से प्रस्तुत किया। अन्तर शालेय प्रतियोगिताओं के विजयी विद्यार्थियों और दसवीं बोर्ड परीक्षा में हिंदी भाषा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ सजीता थंबी ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जीवन के सभी क्षेत्रों से भूतकाल की गलतियों को सुधार कर अच्छी आदतों को नव वर्ष में अपनाना चाहिए। क्षमा, शांति, प्रेम, का संदेश देने वाले इस पर्व में दृढ़निश्चयी और आशावादी होना चाहिए। उन्होंने नव वर्ष की अग्रिम शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्षा राजम सुधाकरन और विद्यालय की प्रबंधक व प्राचार्या डॉ सजीता थंबी और विद्यालय परिवार उपस्थित रहे। आयोजन तिलक सदन ने किया।

उतई तिराहे पर स्थापित होगी स्व. हेमचंद यादव की प्रतिमा, एमआईसी में कई प्रस्तावों को मंजूरी

पेवर ब्लॉक के कार्यों की सख्त जांच के निर्देश, विज्ञापन शुल्क और भूमि दरों में वृद्धि करने का फैसला

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम दुर्ग की मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आयुक्त सुमित अग्रवाल सहित सभी एमआईसी सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान महापौर अलका बाघमार ने सभी पेवर ब्लॉक निर्माण कार्यों की बारीकी से जांच करने के सख्त निर्देश दिए। वार्ड 19 जवाहर नगर में नाला तक किए जा रहे पेवर ब्लॉक कार्य को वार्ड 18 में स्थानांतरित कर कार्य कराने की स्वीकृति दी गई।

बैठक में उतई टेम्पो स्टैंड पर स्व. हेमचंद यादव चौक का निर्माण कराने का फैसला किया गया। मेघगंगा ग्रुप द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को स्वीकृति देते हुए उताई टेम्पो स्टैंड और चौक सौंदर्यीकरण कार्य को हरी झंडी दी गई। इस प्रस्ताव के अनुसार अब डायनासोर चौक का नाम बदलकर स्व. हेमचंद यादव चौक किया जाएगा। यहां 12 फीट ऊँची प्रतिमा का निर्माण किया जाएगा। प्रतिमा निर्माण, सौंदर्यीकरण और रखरखाव की पूरी जिम्मेदारी मेघगंगा ग्रुप की होगी।

एमआईसी की बैठक में अधोसंरचना मद के अंतर्गत सिकोला भाठा नाला निर्माण कार्य, कामकाजी महिला छात्रावास के रिनोवेशन कार्य को स्वीकृति दी गई। न्यू आदर्श नगर के पेवर ब्लॉक कार्य का स्थल परिवर्तन कर वार्ड 52 शीतला मंदिर के पास, मयूरी हाइट्स व फॉर्च्यून टॉवर के समीप बोरसी क्षेत्र में कार्य कराने की मंजूरी का फैसला किया गया।

निगम की रिक्त भूमि कोअस्थायी रूप से व्यवसायिक आबंटन करने मासिक दर 15 रुपये से बढ़ाकर 30 रुपये प्रति वर्गफुट की गई। निजी भवनों, सार्वजनिक स्थलों व सड़कों पर एलईडी विज्ञापन डिस्प्ले बोर्ड लगाने का शुल्क 825 रुपये से बढ़ाकर 1200 रुपये प्रति वर्गफुट वार्षिक किया गया।

बैठक में एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, लीना दिनेश देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, काशीराम कोसरे, शिव नायक, मनीष साहू, लीलाधर पाल, शशि साहू, नीलेश अग्रवाल, उपायुक्त मोहेन्द्र साहू, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, प्रकाशचंद थवानी, आरके जैन सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ बंद को चैंबर ऑफ कॉमर्स ने दिया समर्थन

भिलाई/नवप्रदेश। कांकेर जिले के आमाबेड़ा इलाके के बड़े तेवड़ा गांव में शव दफनाने के मामले में आदिवासी और धर्मांतरित समुदाय के बीच हिंसक झड़प के बाद से हिंदू समाज में आक्रोश है। इस घटना के विरोध में छत्तीसगढ़ सर्व समाज ने 24 दिसंबर को प्रदेशव्यापी छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया है।

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स ने बंद को समर्थन देने की घोषणा की है। चैंबर का कहना है कि व्यापारी समाज बंद में सहयोग करेगा और दुकानदारों से अपने प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील की गई है। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि पिछले कुछ समय से प्रदेश में सुनियोजित तरीके से धर्मांतरण की गतिविधियां बढ़ी हैं। मिशनरियों की तरफ से एक मिशन के तहत हिंदू समाज को खंडित करने का प्रयास किया जा रहा है। भसीन ने कहा कि व्यापारियों से बंद का समर्थन करने की अपील की गई है। यह समाज को खंडित करने के प्रयासों के विरोध का विषय है। दुकानदार एकजुटता दिखाते हुए अपनी दुकानें बंद रखें। बंद शांतिपूर्ण रहेगा और किसी प्रकार की जबरदस्ती नहीं की जाएगी। सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह आंदोलन किसी धर्म के विरोध में नहीं है।

पुलिस प्रशासन ने चैंबर ऑफ कॉमर्स और सर्व समाज की बैठक ली। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर, लाइन डीएसपी चंद्रप्रकाश तिवारी समेत अन्य अफसर मौजूद थे। जिला प्रशासन की ओर से दुर्ग एडीएम अभिषेक अग्रवाल, भिलाई एसडीएम हितेश पिस्दा समेत अन्य अफसर शामिल हुए।

मंत्री गजेन्द्र ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

- **गुणवत्ता के साथ कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश**

दुर्ग/नवप्रदेश। गया नगर वार्ड क्रमांक 4 में लगभग 2 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन सर्वसुविधायुक्त मांगलिक भवन निर्माण, वार्ड 59 हरिनगर में सड़क सीमेंटीकरण कार्य का केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने निरीक्षण किया। निर्माण संबंधी जानकारी लेकर गुणवत्ता के साथ तेजी से कार्य करने के निर्देश दिये।

केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने आज विभागीय अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण किया। गयानगर में 12 हजार वर्ग फीट से अधिक एरिया में बन रहे मांगलिक भवन की ड्राइंग डिज़ाइन सहित निर्माण संबंधी सभी कार्य की जानकारी इंजीनियरों से ली।

इंजीनियर ने बताया कि ढलाई का कार्य पूरा हो चुका है। प्लास्टर का कार्य चल रहा है। उन्होंने पार्किंग एरिया को बड़ा रखने, डाइनिंग और किचन एरिया का विशेष ध्यान रखने कहा। निर्माणी एजेंसी को गुणवत्ता के साथ कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान महापौर अलका बाघमार, पार्षद लीना देवांगन, साजन जोसफ, जिला भाजपा उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, मंडल अध्यक्ष कमलेश फेकर, बंटी चौहान, दिनेश देवांगन, निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल, ईई आरके जैन उपस्थित रहे।

रुंगटा स्कूल में वार्षिक खेल दिवस हर्षोल्लास के साथ संपन्न

भिलाई/नवप्रदेश। रुंगटा पब्लिक स्कूल, भिलाई में 10 वां वार्षिक खेल दिवस 2025 उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खिलाड़ियों के व्यवस्थित असेंबली और मुख्य अतिथि डॉ. जवाहर सुरिसेट्टी, कुलपति (रुंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी), चेयरमैन संजय रुंगटा, डायरेक्टर रजनी रुंगटा, प्राचार्य राजीव कुमार, उपप्राचार्या दीप्ति सिंग की उपस्थिति में हुआ।

सांस्कृतिक कप्तान इकरा सिद्दीकी ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया। रंग-बिरंगे गुब्बारे के साथ नई आशा की किरण बिखेरे गए। चारों सदन के विद्यार्थियों ने अनुशासित व आकर्षक मार्च पास्ट किया।

राष्ट्रीय खिलाड़ियों में प्रदुम्म मुंदडा, वान्या पुन्दिर व सुमंजित मजुमदार द्वारा खेल ज्योति प्रज्ज्वलन किया गया। चारों सदन के (कलाम, रमन, टैगोर, टेरेसा) विद्यार्थियों ने खेल शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया। प्री-प्राइमरी स्टूडेंट्स ने राष्ट्रीय सुरक्षा और सेवा भावना पर ड्रिल कर दर्शकों से तालियाँ बटोरी। सामूहिक ड्रिल और जुम्बा का सुंदर प्रदर्शन किया गया। विभिन्न कक्षाओं के लिये खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। ट्रैफिक सिग्नल रेस, गन पिक-अप रेस, बूट-ऑन बैटल रेस, बिंग बैलेंस, लाइफ जैकेट रेस्क्यू रेस, जंपिंग रिंग रेस, लेमन रेस, 100 मीटर दौड़, बैलेंसिंग द बॉल और 4×100 मीटर रिले रेस की प्रतियोगिताएं हुई। अभिभावकों ने भी सैक रेस और रिंग बैलेंस रेस में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। विद्यालय की वार्षिक खेल रिपोर्ट हेड बॉय वीर जैन द्वारा प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. जबाहर सुरिसेट्टी ने विद्यार्थियों को खेलों के माध्यम से जीवन कौशल, नेतृत्व व आत्मविश्वास विकसित करने की प्रेरणा दी। एसआरजीआई के चेयरमैन संजय रुंगटा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

विद्यालय के प्राचार्य राजीव कुमार ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और निरंतर अभ्यास का संदेश दिया। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया गया। विजेता टीम रमन हाउस और रनर अप टैगोर टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन हेड गर्ल सावनी बसोतिया द्वारा धन्यवाद ज्ञापन, रेट्रीट व राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

विशाल आयोजन... जयंती स्टेडियम भिलाई में आयोजन के लिए यातायात पुलिस ने जारी की ट्रैफिक एडवाइजरी

दिव्य हनुमंत कथा : 25 को कलश यात्रा निकाली जाएगी

भिलाई/नवप्रदेश। सनातन धर्म के ध्वजवाहक बागेश्वर धाम के आचार्य पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री श्रीमुख से आयोजित श्री हनुमंत कथा की तैयारी अंतिम चरण पर है। कार्यक्रम के पहले दिन 25 दिसंबर के दिन भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं कलश लेकर पीले वस्त्र धारण कर शामिल होंगी।

बता दें कि 25 से 29 दिसंबर तक आयोजित श्री हनुमंत कथा को लेकर दुर्ग भिलाई सहित पूरे छत्तीसगढ़ में उत्सुकता का माहौल है और कार्यक्रम की आयोजन समिति सेवा समर्पण समिति के संयोजक और आयोजक राकेश पांडेय के मार्गदर्शन में तैयारियां जोर-जोर से जारी है। हनुमंत कथा के दौरान धर्म परिवर्तन किए लोगों ने घर वापसी को लेकर समिति से संपर्क किया है, जिसे लेकर भी तैयारी किया जा रही है। पार्किंग बेहतर हो सके, उसके लिए भी जगह चिन्हांकित कर बैरिकेडिंग और बांस बल्लियों से घेरा किया ज रहा है। समिति द्वारा जांच के बाद सेवा कार्य करने वाले हनुमंत भक्तों को वालंटियर कार्ड दिया जाएगा। कथा स्थल पर छग में पहली बार 140 फीट चौड़ा और लगभग साढ़े 6 सौ फीट लंबा डोम शेड बना रहे हैं।

यातायात पुलिस दुर्ग के द्वारा यहां जयंती स्टेडियम भिलाई में 25 दिसंबर से शुरू होने जा रही दिव्य हनुमंत कथा, मैं श्रद्धालुओं के आने जाने के लिए ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की गई है. इस दिव्य कथा में सिर्फदुर्ग जिले से ही नहीं दूसरे जिलों से भी लोगों के आने की संभावना है इसके लिए यातायात पुलिस प्रशासन के द्वारा यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के लिए तैयारी की गई है. विभाग के द्वारा जारी ट्रैफिक एडवाइजरी के अनुसार सभी व्हीआईपी पास वाले वाहन चालक अपने वाहन चोपड़ा पेट्रोल पम्प से प्रवेश कर वाहन हेलीपेड ग्राउंड में एवं पुलिस पेट्रोल पम्प के सामने से प्रवेश कर कला मंदिर एवं कला मंदिर के सामने पार्किंग मे वाहन खड़ा करेंगे।

ऑटो चालक एवं बस चालक श्रद्धालूगण को निर्धारित पार्किंग स्थल पुलिस पेट्रोल के पीछे पार्किंग/ सेक्टर 07 स्कूल पार्किंग में उतारेगे। उतई तिराहा से जवाहर उद्यान चौक (फॉरेस्ट एवेन्यू मार्ग) तक सभी प्रकार के वाहन प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। जयंती स्टेडियम कटिंग (फॉरेस्ट एवेन्यू मार्ग) से कार्यक्रम स्थल जयंती स्टेडियम तक पैदल आना जाना प्रतिबंधित रहेगा।

श्रद्धालुओं से अपील है कि असुविधा से बचने हेतु कथा स्थल जयंती स्टेडियम आने-जाने के लिए उपरोक्त मार्गो का उपयोग करें। 25 से 29 दिसम्बर तक जयंती स्टेडियम भिलाई में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं. श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का दिव्य हनुमंत कथा आयोजन होना प्रस्तावित है। कथा के दौरान लाखो की भीड़ को देखते हुये यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा श्रद्धालुओं के सुगमता व सुरक्षित यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए रायपुर, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव, धमतरी की ओर से कथा स्थल तक आने-जाने के लिए निम्नानुसार मार्ग,पार्किंग एवं डायवर्शन प्लान तैयार निर्धारित किया गया है।

रूट / पार्किंग

1- **रायपुर** :- चरोदा एवं भिलाई 03 की ओर से आने वाले वाहन चालक :- रूट :- कुम्हारी पावर हाउस चौक पावर हाउस अण्डर ब्रिज मूर्गा चौक सेक्टर 06 पुलिस ग्राउण्ड (पार्किंग) (एवं) भिलाई विधालय सेक्टर 02 (पार्किंग) कथा स्थल (पैदल)

2- **बेमेतरा** :- धमधा दुर्ग की ओर से आने वाले वाहन चालक - रूट :- धमधा धमधा नाका ओवर ब्रिज ग्रीन चौक राजेन्द्र पार्क वाय सेप ब्रिज सेक्टर 9 चौक सेक्टर 07 स्कूल ग्राउंड पार्किंग / सेक्टर 10 गणेश पंडाल कथा स्थल (पैदल)

3- **राजनांदगांव** बालोद की ओर से आने वाले वाहन चालक रूट:- राजनांदगाव/बालोद पुलगांव चौक जेल तिराहा डीपीएस चौक भिलाई निवास कटिंग पोलो ग्राउंड पार्किंग कथा स्थल (पैदल)

4- **धमतरी** पाटन की ओर से आने वाले वाहन चालक : रूट :- धमतरी/पाटन उतई उतई तिराहा डीपीएस चौक भिलाई निवास कटिंग पोलो ग्राउण्ड (पार्किंग) कथा स्थल (पैदल) नोट - दिव्य हनुमंत कथा के दौरान इस सम्पूर्ण क्षेत्र में किसी भी प्रकार के भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। वाहन डायवर्शन पॉइंट :- उतई तिराहा - पंथी चौक - 7/8 चौक - 2.5 मिलियन चौक - मुर्गा चौक।

विधायक चंद्राकर ने रेल्वे परियोजना से प्रभावित किसानों की समस्याएं सुनी

- **निराकरण के लिए दिशा निर्देश दिए**

भिलाई/नवप्रदेश। रेल्वे परियोजना (खरसिया-नवा रायपुर-परमलकसा) अंतर्गत भूमि अधिग्रहण से प्रभावित 18 गांव के किसानों ने दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर से मुलाकात की और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। किसानों ने विधायक को बताया कि गाइडलाइन दरों के निर्धारण में व्यवहारिक संतुलन नहीं है। सर्वे प्रक्रिया की प्रक्रियाएं सही और विश्वसनीय नहीं हैं। खसरा बटांकन स्पष्ट नहीं है। आजीविका व पुनर्वास संबंधित निवेदन का पारदर्शी और लिखित उत्तर नहीं मिल रहा है।

विधायक ललित चंद्राकर ने किसानों की समस्याएं सुनने के बाद तहसीलदार वसुमित्र दीवान व अन्य अधिकारियों को किसानों की समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिये। दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुरई, पाउवारा, करगाडीह, बोरीगारका, कोकड़ी, कोडिया, घुघसीडीह, खोपली व अन्य 25 ग्रामों का भूमि अधिग्रहण किया गया है। इस दौरान 18 गांव के प्रभावित किसान उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

नगर निगम गणेश पर्व प्रतियोगिता, परिणाम घोषित

राजनांदगांव /नव प्रदेश। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी नगर निगम द्वारा गणेश उत्सव पर्व पर प्रतियोगिता आयोजित की गयी। सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतिमा एंव विसर्जन झाकी की प्रतियोगिता अ एवं ब वर्ग में आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त समितियों के परिणामों की घोषणा की गयी। गणेश उत्सव प्रतियोगिता के परिणामों की गत दिनों आयोजित महापौर परिषद में स्वीकृति प्रदान की गई, जिन्हें निगम में आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा पुरूस्कृत किया जायेगा। गणेश पर्व प्रतियोगिता के परिणामों के संबंध में नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि इस वर्ष 2025 में नगर निगम द्वारा आयोजित गणेश पर्व प्रतियोगिता के तहत सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतिमा एवं विसर्जन झाकी का चयन निर्णायकों द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि गणेश प्रतियोगित वर्ष 2025 के परिणामों में सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतियोगिता में प्रथम श्री पाटीदार गणेश उत्सव समिति, जी.ई. रोड पाटीदार भवन, द्वितीय मित्र मंडल गणेश उत्सव समिति, सदर बाजार व तृतीय लालबाग गणेश उत्सव समिति, दुर्गा मंदिर परिसर लालबाग को प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार विसर्जन झाकी के अ वर्ग में प्रथम बाल समाज गणेश उत्सव समिति, गंज चौक, द्वितीय अष्ट विनायक मंडल, रामाधीन मार्ग एवं तृतीय बस स्टैण्ड गणेश उत्सव समिति, पुराना बस स्टैण्ड को स्थान प्राप्त हुया है। इसी प्रकार ब वर्ग में प्रथम महावीर मंडल, सदर बाजार, द्वितीय तिरंगा मंडल, अशोक स्तंभ चौक एवं तृतीय सिद्धी विनायक गणेश उत्सव समिति, हलवाई लाईन ने प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त किये है। आयुक्त ने बताया कि उक्त समितियों को निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महापौर सहित निगम पदाधिकारियों की उपस्थिति में पुरूस्कृत किया जायेगा।

आंगनबाड़ी सहायिका के एक पद के लिए भर्ती हेतु,5 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित

बलौदाबाजार/ नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत बलौदाबाजार एकीकृत बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी सहायिका के 1 रिक्त पद पर भर्ती की जाएगी। जिसमें आंगनबाड़ी सहायिका के लिए पनगांव आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-4 शामिल है। आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आठवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। यह पद केवल महिलाओं के लिए है। आवेदन करने के अंतिम तिथि 5 जनवरी 2025 तक कार्यालयीन समय में सायं 5.30 बजे तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदाबाजार, जिला बलौदाबाजार- भाटापारा(छ.ग.) के पते पर अपना आवेदन पत्र सीधे एवं पंजीकृत डाक के माध्यम से जमा कर सकते है।

फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण अर्हता के संबंध में राजनैतिक दलों की बैठक संपन्न

बालोद / नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के संबंध में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने राजनैतिक दलों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के संदर्भ में पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। जिले में गणना पत्रक डिजिटाईजेशन का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 59-संजारी बालोद में 02 लाख 11 हजार 969 मतदाता, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 60-डौण्डीलोहारा में 02 लाख 03 हजार 291 तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 61-गुण्डरदेही में 02 लाख 27 हजार 476 मतदाता कुल मतदाता 06 लाख 42 हजार 736 है। प्रारंभिक प्रकाशन के बाद 2237 नो मेपिंग (केटेगरी सी) मतदाताओं को ईआरओ एवं एईआरओ द्वारा 24 दिसंबर 2025 से नोटिस जारी किया जाएगा तथा मतदाताओं का सुनवाई कर दस्तावेज जमा कर उनका निराकरण किया जाएगा। जिले में कुल 55 हजार 674 एएसडी के मतदाता है, जो प्रारंभिक प्रकाशन के मतदाता सूची में नहीं आयेंगे। एएसडीके मतदाता की मतदान केन्द्रवार सूची एवं बीएलए तथा बीएलओ मीटिंग की सूची जिले के वेबसाईट httpsÑ//balod.gov.in/en/deo-portal/ में अवलोकन किया जा सकता है। जारी कार्यक्रम के अनुसार 23 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक दावा-आपत्ति प्राप्त करने की तिथि निर्धारित है। प्राप्त दावा-आपत्ति का निराकरण निर्वाचक रजिस्ट्रिकरण अधिकारी द्वारा 14 फरवरी 2026 तक किए जाएंगे तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

सुशासन सप्ताह : कलेक्टर बोले शासन की योजनाओं का लाभ जनसामान्य को मिले

■ शासन की सोच के अनुरूप आम जनता की बेहतरी के लिए लगातार होना चाहिए कार्य

राजनांदगांव / नव प्रदेश। सुशासन सप्ताह अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में तत्कालीन कलेक्टर श्री अशोक अग्रवाल ने सभी अधिकारियों को मार्गदर्शन दिया। श्री अशोक अग्रवाल ने कहा कि राजनांदगांव जिले में टीम वर्क में उम्दा कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुशासन सप्ताह में शासन की योजनाओं का लाभ जनसामान्य को अधिक से अधिक मिले। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत जल संचय के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार मिलने पर कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव जिले में टीम वर्क एवं जनसहभागिता से कार्य करने की परिपाटी रही है। उन्होंने राजनांदगांव जिले में कलेक्टर रहते हुए अपने समय के अनुभव साझा किए। उन्होंने जिले में चलाई जा रही त्रिनेत्र योजना की प्रशंसा की और कहा कि अपराध पर शिकंजा कसने के लिए एक अच्छी व्यवस्था की गई है। धान खरीदी के तहत जिले में अच्छा कार्य हो रहा है। जनमानस की बेहतरी के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्धतापूर्वक, पारदर्शिता, जवाबदेही के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं के अंतर्गत पोर्टल में योजनाओं से संबंधित जानकारी अपडेट करते रहे। जिससे सूचना के अधिकार के तहत आवेदन कम होंगे तथा समय की बचत होगी। सभी को समय पर जानकारी प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव जिला महत्वपूर्ण जिला है। शासन की सोच के अनुरूप आम जनता की बेहतरी के लिए लगातार कार्य होना चाहिए। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शिविरों के माध्यम से समस्याओं का निराकरण होते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि टीम वर्क में जब कोई कार्य होता है, तो कोई कार्य असंभव नहीं है। आम जनता के हित में इसके अच्छे परिणाम प्राप्त होते है। उन्होंने जिले में चलाए जा रहे पोट्ठ लईका पहल अभियान की प्रशंसा की। इस अवसर पर उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि निवर्तमान कलेक्टर श्री अशोक अग्रवाल ने राजनांदगांव जिले में समन्वय के साथ बहुत अच्छा कार्य किया। महिला स्वसहायता समूह को उन्होंने नई दिशा प्रदान की। उनके मार्गदर्शन में जिले में बेहतरीन कार्य करने के लिए सभी को प्रेरणा मिली है। दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिविरों में जनसामान्य की समस्याओं का संवेदनशीलतापूर्वक निराकरण करें। जनमानस बहुत उम्मीद लेकर अपनी शिकायतें एवं आवेदन देते हैं, उसका निराकरण यथाशीघ्र करें। हमारी यह कोशिश होना चाहिए कि समय पर न्योचित कार्य हो सके। उन्होंने कहा कि हमारी यह कोशिश रहेगी की ज्यादा से ज्यादा ग्रामों तक पहुंचकर शिविरों में समस्याओं का समाधान हो सके। कलेक्टर ने बताया कि मनरेगा के अंतर्गत श्रमिकों को राशि का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जा रहा है और आधार से ई-केवायसी किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिससे ग्राम पंचायतों में अनिवार्य टैक्स जमा करना सरल हो गया है। उन्होंने बताया कि जिले में आयुष्मान कार्ड में राजनांदगांव जिला प्रथम स्थान पर है।

कुपोषण की समस्या को दूर करने के लिए पोट्ठ लईका अभियान चलाया गया है।

दिल्ली पब्लिक स्कूल में आरंभ द जर्नी

बच्चों की प्रस्तुतियों ने रचा संस्कृति और चेतना का उत्सव

महाराजपुर (कवर्धा):दिल्ली पब्लिक स्कूल,महाराजपुर कवर्धा में दिनांक 22 दिसंबर 2025 को विद्यालय का वार्षिक समारोह ÷आरंभ ङ्क द जर्नी (आरम्भ- द जर्नी ऑफभारत टू भारत विदिन)÷अत्यंत भव्य, अनुशासित एवं सांस्कृतिक वातावरण में आयोजित किया गया। इस समारोह में विद्यार्थियों ने भारत की प्राचीन विरासत से लेकर आधुनिक एवं आत्मनिर्भर भारत की यात्रा को सजीव रूप में प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. भारती बंधु जी रहे। मुख्य अतिथि के आगमन पर बच्चों द्वारा पारंपरिक छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में स्वागत नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गई, जिसने अतिथियों का हृदयस्पर्शी स्वागत किया। इसके पश्चात विद्यालय के बैंड ÷सर्गम÷ की सुमधुर वाद्य प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को उल्लासपूर्ण बना दिया। स्वागत उद्बोधन के बाद दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के माध्यम से कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया।

पीपी 2 के नन्हे विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना ने कार्यक्रम को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान की। इसके बाद दिन की थीम ÷आरंभ ङ्क भारत से भारत की ओर÷ का परिचय दिया गया, जिसमें यह संदेश दिया गया कि आधुनिक प्रगति के साथ भारतीय संस्कारों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है।

थीम सॉन्ग आरंभ ने पूरे कार्यक्रम की भावना को मंच पर जीवंत कर दिया और नाट्य प्रस्तुतियों की श्रृंखला आरंभ हुई।

नर्सरी कक्षा के बच्चों द्वारा प्रस्तुत 'बचपन' कार्यक्रम में बालमन की मासूमियत, खेल-कूद और आनंदपूर्ण जीवन की सुंदर झलक देखने को मिली।

पीपी1 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत 'माता पिता की आशाएँ' कार्यक्रम में अभिभावकों की उम्मीदों, त्याग और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की भावनाओं को संवेदनशील ढंग से दर्शाया गया।

इसके पश्चात विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों एवं विकास कार्यों की जानकारी दी गई।

कक्षा 7 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत दशावतार कार्यक्रम में भगवान विष्णु के दस अवतारों के माध्यम से अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया गया।कक्षा 3 की प्रस्तुति सिंधु घाटी सभ्यता में प्राचीन भारत की उन्नत नगर व्यवस्था, सभ्यता और वैज्ञानिक सोच को सरल रूप में प्रस्तुत किया गया।

कृत्रिम मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

कवर्धा / नव प्रदेश।कलेक्टर जिला कबीरधाम के तत्वाधान में जिला खनिज न्यास (डी.एम.एफ) मद अंतर्गत आकांक्षी विकास खण्ड बोड़ला की ग्राम पंचायत चोरभट्टी के आश्रित ग्राम थुहापानी में आजीविका संवर्धन हेतु कृत्रिम मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम का आयोजन वनमंडलाधिकारी कवर्धा के निर्देशन, उपवनमंडलाधिकारी कवर्धा के मार्गदर्शन एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी कवर्धा के नेतृत्व में दिनांक 15.12.2025 से 18.12.2025 तक किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एन.जी.ओ. ग्राम विकास खोज केन्द्र (सी.डी.व्ही.डी.), मंडला द्वारा चयनित हितग्राहियों को कृत्रिम मधुमक्खी पालन की उन्नत एवं वैज्ञानिक तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि कृत्रिम मधुमक्खी पालन से न केवल हितग्राहियों को अतिरिक्त आय के अवसर प्राप्त होंगे, बल्कि प्राकृतिक परागण के माध्यम से कृषि उत्पादकता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इस अवसर पर चयनित 20 हितग्राहियों को मधुमक्खी पालन किट का वितरण किया गया। आगामी चरण में अन्य हितग्राहियों को भी प्रशिक्षण एवं किट वितरण किया जाना प्रस्तावित है।

साथ ही, शहद प्रसंस्करण केन्द्र बोड़ला के माध्यम से मधुमक्खी पालन किट से उत्पादित शहद का प्रसंस्करण किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों की आजीविका सुदृढ़ एवं सुनिश्चित होगी।

योग आध्यात्मिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा पर जागरूकता कार्यक्रम

राजनांदगांव /नव प्रदेश। जोंवन आधार पब्लिक चैरिटी ट्रस्ट के द्वारा वृद्ध आश्रम के वृद्ध लोगों को योग आध्यात्मिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

जिसमें चैरिटी के मुख्य मार्गदर्शक श्री ओम प्रकाश सहारे द्वारा महावीर वृद्ध आश्रम राजनंदगांव में वृद्ध महिला और पुरुषों को योग के महत्व बताते हुए मार्गदर्शन देते हुए कहा कि वृद्धावस्था में प्रत्येक मनुष्य का स्वास्थ्य शिथिल होने लगता है और शारीरिक कमजोरी आ जाती है इस कारण वृद्ध लोग बिस्तर पर आराम करते रहते हैं परंतु आराम करने से और अधिक शरीर शिथिल और कमजोर होने लगता है इसलिए वृद्धावस्था में भी योग के आसन करना चाहिए जिससे स्वास्थ्य उत्तम रहता है इसी कड़ी में चैरिटी के मुख्य मार्गदर्शक ने वृद्ध लोगों को उनके शारीरिक स्थिति के अनुसार योग के विभिन्न आसन समझाएं तथा प्राकृतिक चिकित्सा पर विचार व्यक्त करते हुए वृद्ध जनों को बताया कि सुबह प्रातः काल उठने के पश्चात सर्वप्रथम सूर्य देवता को अष्टांग प्रणाम कर हाथ जोड़ते हुए प्रार्थना करना चाहिए तथा शुद्ध जल का रिसाव सूर्य करने के साथ करना चाहिए जिससे हमारे शरीर में सूर्य करने की प्राकृतिक ऊर्जा और विटामिन की प्राप्ति होती है तथा आध्यात्मिक जीवन के संदर्भ में प्रकार डालते हुए कहां की हमेशा प्रात काल उठकर शुद्ध पानी से स्नान करने से हमारा मन तन स्वस्थ रहता हैं

मन में अच्छे विचार आते हैं और ईश्वर भक्ति की प्रति आस्था निर्मित हो जाती है जिस व्यक्ति भक्ति में रम जाता है इसीलिए प्रत्येक मनुष्य को सुबह उठकर सर्वप्रथम सूर्य देवता को प्रणाम करना चाहिए

प्रतिदिन योग और ध्यान साधना करना चाहिए और ईश्वर की भक्ति में रम जाना चाहिए

मन में दया शांति और परोपकार की भावनाओं को विकसित करना चाहिए जिस ईश्वर की प्राप्ति होगी और मनुष्य का जीवन सार्थक हो जाएगा

इस प्रकार के मार्गदर्शन देने पर वृद्ध आश्रम के वृद्ध लोगों ने संकल्प करते हुए कहा कि हम ईश्वर के चरणों में अपना जीवन अर्पित करेंगे और सदैव सूर्य देवता की उपासना कर योग और ध्यान साधना का आध्यात्मिक जीवन को व्यतीत करेंगे

धान की अवैध खरीदी बिक्री की रोकने हो रहा भौतिक सत्यापन

बालोद / नवप्रदेश। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार समर्थन मूलय पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत धान की अवैध खरीदी-बिक्री पर रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु निगरानी समिति में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा किसानों के घरों में पहुँचकर नियमित रूप से भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत किसानों द्वारा पहले या दूसरे टोकन में धान बिक्री के उपरांत पात्रतानुसार शेष रकबे में धान की बिक्री करने हेतु टोकन कटाए जाने पर संबंधित किसानों का भौतिक सत्यापन कर इनके पास धान की उपलब्धता की जाँच की जा रही है। जिससे कि कोचियों एवं व्यापारियों के द्वारा किसानों के टोकन से धान की अवैध बिक्री की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके। इसके अंतर्गत बालोद विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्र पाररास के निगरानी समिति के दल में शामिल संबंधित हल्का पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं ग्राम पंचायत सचिव द्वारा दूसरे टोकन के माध्यम से अपने धान की बिक्री करने के उपरांत 26 दिसंबर को अपनी धान की बिक्री हेतु तीसरा टोकन कटाने वाले ग्राम पाररास के कृषक श्री अरविन्द कुमार के घर में पहुँचकर धान का भौतिक सत्यापन किया गया। निगरानी दल में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा भौतिक सत्यापन के दौरान किसान श्री अरविन्द कुमार के पास बिल्कुल भी धान नही पाया गया। अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा इस संबंध में पूछताछ करने पर किसान श्री अरविन्द कुमार के द्वारा उनके पास तीसरे टोकन पर धान बिक्री हेतु बिल्कुल भी धान नही होने की बात स्वीकार की गई।

भाजपा का सुशासन तिहार बना दिखावा, खाली कुर्सियों के बीच लाखों खर्च : संतोष पिल्ले

■ कहा – नगर निगम के सुशासन तिहार पर जनता का भरोसा टूटा, शिविर में नहीं पहुंची भीड़

राजनांदगांव /नव प्रदेश। नगर निगम द्वारा आयोजित सुशासन तिहार को लेकर सियासत गरमा गई है। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने आयोजन पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए इसे जनता के पैसे की बर्बादी और केवल दिखावटी कार्यक्रम करार दिया है।

श्री पिल्ले ने आगे कहा कि नगर निगम द्वारा सुशासन तिहार मनाया जा रहा है लेकिन हकीकत यह है कि जनता का इस आयोजन से भरोसा पूरी तरह उठ चुका है। स्थिति यह है कि शिविर में एक भी आम नागरिक नजर नहीं आ रहा है और पूरी की पूरी कुर्सियां खाली पड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा लाखों रुपये खर्च कर भव्य पंडाल लगाया गया है जबकि उसमें कोई मौजूद ही नहीं है। श्री पिल्ले ने तंज कसते हुए कहा कि जितनी राशि इस आयोजन में खर्च की गई है उसमें दो गरीब बच्चों का विवाह आसानी से कराया जा सकता था। यह नगर निगम के संसाधनों की खुली बर्बादी है।

विशेष ग्राम सभा का आयोजन

बालोद / नवप्रदेश। जिले में 'व्हीबी- जी राम जी' अधिनियम के प्रति जागरूकता हेतु 24 एवं 26 दिसंबर को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत के अतिरिक्त कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि नवीन योजना 'विकसित भारत- रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण' 'व्हीबी- जी राम जी' के प्रचार-प्रसार एवं योजना के संबंध में जन जागरूकता के लिए जनपद पंचायत डौण्डी के आदिवासी बहुल ग्रामों में 24 दिसम्बर 2025 एवं शेष क्षेत्रों में 26 दिसम्बर 2025 को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजित ग्राम सभा में विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण' 'व्हीबी जी राम जी' के प्रचार-प्रसार किए जाने हेतु जिला एवं जनपद पंचायत स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त गया है।

पेज 1 का शेष

छग के 27.34 लाख सहित...

नोटिस जारी करेगा। जांच के बाद ही नाम जोड़ने या हटाने का फैसला लिया जाएगा। बिना सुनवाई के किसी का नाम नहीं हटाया जाएगा।

ओडिशा में छत्तीसगढ़ के ...

कई धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया था। छत्तीसगढ़ में नक्सली एक के बाद एक करके सरेंडर कर रहे हैं। राज्य के गृहमंत्री विजय शर्मा ने भी नक्सलियों से आग्रह कर चुके हैं कि वो मुख्यधारा में शामिल हो जाएं। ऐसा नहीं करने पर पुलिस नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब देगी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मार्च 2026 से पहले छत्तीसगढ़ समेत देश को नक्सलमुक्त घोषित करने का संकल्प लिया है। इस क्रम ने नक्सलियों का लगातार एकाउंटर किया जा रहा है।

बांग्लादेशी हिंदू युवक...

विरोधी प्रदर्शनों और फिर मैमन सिंह जिले में दीपू की मॉब लिंचिंग को लेकर दोनों देशों के रिश्ते काफी बिगड़ गए हैं।

बांग्लादेश ने राजनयिक मिशनों पर हमले को लेकर चिंता जताई

बांग्लादेश ने मंगलवार को भारत में अपने राजनयिक मिशनों पर हुए हमलों को लेकर गहरी चिंता जताई। विदेश मंत्रालय के बयान के मुताबिक इन घटनाओं के विरोध में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया गया। घटनाएं नई दिल्ली और सिलीगुड़ी में हुईं। बांग्लादेश ने कहा कि यह हिंसा और डराने-धमकाने की घटनाएं अस्वीकार्य हैं। ऐसे कृत्य न सिर्फ राजनयिक कर्मचारियों की सुरक्षा को खतरे में डालते हैं, बल्कि आपसी सम्मान, शांति और सहिष्णुता जैसे मूल्यों को भी कमजोर करते हैं। विदेश मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, प्रणय वर्मा को भारत में बांग्लादेशी मिशनों की सुरक्षा स्थिति को लेकर बुलाया गया। उन्हें निर्देश दिया गया कि सभी दूतावासों और संबंधित ठिकानों की सुरक्षा कड़ी की जाए। बांग्लादेश ने आरोप लगाया कि भारत में रहकर पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना लगातार ऐसे बयान दे रही हैं, जिन्हें बांग्लादेश भड़काऊ मानता है।

बांग्लादेश बोला- भारत दूतावासों की सुरक्षा सुनिश्चित करे

बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने उच्चायुक्त से कहा कि इन घटनाओं से डिप्लोमैट्स और हाई कमीशन की सुरक्षा पर खतरा पैदा हुआ है। उसने भारत सरकार से अपील की कि वह इनकी सुरक्षा सुनिश्चित करे। बयान में यह भी कहा गया कि बांग्लादेश सरकार ने भारत सरकार से इन घटनाओं की जांच कराने, भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने और भारत में स्थित बांग्लादेश के राजनयिक मिशनों और उनसे जुड़ी सुविधाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा है। इन घटनाओं में 22 दिसंबर 2025 को सिलीगुड़ी में बांग्लादेश वीजा सेंटर में तोड़फोड़ और 20 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन शामिल है।

भारत का पहला महिलाओं...

से न्यूजीलैंड की 100 प्रतिशत टैरिफ लाइनों (8,284 टैरिफ लाइनें) पर तुरंत ड्यूटी खत्म (जीरो ड्यूटी) हो जाएगी। सरकार के अनुसार, किसानों और एमएसएमई से लेकर छात्रों और कुशल प्रोफेशनल्स तक, इस समझौते से बड़े पैमाने पर फायदा होने की उम्मीद है, जिससे एक भरोसेमंद, दूरदर्शी वैश्विक भागीदार के रूप में भारत की स्थिति मजबूत होगी और विश्व स्तर पर एकीकृत विकसित भारत 2047 के विजन को आगे बढ़ाया जाएगा।

रंजना बनी कांकेर जिले की भाजपा संगठन प्रभारी

कहा कांकेर फतह ही लक्ष्य कार्यकर्ताओ में भरा जोश

कुरूद / नवप्रदेश। प्रभारी भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं धमतरी पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू का प्रभारी बनने के उपरांत प्रथम बार कांकेर जिला के चारामा नगर आगमन हुआ। इस अवसर पर भाजपा मंडल चारामा के समस्त पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। नगर आगमन पर पुष्पमालाओं एवं जोरदार नारेबाजी के साथ श्रीमती साहू का स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में भाजपा मंडल चारामा अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश साहू, महामंत्री श्री संतोष नाहर एवं श्रीमती खुशी जोतवानी, नेता प्रतिपक्ष श्री संतोष ओझा, श्री अजय जगवानी, श्री भोजराज सोनी, श्री धर्मेंद्र कुंजाम, पार्षद श्री लोकेश सोनकर, पार्षद श्री संदीप मेश्राम, पार्षद श्री प्रियेश सेन, श्री जगेश्वर सिन्हा, श्रीमती अमिता बंजारे, श्री ललित साहू, श्री आशीष ऊईके सहित अनेक जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने तिलक वंदन करते हुए फूलमालाओं से श्रीमती रंजना साहू का अभिनंदन किए।

9 जनवरी को विशाल हिन्दू सम्मेलन

नगरी/नवप्रदेश। RSS राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष 2025 के तहत नगरी और फरसियां मंडल का संयुक्त आयोजन में विशाल हिंदू सम्मेलन 9 जनवरी को राजाबाड़ा मैदान, नगरी में किया गया है।आयोजन की तैयारियां हेतु रविवार 21-12-2025 को दोपहर 12:00 बजे डॉ जी आर देवांगन जी के निवास पर महत्वपूर्ण बैठक रखा गया था

कि 9 जनवरी 2026 को नगरी में होने वाले विशाल हिन्दू सम्मेलन में पं. युवराज पाण्डेय जी, प्रख्यात कथा वाचक, अमलीपदर-मैनपुर वाले महाराज हिन्दू सम्मेलन के मुख्य अतिथि होंगे।मुख्य वक्ता श्री हरिओम शर्मा, प्रांत कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख, छत्तीसगढ, विशिष्ठ अतिथि बी.के.निशा बहन साहू, शिक्षिका हाईस्कूल सिहावा होंगे।कार्यक्रम संयोजक आर एल देव व मोहन नाहटा ने बताया कि बैठक में सम्मेलन की अन्य तैयारियों की रूपरेखा बनी। नगरी मंडल के 14 गांव नगरी, चुरियारा, तुमबाहरा, मुकुंदपुर, कर्राघाटी, हरदीभाटा, चमेदा, देवपुर, बोधसेमरा, बिरनपुर छिपली, मोदे, अमाली, संबलपुर एवम् फरसियां मंडल के 14 गांव फरसियां, निर्राबेड़ा, चंदनबाहरा, गोरेगांव, सामतरा, टेंगना,, भैसामुड़ा , खुदुरपानी, मटियाबाहरा, चारगांव, जबर्रा, खरका, बोडरा, घोरागांव शामिल होंगे उनके ग्राम प्रमुखों के साथ बैठक करेंगे।

किसान रकबा त्रुटि सुधार न होने से परेशान, जन चौपाल में लगाई गुहार

■ **कहा-20-25 दिनों से तहसीलदार, पटवारी और समिति का लगा रहे चक्कर**

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के कई किसान रकबा त्रुटि सुधार के लिए समितियों व पटवारियों के चक्कर लगा रहे हैं। उन्हें चिंता सता रही है कि वे पूरा धान नहीं बेच पाएंगे तो कर्ज कैसे चुका पाएंगे।

पिथौरा व बागबाहरा तहसील के किसान कलेक्टर जन चौपाल में आज अपनी फरियाद लेकर पहुंचे। ग्राम गिरना पिथौरा निवासी किसान बलीराम बरिहा ने बताया कि वे अपनी 4.5 एकड़ निजी लगानी भूमि से उत्पादित धान पिछले कई वर्षों से बेचते आ रहे हैं। लेकिन इस बार मेरे भूमि स्वामी रकबा में एक भी एकड़ नहीं दिखा रहा है और न ही धान विक्रय के लिए पंजीयन हो पा रहा है। जिससे वह पिछले 20-25 दिनों से तहसीलदार, पटवारी और समिति का चक्कर लगा रहे हैं, पर समस्या का समाधान नही हो रहा, मैंने बैंक से 1.50 लाख का केसीसी लोन ले रखा है। यदि धान नहीं बिका तो मैं डिफाल्टर हो जाऊँगा। इसी तरह बागबाहरा तहसील के किसान कपिलाश ध्रुव ने बताया कि उनकी 4 हेक्टेयर भूमि है परंतु रकबे में 2 हेक्टेयर दिखा रहा है। प्रेमसिंग के पास 5 हेक्टेयर भूमि मे से 2.50 दिख रहा है। इसी तरह बागबाहरा तहसील के ही दुलेश्वरी के 2.50 हेक्टेयर में से आधा हेक्टेयर, सियाराम के 2 एकड़ में से 1 एकड़, उमरौतिन बाई के 5 एकड़ मे से 2.50 एकड़, माखन बरिहा के 4 हेक्टेयर में से आधा हेक्टेयर, नाथूराम के 5 एकड़ में से 2.5 एकड़ और सुकवारी के 1.75 एकड़ मे से एक रकबा ही आनलाइन दिख रहा है। किसानों ने बताया कि हम सभी ने खेती के लिए हजारों का केसीसी लोन ले रखा है।

किसानों पर लाखों का ऋण

रकबा सुधार के लिए कलेक्टोरेट पहुंचे किसानों में कपिलाश ध्रुव ने 1.13 लाख, प्रेमसिंग का 1.50 लाख, दुलेश्वरी का 36 हजार, सियाराम का 75 हजार रुपए का लोन है। उनका कहना है कि अगर धान नहीं बिका तो लोन कैसे चुकता होगा साथ ही हमें मजबूर होकर व्यापारियों को औने-पौने दाम पर धान बेचना पड़ेगा।

हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति सांकरा का गठन हुआ

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम सांकरा के मानस प्रांगण में हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति सांकरा का गठन किया, बैठक प्रभारी रविशंकर दुबे, स्वयं सेवक चित्रांश नागवंशी के उपस्थिति में हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति सांकरा के संयोजक सुरेश कुमार साहू, सहसंयोजक हेमलता साहू, खेमीन साहू, शशि भूषण साहू, कोषाध्यक्ष छगन साहू, सचिव राजू पटेल, का नाम चयन किया गया। तत्पश्चात बैठक में हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति सांकरा के संरक्षक धमतरी जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा, जनपद सभापति जनपद पंचायत नगरी राजेश गोसाईं, सरपंच ग्राम पंचायत सांकरा नागेन्द्र बोरझा का नाम प्रस्तावित किया गया। सदस्यगण - सुलोचना साहू, मीरा साहू, गिरवर भंडारी, कृपा राम नाग, तिरथ राम साहू, रमेश साहू, साधू राम साहू, लूनकरण साहू, पिलसाय साहू, बलदाऊ यादव, कुशल साहू, भूपेश बनपेला, नारायण साहू, बंशीलाल लाल ध्रुव, मनराखन साहू, उमेद दास मानिकपुरी, बिरेंद्र ठाकुर, ओमप्रकाश साहू, मनोनीत हुऐ।

एस आई आर के बाद मतदाता सूची प्रकाशन में 92, 700 मतदाता का नाम गायब!

■ **इनमें सर्वाधिक 54,237 महिला और 38,452 पुरुष शामिल**

■ **राजनीतिक दलों की बैठक में दी गई जानकारी**

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में 46 दिनों तक चले मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में 92 हजार 700 मतदाताओं का नाम कटे हैं। मतदाता सूची में से नाम कटने वालों में सर्वाधिक महिलाएं हैं। एस आई आर से पहले जिले में पंजीकृत मतदाताओं की संख्या 8 लाख 86 हजार 422 थीं। जो अब घटकर 7 लाख 93 हजार 722 हो गई है। पहले महिलाओं की संख्या वोटर लिस्ट में 4 लाख 53 हजार 344 और 4 लाख 33 हजार 59 पुरुष थे। एस आई आर के बाद 3 लाख 99 हजार 107 महिला और 3 लाख 94 हजार 607 पुरूष मतदाता रह गए हैं। यानी 54 हजार 237 महिला और 38 हजार 452 पुरूष कम हुए हैं।

भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देश पर 28 अक्टूबर 2025 से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का काम शुरू किया गया। इसके तहत मतदाताओं के सत्यापन एवं एसआईआर के डिजिटाइजेशन के लिए 4 नवंबर से 18 दिसंबर (संशोधित तिथि) के बीच बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर पूरा किया। आज एसआईआर के तहत निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजनीतिक दलों की बैठक एवं मीडिया प्रतिनिधियों की प्रेसवार्ता आहूत कर निर्वाचक नामावली के प्रारंभिक प्रकाशन के संबंध में विधानसभावार मतदाताओं की संख्या एवं इससे संबंधित जानकारी साझा की।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने बताया कि निर्वाचक नामावली के आज प्रारंभिक प्रकाशन के उपरांत प्रारंभिक सूची में सम्मिलित मतदाता दावा एवं आपत्ति 22 जनवरी 2026 तक प्रस्तुत कर सकेंगे। दावा एवं आपत्ति में प्राप्त वास्तविक एवं पात्र मतदाताओं का पंजीकरण कर पुनः मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत पाए गए मतदाताओं के नाम केवल एक ही स्थान पर शामिल किए जाएंगे। दावा-आपत्ति की सूची सीईओ छत्तीसगढ़ की वेबसाइट में भी अपलोड की जाएगी। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा ईआरओ द्वारा नोटिस जारी करने एवं सुनवाई की समय-सीमा आज से 14 फरवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। इसी तरह मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी मतदाताओं एवं सभी राजनीतिक दलों की सहभागिता से जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 39 सरायपाली, 40 बसना, 41 खल्लारी एवं 42 महासमुंद में कुल 7 लाख 93 हजार 722 मतदाताओं ने अपने गणना पत्र जमा करवाएं, जिनका नाम प्रारम्भिक प्रकाशन सूची में सम्मिलित हैं।

इनमें 3 लाख 94 हजार 607 पुरूष मतदाता, 3 लाख 99 हजार 107 महिला मतदाता और 8 अन्य (थर्ड जेंडर) मतदाता शामिल हैं। महासमुंद विधानसभा क्षेत्र में एक लाख 86 हजार 820 मतदाता, खल्लारी में 2 लाख 3 हजार 231, बसना में 2 लाख 10 हजार 657 मतदाता एवं सरायपाली विधानसभा क्षेत्र में एक लाख 93 हजार 14 मतदाताओं के नाम प्रारंभिक सूची में दर्ज किया गया है।

संयुक्त टीम ने दो दिनों में 728 कट्टा धान किया जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। अवैध धान भंडारण एवं अंतर्राज्यीय परिवहन पर सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा बीती रात और आज अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 728 कट्टा अवैध व संदिग्ध धान जब्त किया गया।

सरायपाली विकासखंड अंतर्गत एसडीएम अनुपमा आनंद के नेतृत्व में ग्राम खम्हारपाली में संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई के दौरान 118 कट्टा अवैध धान पाया गया। मौके पर ही धान को जब्त कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए थाना सिंघोड़ा को सुपुर्द किया गया। इसी तरह ग्राम जंगलबेड़ा में एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा संग्रहित 450 कट्टा संदिग्ध धान पाया गया। राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा धान को जब्त कर जांच प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। संबंधित व्यक्ति की पहचान एवं धान के स्रोत की विस्तृत जांच की जा रही है। वहीं अंतर्राज्यीय अवैध परिवहन पर कार्रवाई करते हुए सिरपुर चेकपोस्ट पर ओडिशा से धान लेकर आ रहे एक वाहन को रोका गया। जांच के दौरान वाहन में 160 कट्टा धान पाया गया, जिसे मंडी एवं राजस्व विभाग की टीम द्वारा जब्त किया गया। मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

जिला प्रशासन ने निर्देशित करते हुए कहा है कि धान खरीदी व्यवस्था की पारदर्शिता बनाए रखने तथा किसानों के हितों की रक्षा के लिए अवैध भंडारण, परिवहन एवं व्यापार पर सख्ती से निगरानी जारी रहेगी।

पालिका अध्यक्ष साहू ने किया अटल परिसर का निरीक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने आज कचहरी चौक में निर्माणाधीन अटल परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री साहू ने निर्माण कार्य में गति लाने तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधान मंत्री अटल जी के पुण्य स्मृतियों को संजोए रखने उनके नाम पर यह स्मारक बनाया जा रहा है। इसके निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर हेमंत पिस्दा एवं विभागीय कर्मचारी दुर्गेश कुंजेकर, यशवंत ठाकुर, उमेश साहू आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम में शामिल हुए तुषार

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम कांपा में आयोजित गुरु घासीदास जयंती में भाजपा व किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ने का संकल्प लें। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों में शामिल होकर लोगों को जागरुक करें।

जनपद उपाध्यक्ष ने पिलाई पोलियो की खुराक

महासमुंद/नवप्रदेश। बच्चों के सुरक्षित और उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिए ग्राम बेलसोंडा स्थित स्वास्थ्य केंद्र में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेन्द्र चंद्राकर ने नौनिहालों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर अभियान की शुरूआत की। कार्यक्रम में सरपंच प्रीति धीवर, उपसरपंच कुणाल चंद्राकर, स्वास्थ्य कार्यकर्ता नंदिनी चंद्राकर, मितानिन व पंच कुंती धीवर, मितानिन कुंती चंद्राकर, लक्ष्मी देवांगन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

विश्व ध्यान दिवस पर ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा मांदागिरी पर्वत पर सामूहिक ध्यान कार्यक्रम

नगरी/नवप्रदेश। 21 दिसंबर विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नगरी द्वारा गौतम ऋषि की तपोभूमि मांदागिरी पर्वत पर सामूहिक योग एवं ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विश्व में शांति, सकारात्मकता एवं सद्भाव की किरणें फैलाना रहा।

इस अवसर पर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना बहन सहित संस्था के समस्त भाई-बहनों ने सामूहिक रूप से ध्यान कर विश्व शांति की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी भावना बहन ने सभी को विश्व ध्यान दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज की व्यस्त और तनावपूर्ण जीवनशैली में मानसिक सुकून के लिए मेडिटेशन अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि ध्यान के माध्यम से व्यक्ति अपने विचारों पर नियंत्रण प्राप्त करता है, जिससे मन शांत एवं स्थिर होता है। मेडिटेशन से एकाग्रता और स्मरण शक्ति में वृद्धि होती है तथा यह केवल मन और बुद्धि तक सीमित न होकर शारीरिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। ध्यान से शरीर स्वस्थ, ऊर्जावान और सक्रिय बनता है।

वही भावना बहन ने कहा कि आज मनुष्य को संसार का ज्ञान तो है, लेकिन स्वयं का ज्ञान नहीं है। मेडिटेशन के माध्यम से हम परम सत्ता परमात्मा से जुड़ते हैं, जिससे आत्मज्ञान की प्राप्ति होती है और अपने गुणों व शक्तियों की पहचान होती है। नियमित ध्यान से मन शांत, अंतर्मुखी, तेजस्वी और ऊर्जावान बनता है।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी साधकों ने ध्यान करते हुए विश्व शांति, सुख और समृद्धि का संकल्प लिया।

पुलिस ने 13 लोगों से 373.44 लीटर शराब की जब्त

आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में शराब की अवैध बिक्री धड़ल्ले से जारी है। जिला पुलिस ने एक ही दिन में 12 प्रकरणों में 13 व्यक्तियों के कब्जे से 373.44 लीटर शराब बरामद की है। जब्त शराब की कीमत 76 हजार 340 रूपए बताई गई है। उक्त सभी मामलों में पुलिस ने आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

21 दिसंबर को सांकरा थाना क्षेत्र के शंकरपुर टुकड़ा बनडबरी निवासी तेजकुमार खुंटे (26) के कब्जे से 120 लीटर हाथ भटठी महुआ शराब (कीमती साढ़ें 24 हजार रुपए) जब्त किया गया। सिंघोड़ा थाना क्षेत्र के 1 प्रकरण में डोंगारक्शा निवासी गुलापी बरिहा (40) 3 नग प्लास्टिक जरकीन में 60 लीटर एवं 5-5 लीटर वाली जरकीन में कुल 10 लीटर तथा 2 नग बॉटल में 2 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब, कुल 72 लीटर महुआ शराब (कीमती 14 हजार 700 रुपए) जब्त किया गया। इसी तरह सिटी कोतवाली महासमुंद में 2 प्रकरणों में नयापारा निवासी महेन्द्र कोसले, धर्मेन्द्र कोसले एवं रोहित यादव (24) से कुल 88 लीटर शराब (कीमती 20 हजार रुपए) जब्त किया गया। वहीं, थाना पिथौरा में 1 प्रकरण में ग्राम सलडीही, सांकरा निवासी सुरेश सेन (45) के कब्जे से 7 लीटर शराब (कीमती 1400 रूपए जब्त) कर कार्रवाई की गई। थाना बसना में 2 प्रकरणों में 2 व्यक्ति ग्राम बोहारपार निवासी विनोद साहू (34) व ग्राम जगदीशपुर निवासी नरोत्तम रौतिया (42) के कब्जे से कुल 22 लीटर शराब (कीमती 4 हजार 400 रुपए जब्त) किया गया। इसके अलावा थाना सरायपाली में 2 प्रकरणों में 2 व्यक्ति ग्राम बालसी निवासी बैशाखू अजय (32) एवं ग्राम जोगीडीपा परीक्षित चौहान (48) के कब्जे से कुल 28.7 लीटर शराब (कीमती 5 हजार 740 रूपए) जब्त किया गया।

मंजू ध्रुव बनीं गरियाबंद जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष

छुरा /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस संगठन ने गरियाबंद जिले में संगठन को नई धार देने के उद्देश्य से बड़ा फैसला लिया है। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद फुलो देवी नेताम द्वारा जारी नियुक्ति आदेश के तहत श्रीमती मंजू ध्रुव को गरियाबंद जिला महिला कांग्रेस का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह आदेश 21 दिसंबर 2025 से तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। प्रदेश महिला कांग्रेस की ओर से जारी आधिकारिक आदेश में कहा गया है कि श्रीमती मंजू ध्रुव कांग्रेस पार्टी के सिद्धांतों, नीतियों और संगठनात्मक कार्यों में लंबे समय से सक्रिय रही हैं। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, सामाजिक जुड़ाव और महिलाओं के बीच मजबूत पकड़ को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी : नियुक्ति आदेश में यह अपेक्षा भी जताई गई है कि नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मंजू ध्रुव गरियाबंद जिले में महिला कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करेंगी। वे महिलाओं को संगठन से जोड़ने, पार्टी की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम महिला तक पहुंचाने का कार्य करेंगी।

कार्यकर्ताओं में उत्साह

मंजू ध्रुव की नियुक्ति की खबर के बाद गरियाबंद जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और महिला कांग्रेस पदाधिकारियों में उत्साह देखा जा रहा है।

सुशासन सप्ताह | **141 लोगों ने समस्याओं को लेकर दिया आवेदन, 27 का त्वरित हुआ निराकरण**

सुशासन शिविर में महिला सरपंच का देशी -विदेशी शराब दुकान खोलने की मांग

छुरा/ नवप्रदेश। छुरा विकासखंड के ग्राम पंचायत अकलवारा में सुशासन सप्ताह ङ्क प्रशासन गांव की ओर अभियान के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर महज औपचारिकता नहीं रहा, बल्कि यह शिविर ग्रामीणों की वर्षों से लंबित समस्याओं का मंच बन गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी के बीच शासन की योजनाओं के दावे और ज़मीनी हकीकत पर खुलकर चर्चा हुई।

141 आवेदन, 27 का त्वरित निराकरण : शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 141 समस्याएं और मांगें सामने आईं, जिनमें से 27 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर प्रशासन ने राहत दी, जबकि शेष 115 आवेदनों को विभागीय कार्यवाही में लेने की घोषणा की गई।

शराब दुकान को लेकर चौंकाने वाली मांग

ग्राम खड़मा के सरपंच, जनपद सदस्य एवं ग्रामीणों ने ग्राम में देशी एवं विदेशी शराब दुकान खोलने संबंधी आवेदन सौंपकर नया विवाद खड़ा कर दिया। वहीं गांव के ही रुद्रकुमार एवं चुकु कुमार ने आबकारी विभाग से लिखित जानकारी मांगी कि वे रोजाना सेवन के लिए कितनी मात्रा में मदिरा दुकान से खरीदकर रख सकते हैं।

राजस्व विभाग पर तीखा हमला

जनपद पंचायत छुरा की अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने शिविर में राजस्व विभाग की कार्यशैली पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सीमांकन जैसे कार्यों के लिए ग्रामीणों को महीनों तक दौड़ाया जाता है, वहीं आपसी भूमि बंटवारे में भी भर्राशाही हावी है। उन्होंने साफशब्दों में कहा कि यदि कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ तो आम जनता का भरोसा प्रशासन से उठ जाएगा।

उन्होंने बताया कि शराब लेने के लिए उन्हें रोज छुरा और फिंगेश्वर जैसे 20 किलोमीटर दूर स्थानों तक जाना पड़ता है, जिससे उन्हें भारी परेशानी हो रही है।

धान उठाव बना बड़ा मुद्दा

शिविर के दौरान धान उठाव में देरी का मामला सबसे अधिक गरमाया जनप्रतिनिधि पन्नालाल ध्रुव ने अधिकारियों को घेरते हुए कहा कि समय पर धान उठाव नहीं होने से किसान परेशान हैं और खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था फैली हुई है। इस पर अधिकारियों ने जानकारी दी कि धान उठाव के लिए एआरओ जारी किया जा चुका है।

पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मुकेश यादव ने किया क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

खिलाड़ियों से कहा अनुशासन ही सफलता की कुंजी

पिथौरा/नवप्रदेश। स्वर्गीय दुष्यंत साहू की स्मृति में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि मुकेश यादव पूर्व उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत के कर-कमलों से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि लोकनाथ नायक ने की।

मुख्य अतिथि मुकेश यादव अपने आसंदी से संबोधन ?खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा खेल केवल हार-जीत का माध्यम नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण की पाठशाला है। ग्रामीण अंचलों में छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने के लिए ऐसे आयोजन मील का पत्थर साबित होते हैं। उन्होंने स्वर्गीय दुष्यंत साहू जी को नमन करते हुए आगे कहा कि, स्मृति में किए जाने वाले ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। युवाओं को खेल के मैदान में पसीना बहाकर न केवल शारीरिक रूप से मजबूत होना चाहिए,

बल्कि खेल भावना और अनुशासन को अपने जीवन में भी उतारना चाहिए।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जामपाली के पूर्व सरपंच जगत देवदास, उप सरपंच मोहित यादव एवं लालाराम नाग उपस्थित रहे। एवं ?पंच विमला धृत लहरे, पंच दुर्गा ध्रुव ?योगेश साहू, मेहतर प्रजापति, सोमनाथ पटेल

गोपी यादव, कौसर रोहिल्ला, राहुल अजमानी, सुदर्शन मुन्ना रमेश प्रधान, जगदीश प्रधान एवं रामदास मानिकपुरी उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

सर्व समाज ग्राम समन्वय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

नगरी / नवप्रदेश। नगरी विकासखंड के अंतिम छोर स्थित ग्राम करैहा में शनिवार को सर्व समाज ग्राम समन्वय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम पंचायत करैहा सहित आसपास के ग्राम आमदी, नवापारा, आरमुड़ा, पलारीखार, झुझराकसा, अर्जुनी, लिटीपारा, सांकरा, चिवरी, बेडवापथरा एवं कुकरीकोना के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में सहभागिता रही।जिसमे बैठक में क्षेत्र में सामाजिक विषयों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही आने वाले समय को देखते हुए सामाजिक जागरूकता, परंपराओं के संरक्षण एवं आपसी समन्वय को मजबूत करने पर अपने विचार साझा किए। साथ ही गांवों में सामाजिक एकता बनाए रखने और लोगों को जागरूक करने के लिए सामूहिक प्रयास करने पर सहमति बनी। धर्मांतरण को लेकर गांव के लोगों के द्वारा सदस्यों का विवरण संकलित किए जाने पर भी चर्चा हुई। गांव में बाहर से आने वाली पादरियों पर विशेषण नजर रखने की बात लोगों को कही गई

बाबा के उपदेश समस्त मानव जाति के लिए अनुकरणीय: त्रिभुवन

महासमुंद/ नवप्रदेश। ग्राम पचरी में गुरु घासीदास बाबा की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। पचरी में प्रथम बार पूर्व सांसद स्व. मिनीमाता ने प्रथम जय स्तंभ पर पालो चढ़ाया था, तब से आज पर्यंत हर वर्ष 20 दिसंबर को जयंती का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष व समाज प्रमुख त्रिभुवन महिलांग रहे। अध्यक्षता सरपंच सरिता चुड़ामणी डड़सेना ने कीं। श्री महिलांग ने कहा कि पचरी में आयोजित जयंती समारोह को देखने हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों का उत्साह बाबा का संदेश मनखे-मनखे एक समान सत्य होता दिख रहा है। कार्यक्रम को डीईओ लहरे, रमता डे व सरपंच सरिता चूड़ामणि ने भी संबोधित किया।

सेवा सुगंधम सामाजिक जनकल्याण समिति ने दो बेटियों का कराया विवाह

धरसींवा / क्लासिक सिटी परसुलीडीह में 19 वाँ पुत्री परिणय संस्कार उत्सव का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें सेवा सुगंधम सामाजिक जन कल्याण समिति रायपुर ने दो कन्याओं सौ. कां. चमेली राय संग दुर्गेश एवं सौ. कां चितरेखा संग लुकेश का विवाह सम्पन्न कराया । सेवा सुगंधम संस्था प्रमुख टिकेंद्र उपाध्याय ने बताया कि जरूरत मंद दो बेटियों का विवाह दिनांक 20 दिसंबर को पूरे रीति रिवाज के साथ क्लासिक सिटी परसुली डीह मे सम्पन्न कराया गया । कार्यक्रम स्थल पर प्रख्यात पंडवानी गायक फूल सिंह कन्नौजे एवं उनके साथियों के द्वारा विशेष प्रस्तुति दी गई जहां पर सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे ।

विकास को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा में नई जिम्मेदारी

गरियाबंद / नवप्रदेश। . भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य नियुक्त होने के बाद सोमवार को विकास साहू ने जिले के वरिष्ठ भाजपा नेताओं से सौजन्य मुलाकात की और उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने राजिम विधायक रोहित साहूए राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहूए जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर एवं पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय से भेंट की। मुलाकात के दौरान वरिष्ठ नेताओं ने विकास साहू को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का मार्गदर्शन दिया। वहीं विकास साहू ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जो विश्वास उन पर जताया हैए वे उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे और संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। वही विकास साहू ने विश्वास दिलाया कि वे पिछड़ा वर्ग मोर्चा के माध्यम से संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने का काम करेंगे तथा पार्टी हित में पूरी निष्ठाए ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

चिल्फी घाटी में कड़ाके की ठंड, ओस बनी बर्फ की चादर

■ **छत्तीसगढ़ के ' मिनी शिमला' में ठिठुरन बढ़ी, जनजीवन प्रभावित**

कवर्धा / नवप्रदेश।। छत्तीसगढ़ के मिनी शिमला के नाम से प्रसिद्ध कबीरधाम जिले की चिल्फी घाटी में अब कड़ाके की ठंड ने बनी हुई है । बीते कुछ दिनों से तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे देर रात और तड़के सुबह पूरा इलाका घने कोहरे की चादर में लिपटा नजर आ रहा है। पेड़-पौधों की पत्तियों, घास, खेतों और छतों पर ओस की बूंदें बर्फके रूप में जमती दिखाई दे रही हैं, मानो प्रकृति ने सफेद चादर ओढ़ा दी हो।

हर साल चिल्फी घाटी में तेज ठंड पड़ती है, लेकिन इस बार ठंड का असर कुछ अधिक और पहले देखने को मिल रहा है। बादल छंटने के बाद न्यूनतम तापमान में रोजाना गिरावट हो रही है। चिल्फी घाटी का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ठंड का असर अब सिर्फ रात तक सीमित नहीं रहा, बल्कि दिन में भी ठिठुरन महसूस की जा रही है। ओस से बर्फ नज़ारे हुए मनमोहक-सुबह-सुबह सूखी घास, हरी पत्तियां, धान के खेतों में रखे पैरा, फसलें, गांवों की घास-फूस की झोपड़ियां और मकानों की छतें बर्फीली ओस से ढकी नजर आ रही हैं। यह दृश्य पर्यटकों के लिए भले ही मनमोहक हो, लेकिन स्थानीय ग्रामीणों के लिए यह ठंड परेशानी का सबब बनती जा रही है।

वनांचल में सबसे ज्यादा असर

बोड़ला विकासखंड के वनांचल क्षेत्रों—चिल्फी घाटी, तरेगांव जंगल, आमानारा, लरबी, दलदली, कुकरापानी, बनगौरा, सुकझर, पीपरखूंटा, साजपानी, चेंद्रा दादर, बाकी, मुंडादादार, सहित रेंगाखार, झलमला, समनापुर, बहनाखोदरा, सिवनी, धवईपानी और बोड़ाखार क्षेत्र में ठंड का असर सबसे ज्यादा देखा जा रहा है। पिछले दो-चार दिनों से इन इलाकों में ठंड अचानक बढ़ी है। सुबह 8 बजे तक भी कोहरा छाया रहता है, जिससे लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई मार्गों पर दृश्यता कम होने से वाहन चालकों को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ रही है।

जनजीवन प्रभावित–चिल्फी घाटी के वनांचल में हाड़ कंपा देने वाली ठंड के कारण जनजीवन प्रभावित होने लगा है। ग्रामीण अलाव का सहारा ले रहे हैं, वहीं बुजुर्गों और बच्चों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत पड़ रही है। शहर कवर्धा में भी ठंड का असर बढ़ने लगा है।मौसम विभाग के संकेतों के अनुसार, आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट संभव है। ऐसे में चिल्फी घाटी समेत पूरे कबीरधाम जिले में ठंड का असर और तेज होने की संभावना जताई जा रही है।

बागबाहरा के 18 खिलाड़ियों ने जीते 20 राष्ट्रीय पदक

जूनियर नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप में 4 खिलाड़ी होंगे शामिल

महासमुंद / नवप्रदेश। 45वीं एनटीपीसी जूनियर (इंडियन राउंड, कंपाउंड राउंड एवं रिकर्व राउंड) नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप का आयोजन रायपुर छत्तीसगढ़ में 22 से 30 दिसंबर तक आयोजित है।

महासमुंद जिले के 04 खिलाड़ी खोपली निवासी कमलेश साहू, मौलीमुड़ा निवासी चांदनी साहू, बिहाझर निवासी पद्मा साहू व भोरिंग महासमुंद निवासी देविका साहू शामिल होंगे। हाल ही में चांदनी साहू ने सीनियर नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप महिला वर्ग के इंडियन राउंड में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 50 मीटर व्यक्तिगत स्पर्धा में शामिल होकर रजत पदक एवं टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीतने में सफलता हासिल कर चुकीं हैं। नेशनल गेम्स उत्तराखंड में चांदनी साहू 02 पदक जीतने में सफलता हासिल कर चुकीं हैं। छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा चांदनी साहू को महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव पुरस्कार प्रदान किया गया है।

पद्मा साहू नेशनल गेम्स उत्तराखंड में भागीदारी करने के साथ ही सब-जूनियर नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप रायपुर में 03 पदक जीतने में सफलता हासिल कर चुकी हैं। इस बार जूनियर नेशनल में बेहतर प्रदर्शन करने एवं पदक जीतने की उम्मीद जताई गई हैं। वर्ष 2008 से बॉल आश्रम बिहाझर बागबाहरा में तीरंदाजी खेल का अभ्यास डॉ. विकास अग्रवाल (पूर्व अधीक्षक बॉल आश्रम बिहाझर) के माध्यम से चलाया गया। 2008 से अब तक 18 खिलाड़ियों ने लगभग 40 से अधिक नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप में भागीदारी कर 20 राष्ट्रीय पदक जीतने में सफलता हासिल की हैं। बॉल आश्रम बिहाझर बागबाहरा के राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में भागीदारी करने वाले खिलाड़ियों में एवन कुमार साहू, नवलीन कौर, संजय सोनवानी, नरेश साहू, पद्मा साहू, चांदनी साहू, सत्यभामा साहू, हेमंत निषाद, तोरण यादव, नयन सिंह, जया साहू, कमलेश साहू, तृषा प्रजापति, वैशाली साहू, लक्ष्मण चंद्राकर, टुकेश, राहुल यादव, पीयूष, चांदनी साहू, पीरित राम साहू शामिल हैं, इन खिलाड़ियों में से एवन कुमार साहू ने सोनीपत हरियाणा में जूनियर इंडिया तीरंदाजी कैंप (एनआरटी) के माध्यम से चयनित हुए थे। पद्मा साहू भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) सोनीपत हरियाणा में प्रशिक्षण प्राप्त कर साऊथ कोरिया में जाकर किम हांग टक आर्चरी ट्रेंनिंग सेंटर कोरिया में कोरियन प्रशिक्षक द्वारा ट्रेनिंग प्राप्त की हैं। नवलीन कौर सतारा महाराष्ट्र से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी हैं। संजय सोनवानी एवं राहुल यादव, सत्यम साहू, हेमंत निषाद भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) रायपुर से प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं। चांदनी साहू, चांदनी, जया साहू, वैशाली साहू, जया पहाटिया, टुकेश, पीयूष, कमलेश साहू ने खेलो इंडिया एक्सीलेंसी सेंटर बहतराई बिलासपुर से प्रशिक्षण प्राप्त किए है। नरेश साहू, सत्यभामा, कुशो राम ने कोदूराम वर्मा तीरंदाजी अकादमी रायपुर से प्रशिक्षण प्राप्त किए है। खेलों इंडिया तीरंदाजी सेंटर खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग महासमुंद में वर्ष 2023 से संचालित हैं, जिसके माध्यम से खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल हो रहे हैं।

मिशन प्रवेश 2025 से गरियाबंद में शैक्षणिक नवाचार

■ **नवोदय सहित राष्ट्रीय परीक्षाओं में चयन प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि**

गरियाबंद /गरियाबंद । भौगोलिक रूप से सुंदर लेकिन सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों वाला क्षेत्र रहा है, जहाँ शासकीय विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में भागीदारी सीमित रही है। विगत वर्षों में यह अनुभव करते हुए कि क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है, बल्कि सुनियोजित मार्गदर्शन, सतत अभ्यास एवं परीक्षा अनुकूल परिवेश का अभाव है। इस स्थिति को बदलने के उद्देश्य से वर्ष 2024-25 में जिला प्रशासन द्वारा मिशन प्रवेश 2025 की शुरुआत की गई। जिसका लक्ष्य नवोदय, प्रयास, एकलव्य एवं मेरिट छात्रवृत्ति जैसी परीक्षाओं में शासकीय विद्यालयों से अधिकतम चयन सुनिश्चित करना है। कक्षा 5वीं एवं 8वीं की शैक्षणिक गुणवत्ता में संस्थागत सुधार, नियमित शिक्षण से एकीकरण, शिक्षक का नेतृत्व और अकादमिक उत्तरदायित्व को सुदृढ़ करना है। अभियान के अंतर्गत सर्वसमावेशी पंजीयन अंतर्गत जिले के समस्त पात्र विद्यार्थियों का पंजीयन कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी प्रतिभाशाली छात्र अवसर से वंचित न रहे। इससे प्रारंभिक स्तर पर ही संभावित विद्यार्थियों की पहचान संभव हो रही है। अक्टुबर माह से कक्षा 5वीं एवं 8वीं में प्रतिदिन अंतिम कालखण्ड में परीक्षा उन्मुख शिक्षण के साथ विभिन्न विषयों जैसे गणित, हिन्दी, विज्ञान एवं तार्किक क्षमता, पाठ्यक्रम आधारित प्रश्न, पूर्ववर्ष प्रश्नपत्र का अभ्यास एवं अभ्यास पत्रक के माध्यम से तैयारी कराया जा रहा है। प्रत्येक शनिवार स्कूल स्तर पर 1 घंटे की विशेष कोचिंग एवं ओएमआर आधारित मॉकटेस्ट, उसी दिन मूल्यांकन एवं फिडबैक के द्वारा परीक्षा के लिए अनुभव एवं आत्मविश्वास विकसित किया जा रहा है।

जिले के 150 से अधिक स्कूल केंद्रों में साप्ताहिक कोचिंग व्यवस्था, प्राचार्य को नोडल का दायित्व, ब्लॉक एवं जिला स्तर पर स्क्रीनिंग टेस्ट, शिर्ष विद्यार्थियों के लिए जिला स्तरीय कार्यशालाएँ आयोजित कर निगरानी एवं उत्तरदायित्व की स्पष्ट संरचना निर्मित की जा रही है।

कलेक्टर ने मैनपुर में योजनाओं का किया आकस्मिक निरीक्षण

■ **छात्रावास में जलभराव की समस्या का लिया संज्ञान**

■ **नाली निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश**

गरियाबंद / नवप्रदेश। कलेक्टर श्री बीएस उइके ने विगत दिवस विकासखंड मैनपुर में शासन द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का आकस्मिक निरीक्षण कर जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मैनपुर के स्थानीय लोगों की मांग एवं शिकायतों को सुना। स्थानीय जनप्रतिधियों एवं जनता से प्राप्त शिकायतों के आधार पर कलेक्टर श्री उइके ने छात्रावास का भौतिक सत्यापन कर तथ्यों की जानकारी ली। उन्होंने मैनपुर के आदिवासी बालक आश्रम पहुँचकर छात्रावास के सामने भरे पानी का मुआयना किया। इस संबंध में उन्होंने बुनियादी सुविधाओं के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि हॉस्टल के सामने भरी पानी को तत्काल खाली कराये। इसके अलावा स्थायी पानी निकासी के लिए नाली निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। नाली निर्माण के लिए बनाएं जाने वाले स्थानों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने सभी मापदंडों को ध्यान में रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्रम के सामने बने अवैध अतिक्रमण को हटाने के नोटिस देने के निर्देश दिए।

गौरव गरियाबंद अभियान से बोर्ड परिणामों में निरंतर सुधार

■ **10वीं में 80 प्रतिशत एवं 12वीं में 90.10 प्रतिशत उपलब्धि**

गरियाबंद / नवप्रदेश। 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों में निरंतर एवं गुणात्मक सुधार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन गरियाबंद द्वारा विगत दो वर्षों से गौरव गरियाबंद अभियान का योजनाबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस अभियान का प्रमुख लक्ष्य शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शैक्षणिक क्षमता को सुदृढ़ करना, परीक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना तथा शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों के बीच समन्वय स्थापित करना है, जिससे जिले के शैक्षणिक परिणाम राज्य स्तर पर बेहतर हो सकें।

अभियान के अंतर्गत बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए विषयवार कार्ययोजना तैयार की गई। कमजोर अध्यायों एवं विषयों की पहचान कर विशेष शिक्षण सत्र, अतिरिक्त कक्षाएँ एवं संदेह समाधान कक्षाओं का आयोजन किया गया। मॉडल प्रश्नपत्र, अभ्यास पत्रक, पूर्ववर्ष के प्रश्नपत्रों का नियमित अभ्यास तथा समयबद्ध मूल्यांकन के माध्यम से विद्यार्थियों को परीक्षा पैटर्न से भली-भांति परिचित कराया गया। स्कूल, संकुल, विकासखंड एवं जिला स्तर पर मॉक टेस्ट आयोजित कर विद्यार्थियों की प्रगति की सतत निगरानी की गई और प्राप्त परिणामों के आधार पर सुधारात्मक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

गौरव गरियाबंद अभियान के इन समन्वित प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव बोर्ड परीक्षा परिणामों में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ है। विगत वर्ष 10वीं बोर्ड परीक्षा में जिले का कुल परिणाम 80 प्रतिशत रहा, जबकि 12वीं बोर्ड परीक्षा में 90.10 प्रतिशत का उल्लेखनीय परिणाम दर्ज किया गया। 12वीं कक्षा में गरियाबंद जिले ने राज्य स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त किया, वहीं 10वीं कक्षा में जिले की रैंक 14वीं रही। यह उपलब्धि विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि दो वर्ष पूर्व 12वीं कक्षा में जिले की रैंक 22वीं तथा 10वीं कक्षा में 18वीं थी इन उपलब्धियों से यह सिद्ध होता है कि सतत प्रयास, प्रभावी अकादमिक नेतृत्व एवं टीमवर्क के माध्यम से शैक्षणिक गुणवत्ता में व्यापक सुधार संभव है। गौरव गरियाबंद अभियान ने जिले को शिक्षा के क्षेत्र में एक सशक्त, प्रेरक एवं अनुकरणीय मॉडल के रूप में स्थापित किया है, जो आगामी वर्षों में और अधिक उत्कृष्ट परिणामों की दिशा में मार्ग प्रशस्त कर रहा है।गरियाबंद 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों में निरंतर एवं गुणात्मक सुधार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन गरियाबंद द्वारा विगत दो वर्षों से गौरव गरियाबंद अभियान का योजनाबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस अभियान का प्रमुख लक्ष्य शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शैक्षणिक क्षमता को सुदृढ़ करना, परीक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना तथा शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों के बीच समन्वय स्थापित करना है, जिससे जिले के शैक्षणिक परिणाम राज्य स्तर पर बेहतर हो सकें। अभियान के अंतर्गत बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए विषयवार कार्ययोजना तैयार की गई। कमजोर अध्यायों एवं विषयों की पहचान कर विशेष शिक्षण सत्र, अतिरिक्त कक्षाएँ एवं संदेह समाधान कक्षाओं का आयोजन किया गया।

इस्कॉन मंदिर का निर्माण क्षेत्र की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक देगा पहचान: डॉ. रमन सिंह

■ **ढोल-नगाड़ों व आतिशबाजी से गूंजा तिरंगा चौकए सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार अभिनंदन**

गरियाबंद / नवप्रदेश। इस्कॉन मंदिर के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होने सोमवार को गरियाबंद पहुंचे छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉण् रमन सिंह का तिरंगा चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य और उत्साहपूर्ण स्वागत किया। स्वागत के दौरान ढोल.नगाड़ों की गूंजए आतिशबाजी और पुष्पवर्षा से पूरा क्षेत्र भाजपा रंग में रंगा नजर आया। स्वागत कार्यक्रम की अगुवाई भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने की। इस अवसर पर महासमुंद लोकसभा सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी राजिम विधायक रोहित साहू महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। डॉ. रमन सिंह के आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता स्वागत के लिए तिरंगा चौक पर एकत्रित हुए। उल्लेखनीय है कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का गरियाबंद जिले से विशेष लगाव रहा है। उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान यह जिला विकास की प्राथमिकता में रहाए जिसके चलते आज भी कार्यकर्ताओं और आमजन में उनके प्रति विशेष आत्मीयता देखने को मिलती है। कार्यकर्ताओं के स्वागत से अभिभूत डॉण् रमन सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गरियाबंद में इस्कॉन मंदिर का निर्माण क्षेत्र की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाई देगा। ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र समाज में सकारात्मक ऊर्जाए संस्कार और समरसता का संचार करते हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक गोवर्धन सिंह मांझीए डमरूधर पुजारीए संतोष उपाध्यायए बलदेव सिंह हुंदलए लालिमा ठाकुरए नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादवए जिला कोषाध्यक्ष अजय रोहराए गुरुनारायण तिवारीए ईश्वर साहूए सुरेंद्र सोनटेकेए नरोत्तम साहूए लेखराम ध्रुवाए राधेश्याम सोनवानीए सागर मयाणीए मिलेश्वरी साहूए फारुख चौधरीए प्रशांत मानिकपुरीए महिला मोर्चा अध्यक्ष बिंदु सिन्हा आदि मौजूद रहे।

भाजपा के कार्यशाला में आगामी चुनाव में चारों सीटें जीतने का रखा लक्ष्य

■ **मंच पर भाजपा नेता और बैठे हुए पदाधिकारी**

■ **संगठन प्रभारी ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश**

महासमुंद / नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी महासमुंद विधानसभा एसआईआर द्वितीय चरण की कार्यशाला विधायक कार्यालय के प्रांगण में सम्पन्न हुई। कार्यशाला में प्रमुख वक्ता भाजपा प्रदेश मंत्री व महासमुंद जिला के संगठन प्रभारी जयंती पटेल, रायपुर कार्यशाला प्रभारी लक्ष्मी वर्मा, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, अध्यक्ष कृषि एवं बीज निगम छ.ग. शासन चन्द्रहास चंद्राकर, पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर, जिला महामंत्री थानसिंग दीवान, जिला उपाध्यक्ष सतपाल पाली, जिला कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर, मनीष बंसल, नारेन्द्र गिरी, आनंद साहू , अरविंद प्रहरे, हनी गंभीर, देवीचन्द राठी, लक्ष्मीकांत तिवारी, सम्मी सलूजा, मोती साहू, धरम पटेल, महेन्द्र सिका, तेजेन्द्र शर्मा, डिगेश्वरी चंद्राकर, चन्द्रहास चंद्राकर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष स्मिता चंद्राकर मंचस्थ थे।

विधानसभा से लगभग 400 पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने कार्यशाला में भाग लिए। संगठन प्रभारी जयंती पटेल ने कार्यकर्ताओं में जोश व उत्साह का संचार करते हुए कहा कि हमें आने वाले चुनाव में जिले की चारों सीटों पर विजय प्राप्त करना है इसके लिए सब मिलकर काम करेंगे। माह में 10 दिन मेरा जिले में दौरा रहेगा। बूथ स्तर तक पहुंचकर पार्टी के युवाओं में जागृति लायी जाएगी।

कार्यशाला प्रभारी लक्ष्मी वर्मा ने मंडल अनुसार पांच मंडल के कार्यों की समीक्षा की एसआईआर के द्वितीय चरण को लेकर गहन मार्गदर्शन दिया गया। विधायक योगेशवर राजू सिन्हा ने कहा कि भाजपा संगठन कार्यकर्ताओं पर आधारित है। कार्यकर्ता ही पार्टी कीरीढ़ हैं। विश्व में भाजपा का संगठन सबसे बड़ा है।

खेल से अनुशासन, दृढ़ता और रणनीतिक सोच विकसित होती है - कृष्णकांत

कुरूद/नवप्रदेश। ग्राम नवीन जोरातराई में आयोजित जिला स्तरीय बॉलीबॉल प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर पहुंचे कृष्णकांत साहू भाजपा मण्डल तहसील साहू समाज अध्यक्ष कुरूद ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपने बॉलीबॉल खेल को बेहतर बनाने के लिए जो आयोजन किया है वह कबीले तारीफहै बॉलीबॉल सिर्फएक खेल नहीं, बल्कि जीवन की पाठशाला है, जो हमें टीम वर्क, अनुशासन, दृढ़ता, नेतृत्व और रणनीतिक सोच सिखाता है, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, तथा हार-जीत को सम्मानपूर्वक स्वीकारने का पाठ पढ़ाता है, जो शिक्षा के साथ मिलकर हमें एक संपूर्ण और सफ्ल व्यक्ति बनाता है, जिसमें कड़ी मेहनत, एकाग्रता और दूसरों के प्रति सम्मान जैसे मूल्य समाहित होते हैं।कार्यक्रम में उपस्थित पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष प्रेमचंद साहू काशीराम दीवान बूथ अध्यक्ष मनहरण साहू शत्रुघन व प्रतियोगिता में अंपायरिंग कर रहे कुरूद के खिलाड़ी मुकेश पवार भी उपस्थित रहें..।

गुरु घासीदास जयंती पर शामिल हुए सांसद बृजमोहन एवं शिवरतन

भाटापारा/नवप्रदेश। बाबा गुरु घासीदास जी के जयंती के अवसर पर सोमवार को भाटापारा विधानसभा के ग्राम खोखली में बाबा गुरु घासीदास जी के पूजा अर्चना व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा शामिल हुए।

इस अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल एवं शिवरतन शर्मा ने जैतखाम की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेश व क्षेत्र वासीयों के सुख समृद्धि व निरंतर प्रगति की कामना की और

गुरु घासीदास बाबा जी के आदर्शों को स्मरण किया।

बृजमोहन अग्रवाल ने शुभकामनायें देते हुए कहा कि आज का यह दिन केवल एक उत्सव नहीं है, बल्कि यह संकल्प लेने का दिन है। गुरु घासीदास बाबा जी एक महान संत होने के साथ ही सामाजिक क्रांति के अग्रदूत भी थे। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि शांति, सत्य और साहस से समाज में परिवर्तन लाया जा सकता है। बाबा जी ने आज से सदियों पहले ऊंच-नीच, छुआछूत और भेदभाव के विरुद्ध जो अलख जगाई थी, वह आज भी हमारे समाज के लिए उतनी ही प्रासंगिक है। ?

कार्यक्रम को शिवरतन शर्मा ने सम्बोधित कर कहा की बाबा का संदेश 'मनखे-मनखे' एक समान' ?बाबा गुरु घासीदास जी ने उस दौर में समाज को दिशा दिखाई जब समाज ऊंच-नीच, छुआछूत और पाखंड के अंधेरे में डूबा हुआ था। उन्होंने गिरौदपुरी की तपोभूमि से एक ऐसा मंत्र दिया जिसने मानवता की परिभाषा ही बदल दी ÷मनखे-मनखे एक समान÷। उन्होंने हमे सिखाया कि ईश्वर की नजर में कोई छोटा या बड़ा नहीं है। 'सतनाम' का मार्ग ही जीवन का असली मार्ग है। उन्होंने न केवल मनुष्यों बल्कि पशु-पक्षियों व अन्य जीवो के प्रति भी दया भाव रखने का संदेश दिया। हमारी आस्था का केंद्र गिरौदपुरी धाम न केवल एक तीर्थ है, बल्कि बाबा के विचारों की जीवंत पाठशाला है। ÷सबका साथ, सबका विकास÷ का हमारा संकल्प वास्तव में बाबा के ÷समानता÷ के संदेश का ही विस्तार है।

इस दौरान जयंती के अवसर पर बहुत ही सुंदर पंथी नृत्य प्रस्तुत किया गया।

नपाध्यक्ष ने किया नवीन स्वीप मशीन का शुभारंभ

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने आज पार्षदों की उपस्थिति में नेहरू चौक में नवीन स्वीप मशीन की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। यह मशीन साफसफाई के लिए उपयोग में लाई जाएगी। जिससे मुख्य मार्ग सहित अन्य मार्गों की बेहतर ढंग से सफाई होगी व कार्य में गति भी आएगी। नपाध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। कम समय में सड़कों की सफाई से नागरिकों व राहगीरों को धूल से निजात मिल पाएगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, धनेंद्र चंद्राकर पार्षद, नीरज चंद्राकर पार्षद, प्रीति बादल मक्कड़ पार्षद, दिलीप चंद्राकर प्रभारी राजस्व, वाहन प्रभारी सुरेश तिवारी आदि उपस्थित थे।

राष्ट्रीय हिन्दू बहिनी संगठन की हुई बैठक

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत खरोरा में राष्ट्रीय हिन्दू बहिनी संगठन की बैठक आयोजित की गई। संगठन की रुपरेखा तय की गई। साथ ही संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाने पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री महिला प्रकोष्ठ मोहनी शर्मा, जिला मंत्री मंजूलता शर्मा, मीडिया प्रभारी सुरेखा शर्मा, सदस्य बबली तारक, प्रवक्ता प्रतिभा यदु, प्राची चंद्राकर मौजूद थे।

दो लोग मिलकर महिलाओं के साथ की मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। सिंघोड़ा पुलिस ने ग्राम डोंगारक्शा में महिलाओं के साथ मारपीट के मामले में दो के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। डोंगारक्शा निवासी संतोषिनी कोंद ने पुलिस को बताया कि उसकी मां की मृत्यु के बाद मां के नाम की जमीन बड़ी दीदी प्रेमाबाई कोंद के नाम पर है। जिसमें वह अपनी दीदी भूमिबाई कोंद के साथ मिलकर खेती किसानी करती है। धान कटाई के बाद उक्त जमीन खाली पड़ी थी, जिसमें 21 दिसंबर को गांव के हिमांशु और अक्षय कोंद धान बोने के लिए पानी डाल रहे थे। जिसकी सूचना उसने दीदी विनोदिनी, प्रेमाबाई को दी। बाद वे चारों खेत में गए और पानी डालने के लिए मना किए तो आरोपियों ने गाली-गलौज कर मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा115(2), 296, 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

पार्षद ने की पीएम आवास में नियम संशोधन की मांग

महासमुंद/नवप्रदेश। पार्षद चंद्रशेखर बेलदार ने वार्ड-22, 23 और 24 के रहवासियों को आवास-योजना का लाभ दिलाने के लिए सोमवार को कलेक्टर विनय लंगेह को पत्र लिखकर नियमों में संशोधन की मांग की है। बेलदार ने बताया कि पूर्व में आवंटित भू-अधिकार पट्टों के क्षेत्रफ्ल का तकनीकी दायरा (250-2500 श्रेणी) हितग्राहियों के लिए बड़ी बाधा बन गई है। क्षेत्रफ्ल विसंगति के कारण कई पात्र परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने कलेक्टर से आग्रह किया है कि पट्टे के क्षेत्रफ्ल के दायरे को कम कर हितग्राहियों को विशेष छूट दी जाए। इसके साथ ही उन्होंने पूर्व सर्वे में छूटे हुए पात्र परिवारों को पुन: पट्टा आवंटित करने आग्रह किया। उन्होंने कहा कि नियमों का सरलीकरण और वंचितों को पट्टा मिलने से ही वार्ड के हर निर्धन परिवार का अपने स्वयं के पक्के घर का सपना साकार हो सकेगा।

विधायक जनक ध्रुव गांव में पहुंचकर लिया जायजा

रोजगार की तलाश में पलायन कर गए सैकड़ों ग्रामीण

■ **स्तरहीन छात्रावास एवं आंगनबाड़ी भवन निर्माण पर जताई नराजगी कहा मामले की शिकायत किया जायेगा**

गरियाबंद/नवप्रदेश। बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव आज मंगलवार को मैनपुर क्षेत्र के दुर्गम पहुंचविहीन संवेदनशील ग्रामो में मोटर साइकिल के माध्यम से पहुंचकर ग्रामीणों के बीच चैपाल लगाकर समस्या सुनी और कई विकास निर्माण कार्यो की भूमिपूजन के साथ घोषणा भी किया। मोटर साइकिल से पहुंचे विधायक जनक ध्रुव का ग्रामीणों ने गांव -गांव फुलमाला आरती उतारकर आत्मीयता के साथ स्वागत किया। ग्राम तुहामेटा पहुंचने पर बताया गया कि आश्रित ग्राम भालुकोना, कंवरआमा, नारीपानी एवं विकासखण्ड के कई विशेष पिछड़ी कमार जनजाति ग्रामो से सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण गांव में कामकाज के अभाव में तथा रोजगार की तलाश में पलायन कर आंध्रप्रदेश चले गये है।

विधायक जनक ध्रुव ने संवेदनशील क्षेत्र भालुकोना गांव तक

भवन निर्माण में घटिया स्तरहीन कार्य पर भड़के विधायक

ग्राम जिड़ार में करोड़ो रूपये की लागत से छात्रावास भवन का निर्माण किया जा रहा है लेकिन निर्माण एजेंसी द्वारा कार्यस्थल पर कोई सूचना पटल नही लगाया गया है ओर कौन निर्माण तथा किस विभाग द्वारा यह कार्य किया जा रहा है कोई जानकारी उल्लेख नही है। संबंधित विभाग के सबइंजीनियर भी मौके पर मौजूद नही है बावजूद इसके निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण कार्य में निर्माण एजेंसी द्वारा गुणवत्ता का कोई ध्यान नही रखा जा रहा है और न ही कोई जिम्मेदार व्यक्ति जानकारी देने के लिए उपलब्ध नही है और तो और पंचायत और गांव वालो को भी मालूम नही है कि कौन सा भवन का निर्माण किया जा रहा है इस पर विधायक जनक ध्रुव ने जमकर नराजगी जताते हुए मामले की शिकायत उच्च स्तर पर करने की बात कही है साथ ही निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया है।

मोटर साइकिल से पहुंच स्थितियो का जायजा लिया इस दौरान अधिकांश घरो में बुजुर्ग और बच्चो को छोड़कर माता पिता बड़े भाई बहन कामकाज रोजगार की तलाश में चले गये है जो जुलाई अगस्त से गये है अब तक नही लौटे है विधायक ने पलायन किये परिवारो से चर्चा किया और उनकी समस्याओ को सुना साथ ही पूरी स्थिति से जिला प्रशासन और राज्य सरकार को अवगत कराने की बात कही है।

दवा व सिरिन की कमी पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया

क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे विधायक जनक ध्रुव को तुहामेटा के ग्रामीणों ने बताया की राशन दुकान में बहुत ही कंकड़ पत्थरयुक्त चांवल वितरण किया जा रहा है जिस पर विधायक ने राशन दुकान का निरीक्षण किया और खाद्य विभाग के अधिकारियो से चर्चा किया। ग्राम जिड़ार पहुंचे विधायक से ग्रामीणो ने शिकायत किया कि उपस्वास्थ्य केन्द्र में इन्जेक्शन सिरिन और दवा की कमी है जिस पर तत्काल बीएमओ को फोन कर दवा सिरिन उपलब्ध करवाई। इस दौरान विधायक जनक ध्रुव को ग्रामीणों ने पुल पुलिया के साथ सड़क और कई सामुदायिक भवन तथा विभिन्न मांगो से अवगत कराया कई मांगो को पूरा करते हुए घोषणा किया जिस पर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिला।

एसआईआर द्वितीय चरण प्रशिक्षण में भाजपा का शक्ति-प्रदर्शन

■ **कुरूद में लोकतंत्र-संरक्षण का संकल्प**

कुरूद/नवप्रदेश। लोकतंत्र की मजबूती, मतदाता अधिकारों की सुरक्षा और स्वस्थ राजनीति के संकल्प के साथ एसआईआर प्रशिक्षण कार्यक्रम ङ्क द्वितीय चरण अभियान का आयोजन भाजपा कार्यालय कुरूद में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम केवल प्रशिक्षण नहीं, बल्कि भारत माता की सेवा में एकजुट संकल्प का जीवंत उदाहरण बना, जहाँ कार्यकर्ताओं ने शासन-प्रशासन के साथ समन्वय रखते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्ढ्ढक्रअभियान के माध्यम से मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता और नागरिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित होगी, ताकि किसी भी प्रकार से ग़ैर-नागरिक हमारे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन न कर सकें। कुरूद की पावन भूमि पर यह संकल्प सामूहिक ऊर्जा में तब्दील होता दिखा। इस अवसर पर भाजपा कुरूद विस द्वारा निरंजन सिन्हा को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, रायपुर का अध्यक्ष तथा बाबी कश्यप को उपाध्यक्ष बनाए जाने पर वंदन-अभिनंदन किया गया। प्रशिक्षण सत्र में SIR के प्रदेश प्रभारी एवं कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, भाजपा जिला प्रभारी डॉ. किरण बघेल तथा भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विजय मिश्रा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

पंचकल्याणक महामहोत्सव हेतु सुयश सागर महाराज का मंगल प्रवेश

शोभायात्रा में प्रतिमा जी और मुनि संघ की आगवानी में उमड़ा जनसैलाब

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। आगामी जनवरी माह में पट्टाचार्य 108 श्री विशुद्धसागर महाराज के वरद हस्तकमलों से संपन्न होने वाले जिनबिम्ब पंचकल्याणक महामहोत्सव के निमित्त उनके आज्ञानुवर्ती शिष्य मुनि 108 श्री सुयशसागर जी महाराज, मुनि 108 श्री आराध्य सागर जी महाराज, क्षुल्लक 105 श्री श्रेय सागर जी महाराज का इंदौर चातुर्मास पश्चात धर्मनगरी नवापारा राजिम में मंगलवार को भव्य प्रवेश हुआ। मुनि संघ का मंगल प्रवेश प्रात: 9 बजे बस स्टैंड स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में हुआ। मंदिर दर्शन पश्चात मुनि संघ की निर्विघ्न आहार चर्या यहीं संपन्न हुई। दोपहर 2 बजे बजे बजे गाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाल कर मुनि संघ की आगवानी की गई। शोभायात्रा में पंचकल्याणक हेतु लाई गई पाषाण की प्रतिमा सहित अष्ट धातु की प्रतिमाओं को सुंदर सजे वाहनों में विराजमान कर पुण्यार्जक परिवार सहित समाज के लोगों ने नगर भ्रमण कराया। आगे आगे प्रतिमाजी उनके पीछे मुनि संघ और उनके पीछे पूरे जैन समाज सहित नगर के लोगों ने आगवानी की। इस अवसर पर पूरे नगर को सजाया गया था। शोभायात्रा श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर बस स्टैंड से गंज रोड, महावीर चौक, पुराना बस स्टैंड, सदर रोड होते हुए शताब्दी वर्ष पूर्ण कर चुके श्री 1008 शान्तिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंची। मुनि संघ ने श्री जी के दर्शन किए पश्चात शोभायात्रा जैन भवन में संपन्न हुई। पूरे शोभायात्रा के मार्ग में श्रावकों ने अपने अपने घरों, प्रतिष्ठानों के सामने आकर्षक रंगोली सजाकर मुनि संघ का पाद प्रक्षालन कर आरती उतरी।

जैन भवन में मुनि संघ ने उपस्थित जनसमुदाय को आशीर्वचन प्रदान किए। संध्या कालीन बेला में संगीतमय णमोकार चालीसा और शाश्वत तीर्थ सम्मेद शिखर की भक्तिमय यात्रा हुई। शोभायात्रा में पुरुष वर्ग सफेद वस्त्र में महिला वर्ग केसरिया साड़ी में, सभी मंडल वाले अपने निर्धारित वेशभूषा में, पाठशाला के बच्चे अपने पाठशाला के ड्रेस में शामिल हुए।

मड़ेली में आज मनाया जायेगा गुरु घासीदास बाबा जयंती

छुरा/ नवप्रदेश। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम मड़ेली में 24 दिसंबर 2025 बुधवार छत्तीसगढ़ की पावन धरा में अवतरित प्रातः स्मरणीय महान संत परमपूज्य बाबा गुरु घासीदास जी की 269 वां जयंती समारोह श्रद्धा,

भक्ति एवं सामाजिक एकता के वातावरण में मनाई जाएगी। जयंती समारोह का आयोजन बुधवार को किया गया है जिसमें मुख्य अतिथि बतौर रोहित साहू विधायक विधानसभा क्षेत्र राजिम, विशेष अतिथि शिवांगी चतुर्वेदी-जिपं सदस्य गरियाबंद, अध्यक्षता- मीरा ठाकुर अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा, अतिथि - अशोक ध्रुव, जसप्रित सिंग,जोहत सिन्हा, कामता साहू,दूजलाल ठाकुर,बिसहत राम ठाकुर, रामाधार धृतलहरे सहित समाज जनों की गरिमामय उपस्थिति सादर आमंत्रित की गई है। समारोह का शुभारंभ कलश यात्रा से प्रारंभ होगी। 04 बजे ध्वजारोहण का कार्यक्रम होगा।

विधानसभा स्तरीय खेल में खिलाड़ियों में रहा उत्साह

कुरूद/नवप्रदेश। सांसद खेल महोत्सव 2025- 2026 का आयोजन किया जा रहा है जिसका द्वितीय चरण में विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिता आज दिनांक 23/12/2025 दिन मंगलवार को अटल बिहारी वाजपेई स्टेडियम कुरूद में आयोजित किया गया जिसमें संकुल स्तरीय चयनित टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें विधानसभा कुरूद में कुल 6क्लस्टर/संकुल पचपेड़ी, बागौद, चर्रा कठौली, नगर पालिका कुरूद एवं भेड़ी के कुल 700 खिलाडियों ने भाग लिया एवं अपने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में टिम खेल में कबड्डी, खो खो, वॉलीबॉल एवं एकल खेल में 100द्व दौड़,400द्व दौड़, ऊंची कूद, लम्बी कूद, भाला फेक, गेड़ी दौड़, बैडमिटन में चयनित खिलाड़ियों ने खेल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर (विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री ष्द्द शासन), विशिष्ट अतिथि गौकरण

साहू जी(उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी), ज्योति भानू चंद्राकर (अध्यक्ष नगर पालिका कुरूद), गीतेश्वरी साहू(अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद), सतीश जैन (उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद), सर्व जनपद सदस्य (जनपद पंचायत कुरूद), सर्व सरपंच ग्राम पंचायत (जनपद पंचायत कुरूद), स्ष्ठरूसर नभ सिंह कोसले,ष्टस्ह्र सर महेंद्र राज गुप्ता,सीईओ सर अमित कुमार सेन, तहसीलदार सर कुरूद, क्च्श्वह्र सर चंद्र कुमार साहू,क्च्श्वह्र मैम सुश्री प्रतिभा ध्रुव, ब्लॉक प्रभारी चोवा साहू, सभी उपस्थी थे।

साक्षरता एवं संख्यात्मक विकास परियोजना प्रबंधन इकाई की बैठक सम्पन्न

भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक दीपक सोनी की अध्यक्षता में संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में डी.पी.एम.यू. की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को ध्यान में रखतें हुए उनकें सफ्ल क्रियान्वयन हेतु एफ्एलएन प्रोजेक्ट के संचालन पर चर्चा

किया गया। यह कार्य योजना 03 से 09 वर्ष के बच्चों को आधारभूत बुनियादी शिक्षा एवं गणितीय कौशल देने पर आधारित है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य को निर्धारित समयावधि में सफ्लतापूर्वक क्रियान्वयन करने के निर्देश दिया गया। बैठक में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत एफ्एलएन के निर्धारित लक्ष्यों को सत्र 2026-27 तक प्राप्त किये जाने हेतु कार्य योजना पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। जिले के सभी स्कूलों में संचालित योजनाएं बालवाडी, मुस्कान पुस्तकालय , पीयर लर्निंग, कबाड़ से जुगाड़, दिवार पत्रिका, सामुदायिक सहभागिता, बैगलेस डे, जादुई पिटारा, इतिहास लेखन, विद्यार्थी विकास सूचकांक आदि विस्तृत कार्य योजना के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर दुर्ग (छ.ग.)

क्रमांक: 699/प्रस्तुतकार/वि.अधि./2025-26

फार्म-अ

सार्वजनिक सूचना (विषय-6 देखिये)

सर्व साधारण को जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक पुष्पेंद्र कुमार पिता घसिया राम निवासी म.नं. 182 (ख) प्रगति पारा, पुटीडीह, पोस्ट-चुराघांठा तह. व थाना डभरा जिला जांजगीर-चाँपा (छ.ग.) पिन नं. 495688 आवेदिका कु. लीना देवांगन पिता स्व. दीपचंद देवांगन माता श्रीमती लता देवांगन निवासी म.नं.-242, संजय नगर थाना सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग पिन नं. 490023 (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित विवाह के आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 30.12.2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि. के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा। आज दिनांक 03.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

मुहर

अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00018 बघेरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-आर.डी. 202526430107000018

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00018 के अंतर्गत ग्राम बघेरा के वर्तमान भूमिस्वामी किरीत सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. रामेश्वर सिंह पता नयापारा दुर्ग, सुमनबाई पिता/पति स्व. रामेश्वर सिंह पता नयापारा दुर्ग, सालिकराम ठाकुर पिता/पति स्व. रामेश्वर ठाकुर पता नयापारा दुर्ग, पुरुषोत्तम ठाकुर पिता/पति स्व. रामेश्वर सिंह पता नयापारा दुर्ग, राजमतबाई पिता/पति स्व. रामेश्वर सिंह पता नयापारा दुर्ग, चंद्रिका ठाकुर पिता/पति स्व. रामेश्वर सिंह पता नयापारा दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 263/2(0.6380), 265/1 (0.2430) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता किरीत सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. रामेश्वर सिंह पता नयापारा दुर्ग, सुमनबाई पिता/पति स्व. रामेश्वर सिंह पता नयापारा दुर्ग, सालिकराम ठाकुर पिता/पति स्व. रामेश्वर ठाकुर पता नयापारा दुर्ग, पुरुषोत्तम ठाकुर पिता/पति स्व. रामेश्वर सिंह पता नयापारा दुर्ग, चंद्रिका ठाकुर पिता/पति स्व. रामेश्वर सिंह पता नयापारा दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.01.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.12.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202512100700098 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका आशा उमरे पति किशोर कुमार उमरे निवासी 74 वार्ड नं. 27 पोलसायपारा दुर्ग तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम दुर्ग प.ह.नं. 19 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1074/46 रकबा 542 वर्गफीट / 50.37 वर्गमीटर लगान अभिलेखानुसार भूमि बयनामा कीमत तथा बाजार मूल्य 36,76,257/- रूपये भूमि को विक्रेता आईसीआईसीआई फायनेंस कंपनी लिमिटेड शाखा (Crescent Plaza, Unit-H4, 2nd Floor, Near Swaroop Talkies Station Road, Durg) तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 21/11/2025 को कय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर केता के पक्ष में नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 05.01.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.12.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती पूजा वर्मा पति श्री रितेश कुमार वर्मा, उम्र 39 वर्ष, निवासी-म.नं. 121, बी-मार्केट, सेक्टर 10 भिलाई, तह.व जिला दुर्ग (छ.ग) की हूं। मैने अपना पुराना नाम पूजा गुर्जर (POOJA GURJAR) राशि वर्मा (RASHI VERMA) पिता श्री प्रदीप गुर्जर को त्यागकर नया नाम अफ्सा खान (AFSA KHAN) पति श्री अमीरूद्दीन रख लिया है । अब मुझे भविष्य के समस्त शासकीय अशासकीय, अर्धशासकीय दस्तावेजों में नया नाम पूजा वर्मा (POOJA VERMA) पति श्री रितेश कुमार वर्मा से जाना पहचाना व पुकारा जावे।

रोहित देवांगन
अधिवक्ता- जिला न्यायालय दुर्ग तह . व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9300602536

नाम परिवर्तन सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं संजय अग्रवाल (SANJAY AGRAWAL) पिता श्री राधेश्याम अग्रवाल (RADHESHYAM AGRAWAL) पता-ब्लाक क.02, प्लाट नं.05, नेहरू नगर, पश्चिम भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग) का हूं मैं अपना पुराना नाम संजय कनोई (SANJAY KANOI) पिता श्री राधेश्याम कनोई (RADHESHYAM KANOI) को बदलकर नया नाम संजय अग्रवाल (SANJAY AGRAWAL) पिता श्री राधेश्याम अग्रवाल (RADHESHYAM AGRAWAL) रख लिया हूं। अत: अब मुझे भविष्य के समस्त शासकीय, अशासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम संजय अग्रवाल (SANJAY AGRAWAL) पिता श्री राधेश्याम अग्रवाल (RADHESHYAM AGRAWAL) के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

रोहित देवांगन
अधिवक्ता- जिला न्यायालय दुर्ग तह . व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9300602536

नाम परिवर्तन सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं हंशु सिंह पिता श्री पुरूषोत्तम सिंह उम्र 18 वर्ष, पता-म.नं. 146, परमेश्वरी नगर, वार्ड नं.05 बीरगांव पो. बीरगांव तह. व जिला रायपुर (छ.ग) की हूं मैंने अपना पुराना नाम अंशु सिंह चंदेल (ANSHU SINGH CHANDEL) पिता श्री पुरूषोत्तम चंदेल को बदलकर नया नाम हंशु सिंह (HANSHU SINGH) पिता श्री पुरूषोत्तम सिंह रख लिया है। अत: अब मुझे भविष्य के समस्त शासकीय, अशासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम हंशु सिंह (HANSHU SINGH) पिता श्री पुरूषोत्तम सिंह से जाना एवं पहचाना जावे।

शबाना परवीन
अधिवक्ता- जिला न्यायालय दुर्ग तह . व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शाहीन टिकरिहा पति श्री गजेन्द्र कुमार टिकरिहा, उम्र 34 वर्ष, निवासी-म.नं.03, सड़क 01, वार्ड नं.52, शीतला नगर बोरसी दुर्ग तह.व जिला दुर्ग (छ.ग) यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना पुराना नाम शाहीन कुरैशी (SHAHEEN QURESHI) पिता श्री मोहम्मद मुल्तान कुरैशी निवासी-म.नं. 03, सड़क 01, वार्ड नं.52, शीतला नबर बोरसी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग) को त्याग कर नया नाम शाहीन टिकरिहा (SHAHEEN TIKARIHA) पति श्री गजेन्द्र कुमार टिकरिहा रख लिया है। अत: आज से समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरा नया नाम शाहीन टिकरिहा (SHAHEEN TIKARIHA) पति श्री गजेन्द्र कुमार टिकरिहा से ही जाना पहचाना व पुकारा जाएगा।

रोहित देवांगन
अधिवक्ता- जिला न्यायालय दुर्ग तह . व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9300602536

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,

संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी वीर सावरकर नगर, हीरापुर, रायपुर में **सी.एच. भवन** योजना में से भवन / भूखण्ड क्रमांक **सी.एच.-1164, स्लाईस-03, श्रीमती परमजीत कौर पति श्री अमरीक सिग** को भाड़ाक्रय / पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित / नामांतरित किया गया है। आबंटी / नामांतरी द्वारा दिनांक **27.12.2014** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी/नामांतरी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक **05.11.2025** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन **श्रीमती नीलू सिंह पति श्री अजय सिंह** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, रायपुर

'व्हीबी जी राम जी': 24 से 26 दिसंबर को विशेष ग्राम सभाओं का होगा आयोजन

■ ग्रामीण भारत को रोजगार व आजीविका की नई गारंटी

रायपुर/नवप्रदेश। ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने और 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय विजन को साकार करने की दिशा में भारत सरकार द्वारा एक ऐतिहासिक पहल के तहत 'विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) (व्हीबी जी राम जी) अधिनियम 2025' लागू किया गया है। इस नए अधिनियम के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए प्रदेशभर में विशेष ग्राम सभाओं के आयोजन के निर्देश जारी किए गए हैं।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार अधिनियम के लिए जिला एवं जनपद स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। साथ ही अधिनियम की प्रमुख विशेषताएं एवं ग्राम सभा में चर्चा के बिंदु हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराए जाएंगे। विशेष ग्राम सभा के आयोजन के दौरान ग्राम पंचायतों में गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा तथा ग्राम सभा की तिथि व समय का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। ग्रामीणों, श्रमिकों, महिलाओं, अनुसूचित जाति - जनजाति परिवारों एवं अन्य कमजोर वर्गों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। ग्राम सभा में व्हीबी जी राम जी अधिनियम के प्रावधानों, बढ़ी हुई रोजगार गारंटी तथा विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण पर विस्तार से चर्चा और मार्गदर्शन दिया जाएगा। अधिनियम की प्रमुख विशेषताओं की मुद्रित प्रतियां भी वितरित की जाएंगी एवं विस्तार पूर्वक जानकारी दी जाएगी।

निर्देशों के अनुसार, अनुसूचित क्षेत्रों के ग्रामों में राष्ट्रीय पेसा दिवस के अवसर पर 24 दिसंबर 2025 को विशेष ग्राम सभा आयोजित की जाएगी, जिसमें व्हीबी जी राम जी योजना को एजेंडा में शामिल किया जाएगा। अनूसूचित क्षेत्रों को छोड़कर शेष ग्राम पंचायतों में 26 दिसंबर 2025 को 'विकसित भारत ङ्क रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)' के प्रति जनजागरूकता हेतु विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। प्रशासनिक मद की सीमा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत की गई है, जिससे फील्ड स्तर के कर्मचारियों की सेवाएं सुदृढ़ होंगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि मनरेगा के अंतर्गत चल रहे कार्य पूरी तरह सुरक्षित हैं और नए अधिनियम के लागू होने से रोजगार के अवसर और बढ़ेंगे। राज्य शासन इस अधिनियम के द्वारा ग्रामीण रोजगार, आजीविका, पारदर्शिता और पंचायत सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है जिससे ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनेंगे।

125 दिनों के मजदूरी-रोजगार की मिलेगी वैधानिक गारंटी

यह अधिनियम ग्रामीण परिवारों के लिए रोजगार के अधिकार को और मजबूत करता है। इसके अंतर्गत अकुशल शारीरिक श्रम करने के इच्छुक प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों के मजदूरी-रोजगार की वैधानिक गारंटी मिलेगी। यदि मांग के बावजूद समय पर कार्य उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो बेरोजगारी भत्ता देना राज्य सरकार की बाध्यता होगी। मजदूरी भुगतान में देरी होने पर प्रत्येक विलंबित दिन का मुआवजा भी दिया जाएगा। कार्य योजनाएं ग्राम सभा के माध्यम से तैयार होंगी, जिससे ग्राम स्तर पर निर्णय और पारदर्शिता बढ़ेगी। जल संरक्षण, ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका संवर्धन तथा जलवायु परिवर्तन से निपटने वाले कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

संपूर्ण कार्यवाही पंचायत निर्णय एप पर होगी अपलोड

विशेष ग्राम सभा की संपूर्ण कार्यवाही, फोटो एवं वीडियो को वास्तविक समय में 'पंचायत निर्णय' मोबाइल ऐप में अपलोड किया जाएगा। साथ ही वाइब्रेंट ग्राम सभा पोर्टल एवं जीपीडीपी पोर्टल में शत-प्रतिशत प्रविष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने किया ओपीडी व एनआईसीयू का शुभारंभ

■ जिला चिकित्सालय जांजगीर-चांपा का औचक निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज जिला चिकित्सालय जांजगीर-चांपा का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया, संचालक संजीव झा एवं सहायक संचालक डॉ. सुरेंद्र पाम्भोई उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने अस्पताल की व्यवस्थाओं, स्वच्छता, दवाओं की उपलब्धता तथा मरीजों को मिल रही सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय में नवनिर्मित ओपीडी हॉल एवं नवजात शिशुओं के बेहतर उपचार हेतु 10 बेड के अत्याधुनिक एनआईसीयू वार्ड का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा 10 बेड के एनआईसीय से अब क्षेत्र के नवजात शिशुओं को क्रिटिकल केयर हेतु बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

स्वास्थ्य मंत्री मंत्री ने जीवनदीप समिति के माध्यम से स्वीकृत कार्यों की जानकारी लेते हुए कलेक्टर जन्मेजय मोहबे के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मरीजों की आवश्यकता के अनुरूप जीवनदीप समिति से समयबद्ध स्वीकृतियाँ देना सराहनीय कदम है, जिससे अस्पताल की सेवाएँ निरंतर सुदृढ़ हुई हैं।

नए साल से पहले रायपुर में ड्रग्स के साथ युवक-युवती

राजधानी में ड्रग्स, कैश-क्रेडिट कार्ड वीडियो वायरल, गृहमंत्री बोले-जांच के बाद एक्शन

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में युवक-युवती का ड्रग्स, कैश और मोबाइल के साथ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। 17 सेकेंड के इस वीडियो में युवक मोबाइल पर बात कर रहा। युवती वीडियो बनाते और गालियां देती नजर आ रही है। यह वायरल वीडियो अमलीडीह इलाके का बताया जा रहा है।

वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि एक टेबल में मोबाइल, पैसे और ड्रग्स (संभावित एमडीएमए/कोकीन) की 19 लाइन खींची हुई टेबल में दिख रही है। लाइन के पास क्रेडिट कार्ड पड़ा हुआ है। इस वीडियो को युवती ने ही बनाया है। वीडियो वायरल होने के बाद प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि जांच करवाकर कार्रवाई की जाएगी।

रायपुर पुलिस 2025 में अब तक नशा बेचने वाले 700 से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इन आरोपियों से पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि, ये आरोपी ओडिशा से गांजा और महाराष्ट्र, दिल्ली, पंजाब-हरियाणा से ड्रग्स लाते और उनको रायपुर सहित अन्य जिलों में बेचते हैं। छत्तीसगढ़ के अलावा दूसरे राज्यों में भी ये आरोपी नशीली सामग्री पहुंचा रहे हैं। रायपुर के होटलों, पब और फॉर्म हाउसों में आयोजित प्राइवेट पार्टियों में ड्रग्स को कोडवर्ड के सहारे बेचा जा रहा है। ये सब बात पुलिस की जांच में पहले भी सामने आ चुकी है।

गृहमंत्री बोले- जल्द करेंगे कार्रवाई

इस मामले पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई पिछले 2 महीने में तेज हुई है। पुलिस एंड टू एंड इन्वेस्टिगेशन कर रही है। नशे से जुड़े वायरल वीडियो की पहचान की जा रही है। दोषियों तक जल्द कार्रवाई कर पहुंचा जाएगा।

6 महीने में पुलिस ने 79 पैडलर्स को पकड़ा था

रायपुर में 6 महीने पहले भी इसी तरह के वीडियो सामने आए थे। जिसके बाद पुलिस ने अभियान चलाकर 79 पैडलर्स को गिरफ्तार किया था। आरोपियों को जेल भेजने के साथ करोड़ों का सामान भी जब्त किया। पुलिस की इस कार्रवाई से पैडलर कुछ दिन थमे, लेकिन नए साल के मद्देनजर रायपुर में फिर से एक्टिव हो गए हैं।

सेक्स रैकेट का फरार आरोपी ढाई साल बाद हुआ गिरफ्तार

■ शंकरनगर इलाके के स्पा सेंटर में चलाता था रैकेट

■ गिरफ्तार हुए थे मैनेजर और सहायक मैनेजर लेकिन आरोपी था फरार

रायपुर। पुलिस ने सेक्स रैकेट केस में ढाई साल से फरार एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिंटू जायसवाल 2023 में शंकरनगर में द माइंड वेलनेस स्पॉ सेंटर संचालित करता था। पुलिस ने जून 2023 में वहां छापेमारी करके सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया लेकिन आरोपी गिरफ्त में नहीं आया। छापे में पुलिस को कई युवतियां संदिग्ध परिस्थितियों में मिली, पॉइंटर के जरिये छापेमारी की गई थी। तब युवतियों को पीड़ित मानते हुए पुलिस ने स्पॉ मैनेजर आशियाना यादव थर्ड जेंडर निवासी काठाडीह मुजगहन बीएसयूपी आवास एवं सहायक मैनेजर राकेश महानंद पार्वती नगर खम्हारडीह को गिरफ्तार करके जेल भेजा। यह प्रकरण अभी न्यायालय में लंबित है।

तकनीकी जांच में अपने होम टाउन में फंसा आरोपी

दूसरी तरफ आरोपी संचालक दूसरा पिन्टू उर्फ गजेन्द्र जायसवाल पिता स्व. संतोष जायसवाल 32 वर्ष की तलाश होती रही। सीएसपी सिविललाइंस का कार्यभार संभालने के बाद रमाकांत साहू ने मामले की जांच शुरू की। तकनीकी जांच के दौरान आरोपी का लोकेशन मुंगेली जिले में मिला। तब पुलिस ने मुंगेली बरमपुर इलाके में आरोपी को घेरा। आरोपी मूलतः बरमपुर का ही निवासी है। सोमवार को कोर्ट के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया गया। उसके खिलाफ भी पौटा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या के विरोध में रायपुर में प्रदर्शन, घटना की जांच हो

रायपुर/नवप्रदेश। बांग्लादेश में कथित ईशनिंदा के झूठे आरोप के बाद एक हिंदू युवक की हत्या की घटना को लेकर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में जमकर आक्रोश देखा जा रहा है। सोमवार को राजधानी के ह्दय स्थल जयस्तंभ चौक में हिंदू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। हाथों में तख्तियां लेकर बांग्लादेश के खिलाफ नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि 18 दिसंबर को बांग्लादेश में दीपू चंद्र दास नामक युवक की कट्टर भीड़ ने हत्या कर दी, जो न केवल निंदनीय है बल्कि मानवाधिकारों और धार्मिक स्वतंत्रता के मूल सिद्धांतों का खुला उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि इस घटना ने क्षेत्रीय शांति के साथ-साथ

बांग्लादेश में रह रहे अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिये हैं। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि भारत सरकार बांग्लादेश सरकार से इस घटना की निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच करवायें। दोषियों को सजा दिलाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दबाव बनाए। यदि समय रहते यदि हम नहीं जगे, तो बटेंगे तो कटेंगे। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसा नहीं करने पर वो भविष्य में उग्र प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शनकारियों ने मांग करते हुए कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों, विशेषकर हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कूटनीतिक पहल की जाए। इस मामले को संयुक्त राष्ट्र सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मंचों पर उठाया जाए, पीड़ित परिवार को न्याय और मुआवजा दिलाया जाए। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से ठोस सुरक्षा आश्वासन लिया जाये।

राज्य सरकार ने आगामी वर्ष को 'महतारी गौरव वर्ष' किया घोषित

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के जांजगीर में 'जनादेश परब' के अवसर पर आयोजित ऐतिहासिक जनसभा में उमड़े जनसमर्थन के लिए प्रदेशवासियों के प्रति ह्रदय से आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह विशाल सहभागिता लोकतंत्र में जनता के अटूट विश्वास और सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की स्वीकृति का सशक्त प्रमाण है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश को सबसे अधिक आशीर्वाद मातृशक्ति से मिलता है। माताओं और बहनों के स्नेह, विश्वास और समर्थन से ही सरकार को जनसेवा की ऊर्जा प्राप्त होती है। इसी भाव से प्रेरित होकर राज्य सरकार ने आगामी

वर्ष को 'महतारी गौरव वर्ष' के रूप में घोषित किया है। मुख्यमंत्री ने जनसभा में उपस्थित केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के प्रति विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रेरणास्पद उद्बोधन ने कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे मार्गदर्शक विचार छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा के संकल्प को और अधिक दृढ़ बनाते हैं।

हर माह 7 तारीख को राज्य की ग्राम पंचायतों में मनाया जाएगा 'आवास दिवस'

■ हितग्राहियों की सूची का सार्वजनिक वाचन

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में पारदर्शिता, समयबद्ध आवास निर्माण तथा हितग्राहियों को त्वरित लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य शासन ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्देश जारी करते हुए प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में हर माह की 7 तारीख को, चावल उत्सव एवं महात्मा गांधी नरेगा के रोजगार दिवस के साथ-साथ 'आवास दिवस' का अनिवार्य रूप से आयोजन किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आवास

निर्माण को गति देना, हितग्राहियों में जागरूकता बढ़ाना तथा निर्माण कार्यों में आने वाली समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करना है। पंचायत मंत्री श्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती निहारिका बारिक सिंह द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, आवास दिवस के अवसर पर अनेक महत्वपूर्ण गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी।

आवास दिवस के दिन ग्राम पंचायतों में स्वीकृत, निर्माणाधीन एवं पूर्ण आवासों के सभी हितग्राहियों की सूची का सार्वजनिक रूप से वाचन किया जाएगा। साथ ही स्वीकृत हितग्राहियों को आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे, जिससे योजना में पारदर्शिता बनी रहे।

शीघ्र आवास पूर्ण करने वालों का होगा सम्मान

जिन हितग्राहियों ने 90 दिनों के भीतर अथवा अत्यंत कम समय में अपने आवास निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया है, उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा, ताकि अन्य हितग्राही भी प्रेरित हों।

मेगा फाइनल में उतरेंगे पांच हजार खिलाड़ी, पीएम मोदी करेंगे वर्चुअल संबोधित

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ बीजेपी नेता बृजमोहन अग्रवाल ने सोमवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि यह महोत्सव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फिट इंडिया खेलो इंडिया की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बन चुका है।

रायपुर लोकसभा क्षेत्र की 9 विधानसभाओं- रायपुर दक्षिण, रायपुर पश्चिम, रायपुर उत्तर, रायपुर ग्रामीण, आरंग, अभनपुर, धरसीवा, भाटापारा एवं बलौदा बाजार से 85 हजार से अधिक खिलाड़ियों की सहभागिता ने इस आयोजन को अभूतपूर्व जनसमर्थन प्रदान किया और देशभर में पहचान दिलाई है।

24 दिसंबर को होगा मेगा फाइनल

उन्होंने बताया कि 21 सितंबर 2025 से संकुल, जोन एवं ब्लॉक स्तर पर प्रारंभ हुई प्रतियोगिताओं के बाद अब 23 एवं 24 दिसंबर को मेगा फाइनल आयोजित किया जा रहा है। मेगा फाइनल एवं अंतिम चरण की प्रतियोगिताएं नेताजी सुभाष स्टेडियम, मोतीबाग रायपुर, सप्रे शाला वॉलीबॉल मैदान, जे.एन. पाण्डेय स्कूल और तैराकी प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय स्विमिंग पूल में आयोजित की जाएंगी।

'पारंपरिक एवं आधुनिक खेलों का अद्भुत संगम'

उन्होंने बताया कि सांसद खेल महोत्सव में पारंपरिक एवं आधुनिक खेलों का अद्भुत संगम देखने को मिला है। कुश्ती, खो-खो, गेड़ी-दौड़, भारोत्तोलन, फुगड़ी, रस्सी कूद, कबड्डी, बास्केटबॉल, शतरंज, वॉलीबॉल, रस्साकसी, शरीर शौष्ठव एवं तैराकी सहित 13 खेल विधाओं में 19 वर्ष से कम एवं अधिक आयु वर्ग, महिला एवं पुरुष वर्ग के हजारों खिलाड़ियों ने अनुशासन, समर्पण और खेल भावना के साथ भाग लेकर इस महोत्सव को ऐतिहासिक बनाया है।

दिल्ली सांसद व गायक मनोज तिवारी देंगे सांस्कृतिक प्रस्तुति

23 दिसंबर 2025 को नेताजी सुभाष स्टेडियम में माननीय विधायकों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मेगा फाइनल प्रतियोगिता का उद्घाटन होगा। 24 दिसंबर 2025 को नेताजी सुभाष स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली के सांसद एवं लोकप्रिय गायक मनोज तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जिससे युवाओं एवं आमजन में विशेष उत्साह का संचार होगा। वो सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी देंगे।

25 दिसंबर को प्रधानमंत्री का वर्चुअल संबोधन

25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिवस सुशासन दिवस के अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संबोधन प्रस्तावित है और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाएगी। समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता के तीनों दिन विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान राज्य का नाम देश-विदेश में रोशन करने वाले खिलाड़ियों एवं खेल अधिकारियों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही प्रतिदिन छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने के लिये रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसमें खेल संघों, नगर निगम, जिला प्रशासन, स्कूल शिक्षा विभाग, खेल विभाग, पुलिस सहित विभिन्न विभागों के लगभग 1500 कर्मचारी, अधिकारी, व्यायाम शिक्षक एवं खेल अधिकारी सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।

केवल खेल नहीं, सामाजिक एकता का है जन आंदोलन: सांसद अग्रवाल

उन्होंने जनता से ज्यादा से ज्यादा संख्या में आयोजन में शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है साथ अभी तक हुए आयोजन के सफल प्रचार प्रसार के लिए मीडिया का आभार जताया है। सांसद अग्रवाल ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, अनुशासन और सामाजिक एकता का जन आंदोलन है।

हर जिले से उत्कृष्ट उल्लास साक्षरता केन्द्र को राज्य स्तर पर पुरस्कार

रायपुर/नवप्रदेश। हर जिले में साक्षरता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उल्लास साक्षरता केन्द्रों को राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। इसके लिए राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण ने सभी जिलों से 15 जनवरी तक जानकारियां मंगाई हैं। अगला महापरीक्षा अभियान मार्च 2026 में आयोजित किया जाएगा। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा इसी माह नवसाक्षरता के लिए महापरीक्षा अभियान का आयोजन किया गया था। इसमें दादा-पोता, सास-बहू ने एक साथ परीक्षा दी। इतना ही नहीं आत्मसमर्पण कर चुके नक्सली भी साक्षर बनने के लिए परीक्षा में शामिल हुए। उल्लास केन्द्रों को प्रोत्साहित करने के लिए अब पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया है। प्राधिकरण द्वारा प्रत्येक जिले से एक सर्वोत्कृष्ट साक्षरता केन्द्र को पुरस्कार दिया जाएगा। इसके लिए उल्लास साक्षरता केन्द्र का चयन करने सभी जिलों को निर्देशित किया गया है। पहले प्रत्येक संकुल से लेकर जिला स्तर पर उत्कृष्ट साक्षरता केन्द्र का चयन किया जाएगा। इनमें से सर्वोत्कृष्ट का चयन कर राज्य स्तर पर पुरस्कार के लिए भेजा जाएगा। चयन के लिए कलेक्टर द्वारा 5 सदस्यीय कमेटी गठित की जाएगी। चयन का मापदंड भी निर्धारित किया गया है। नारा लेखन पूरे गांव अथवा वार्ड में हो, रोजाना साक्षरता केन्द्र खुलने का समय निर्धारित हो, साक्षरता केन्द्र में शिक्षार्थियों एवं स्वयं सेवकों की नियमित उपस्थिति, उल्लास केन्द्र में विभिन्न गतिविधियों कबड्डी, क्रिकेट, प्रभात फेरी, साइकिल रैली, मशाल रैली आयोजित हो, सरपंच, स्वयं सेवक अथवा जनप्रतिनिधि के नेतृत्व में अक्षर ज्ञान के अलावा वित्तीय, डिजिटल, कानूनी एवं व्यावसायिक कौशल में दक्षता के लिए प्रयास किया गया हो।

अरुणाचल प्रदेश में जासूसी नेटवर्क के खुलासे ने बढ़ाई चिंता

ईटानगर/ए.। चीन हमेशा पूर्वोत्तर के सीमावर्ती राज्य अरुणाचल प्रदेश को दक्षिण तिब्बत का हिस्सा मानते हुए इस पर अपना दावा करता रहा है. वह अक्सर इस राज्य के कई इलाकों के नाम बदलता रहा है. इसके साथ ही वह प्रधानमंत्री समेत दूसरे महत्वपूर्ण नेताओं के राज्य के दौरे का विरोध करता रहा है. अरुणाचल प्रदेश के लोगों को स्टेपल वीजा जारी के मुद्दे पर भी अक्सर विवाद होता रहा है। अरुणाचल प्रदेश की 1,126 किमी लंबी सीमा चीन के कब्जे वाले तिब्बत और 520 किमी लंबी सीमा म्यांमार से सटी है. भौगोलिक रूप से बेहद दुर्गम इस राज्य में अक्सर चीनी सैनिकों की घुसपैठ और स्थानीय युवक के अपहरण की खबरें भी आती रही हैं। बीते कुछ वर्षों के दौरान चीन सरकार ने अरुणाचल से लगे सीमावर्ती इलाको में बड़े पैमाने पर आधारभूत ढांचे का निर्माण किया है. उस इलाके में बुलेट ट्रेन से लेकर बेहतरीन सड़कों को नेटवर्क बिछाया गया है और नई बस्तियां बसाई गई हैं। सीमा से सटे इलाकों में चीन की ओर से विशालकाय बांध बनाने की खबरों ने भी भारत और बांग्लादेश की चिंताएं बढ़ाई हैं. लेकिन अब इस संवेदनशील सीमावर्ती राज्य में एक जासूस नेटवर्क के खुलासे ने केंद्र और सुरक्षा एजेंसियों की चिंता कई गुनी बढ़ा दी है. इस मामले में भारतीय वायु सेना के एक पूर्व अधिकारी के अलावा पाकिस्तान के लिए काम करने वाले कम से कम चार कश्मीरी युवकों को गिरफ्तार किया जा चुका है. इन पर सेना से संबंधित संवेदनशील सूचनाएं पाकिस्तान को भेजने का आरोप है।

कोलकाता से दिल्ली तक प्रदर्शन, भारतीय उच्चायुक्त तलब

ढाका/ए.। भारत में बांग्लादेशी दूतावासों की सुरक्षा को लेकर चिंताओं के बीच, बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को मंगलवार को बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय में तलब किया गया। राजनयिक सूत्रों ने इस मामले की पुष्टि की। सूत्रों के अनुसार, नई दिल्ली और कोलकाता सहित भारत के कई हिस्सों में स्थित बांग्लादेशी मिशनों के आसपास उभरती सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर वर्मा को बुलाया गया था।

सूत्रों के मुताबिक मंगलवार को बांग्लादेश के विदेश सचिव असद आलम सियाम ने भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को विदेश मंत्रालय बुलाया। यह बैठक भारत के विभिन्न हिस्सों, विशेषकर नई दिल्ली और कोलकाता में स्थित बांग्लादेशी मिशनों की सुरक्षा को लेकर बुलाई गई थी। इस दौरान बांग्लादेश सरकार ने भारत से अपने मिशनों और राजनयिकों की सुरक्षा मजबूत करने का अनुरोध किया है। पिछले 10 दिनों में यह दूसरी बार है जब प्रणय वर्मा को तलब किया गया है। इससे पहले 14 दिसंबर को उन्हें 'इंकलाब मंच' के संयोजक शरीफ उस्मान हादी पर हमला करने वाले आरोपियों को पकड़ने में सहयोग के लिए बुलाया गया था। गौरतलब है कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के कार्यकाल में भारतीय राजदूत को अब तक छह बार तलब किया जा चुका है।

राजनयिक मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील

ढाका ने राजनयिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ हिंसा और धमकी का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे कार्यों से राजनयिक कर्मियों की सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है और आपसी सम्मान में कमी आती है। बांग्लादेश ने भारत से इन घटनाओं की गहन जांच करने और बांग्लादेश के राजनयिक मिशनों और संबंधित सुविधाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है।

पुलिस ने किया लाठीचार्ज

जब प्रदर्शनकारियों ने उप उच्चायोग के करीब जाने के लिए पुलिस बैरिकेड्स तोड़ने की कोशिश की, तो स्थिति तनावपूर्ण हो गई। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा। प्रदर्शनकारी बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा और हाल ही में हुई एक हिंदू युवक की लिंचिंग के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे।

अत्याचार के खिलाफ हो रहा प्रदर्शन

वहीं दूसरी ओर कोलकाता में बांग्लादेशी अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों के विरोध में सैकड़ों लोगों ने मार्च निकाला। कोलकाता में 'बोंगियो हिंदू जागरण' के बैनर तले सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने 'हिंदू हुंकार पदयात्रा' निकाली। भगवा झंडे लिए प्रदर्शनकारी सियालदह से बांग्लादेश उप उच्चायोग की ओर बढ़ रहे थे, जिन्हें बेकबागान इलाके में भारी पुलिस बल ने रोक दिया।

भारत में लोकतंत्र पर हो रहा हमला, विपक्ष को करना होगा मुकाबला

बर्लिन। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी पर संविधान को कमजोर करने और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर कब्जा करने का गंभीर आरोप लगाया है. जर्मनी के हर्टी स्कूल में आयोजित 'पॉलिटिक्स इज द आर्ट ऑफ लिसनिंग' विषय पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी ऐसी राजनीति कर रही है, जो सभी नागरिकों को समान अधिकार देने वाले संविधान को 'खत्म करने' की दिशा में ले जाती है।

भारत के संस्थागत ढांचे को अपनी निजी संपत्ति की तरह देखती है 'बीजेपी

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि देश के संस्थागत ढांचों पर बीजेपी का कब्जा हो चुका है और जांच एजेंसियों का राजनीतिक हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा, 'बीजेपी भारत के संस्थागत ढांचे को अपनी निजी संपत्ति की तरह देखती है और इसका उपयोग राजनीतिक शक्ति बढ़ाने के लिए करती है.' भारत में ऐसा माहौल बन गया है, जहां संस्थाएं वह भूमिका नहीं निभा पा रही हैं, जिसके लिए उन्हें बनाया गया था।

कुलदीप सेंगर की सजा पर लगी रोक

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्नाव रेप केस में सजा काट रहे पूर्व एमएलए कुलदीप सेंगर पर बड़ा फैसला सुनाया है. उनकी सजा सस्पेंड कर दी गई है। साथ ही कुलदीप सिंह सेंगर को पीड़िता के 5 किलोमीटर के दायरे में न आने और जमानत की अवधि के दौरान दिल्ली में ही रहने का आदेश दिया. दिल्ली हाई कोर्ट ने कुलदीप सिंह सेंगर को हर सोमवार पुलिस को रिपोर्ट करने का निर्देश दिया, सेंगर पीड़िता को पीड़िता को धमकी नहीं देगा, सेंगर को अपना पासपोर्ट निचली अदालत में जमा करना होगा।

कांग्रेस के तुष्टीकरण और जिन्ना की राजनीति ने वंदे मातरम को बनाया विवाद का मुद्दा

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और मोहम्मद अली जिन्ना को सीधे तौर पर भारत के सांस्कृतिक विभाजन और देश के बंटवारे का जिम्मेदार ठहराया

लखनऊ/ए.। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस और मोहम्मद अली जिन्ना को सीधे तौर पर भारत के सांस्कृतिक विभाजन और अंततः देश के बंटवारे का जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम पर किया गया समझौता किसी धार्मिक भावना का सम्मान नहीं, बल्कि कांग्रेस की तुष्टीकरण की राजनीति का पहला, सबसे बड़ा और सबसे खतरनाक प्रयोग था, जिसने अलगाववाद को जन्म दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक मोहम्मद अली जिन्ना कांग्रेस में थे, तब तक वंदे मातरम कोई विवाद नहीं था। कांग्रेस छोड़ते ही जिन्ना ने इस राष्ट्रगीत को मुस्लिम लीग की राजनीति का औजार बनाया और जानबूझकर इसे सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की। गीत वही रहा, लेकिन एजेंडा बदल गया।

वंदे मातरम का विरोध पूरी तरह राजनीतिक

मुख्यमंत्री ने कहा कि 17 मार्च 1938 को जिन्ना ने मांग की कि वंदे मातरम पूरा बदला जाए, लेकिन कांग्रेस ने प्रतिकार नहीं किया। परिणामस्वरूप मुस्लिम लीग का साहस बढ़ता गया, अलगाववाद की धार तेज हुई और सांस्कृतिक प्रतीकों पर पहला समझौता हुआ, जिसने अंततः भारत के दुर्भाग्यपूर्ण विभाजन की नींव रखी। सीएम योगी ने स्पष्ट कहा कि वंदे मातरम का विरोध न तो धार्मिक था और न ही आस्था से जुड़ा, बल्कि यह पूरी तरह राजनीतिक था।

कांग्रेस नेतृत्व राष्ट्र की बजाय वोटबैंक के साथ रहा

सीएम योगी ने कहा कि 15 अक्टूबर 1937 को लखनऊ से जिन्ना ने वंदे मातरम के विरुद्ध नारा बुलंद किया, जबकि उस समय कांग्रेस अध्यक्ष पंडित जवाहरलाल नेहरू थे। इसके तुरंत बाद 20 अक्टूबर 1937 को नेहरू द्वारा सुभाष चंद्र बोस को लिखा गया पत्र, जिसमें कहा गया कि यह मुद्दा मुसलमानों को "आशंकित" कर रहा है, कांग्रेस के तुष्टीकरण की स्पष्ट स्वीकारोक्ति है। उन्होंने कहा कि 26 अक्टूबर 1937 को कांग्रेस ने वंदे मातरम के कुछ अंश हटाने का निर्णय लिया, जिसे उस समय "सद्भाव" कहा गया, लेकिन वास्तव में यह राष्ट्र चेतना की बलि थी। देशभक्तों ने इसका विरोध किया, प्रभात फेरियां निकाली गईं, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व राष्ट्र के साथ खड़ा होने की बजाय वोटबैंक के साथ खड़ा हो गया।

योगी सरकार ने चिकित्सा को दिये 3500 करोड़, स्वास्थ्य सेवाओं में होगा विस्तार

लखनऊ। योगी सरकार ने प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर को नई मजबूती देने के उद्देश्य से अनुपूरक बजट में चिकित्सा क्षेत्र के लिए बड़ा वित्तीय प्रावधान किया है। अनुपूरक बजट में लगभग 3,500 करोड़ रुपये की व्यवस्था कर योगी सरकार ने यह संकेत दिया है कि आमजन तक बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। अनुपूरक बजट में मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर, अस्पतालों के विस्तार, आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधार के लिए धनराशि दी गई है। अनुपूरक बजट में चिकित्सा क्षेत्र को आवंटित धनराशि न केवल स्वास्थ्य योजनाओं को गति देगी, बल्कि यह प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को लंबे समय तक मजबूत करने की दिशा में अहम कदम भी है।

खेल, व्यापार एवं मनोरंजन

2025 में आईटी नौकरियों की मांग 18 लाख पहुंची

नई दिल्ली(आईएएनएस)। भारत में आईटी क्षेत्र में हायरिंग तेजी से बढ़ रही है और इसमें ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स और उभरती हुई टेक्नोलॉजी के लिए टैलेंट की मांग में जबरदस्त बढ़ोतरी देखी जा रही है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। क्वेस कॉर्प की ओर से जारी की गई रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में आईटी नौकरियों की कुल मांग 2025 में बढ़कर 18 लाख पर पहुंच गई है और इसमें पिछले साल के मुकाबले 16 प्रतिशत की बढ़त देखी गई है। रिपोर्ट में एक नए ट्रेंड का खुलासा करते हुए कहा गया कि 50 प्रतिशत से ज्यादा आईटी हायरिंग उभरती हुई डिजिटल क्षमताओं पर केंद्रित हैं और पारंपरिक टेक स्किल्स की हिस्सेदारी कुल मांग में 10 प्रतिशत से भी कम है और इसमें लगातार गिरावट देखी जा रही है। जीसीसी से लगातार आईटी क्षेत्र में हायरिंग को बढ़ावा मिल रहा है

और आईटी हायरिंग मार्केट में जीसीसी की हिस्सेदारी 27 प्रतिशत की हो गई है, जो कि पिछले साल करीब 15 प्रतिशत थी। रिपोर्ट के अनुसार, प्रोडक्ट और एसएएएस फर्मों ने भी चुनिंदा रूप से भर्तियां बढ़ाई हैं, जबकि आईटी सेवाओं और कंसल्टिंग में मामूली वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, फंडिंग में कमी के चलते स्टार्टअप्स में भर्तियां घटकर एकल अंकों के निम्न स्तर पर आ गई हैं। रिपोर्ट में कहा गया, ÷कुल मिलाकर, हायरिंग डिमांड उत्पादकता के लिए तैयार प्रतिभाओं की ओर दृढ़ता से झुकी रही, जिसमें मध्य-करियर पेशेवर कुल भर्ती का 65 प्रतिशत हिस्सा बनाते हैं।

भारतीय रुपया स्थिर, विदेशी मुद्रा भंडार पर्याप्त

नई दिल्ली(आईएएनएस)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दिसंबर बुलेटिन के अनुसार, नवंबर में भारतीय रुपया वास्तविक प्रभावी रूप से स्थिर बना रहा। हालांकि सामान्य तौर पर रुपए में थोड़ी गिरावट आई, लेकिन भारत में कीमतें अपने बड़े व्यापारिक साझेदार देशों की तुलना में अधिक होने के चलते इसका असर संतुलित हो गया। अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने, विदेशी निवेशकों के कम निवेश और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर बनी अनिश्चितता के चलते नवंबर में भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले कुछ कमजोर हुआ। बुलेटिन के मुताबिक, नवंबर में रुपए में उतार-चढ़ाव पिछले महीने की तुलना में कम रहा और यह कई दूसरी मुद्राओं की तुलना में ज्यादा स्थिर रहा।

ब्लैक ड्रेस संग ब्लेजर में दिखा तमन्ना का स्टनिंग लुक

मुंबई। तमन्ना भाटिया अपने फैशन सेंस से एक बार फिर सुर्खियों में हैं. हाल ही में सामने आई उनकी तस्वीरों में एक्ट्रेस ब्लैक ड्रेस और ब्लैक एंड व्हाइट स्ट्राइप्स ब्लेजर में बेहद स्टनिंग नजर आ रही हैं. उनका ये लुक काफी अच्छा लग रहा है. सिंपल लेकिन पावरफुल स्टाइल में तमन्ना ने साबित कर दिया कि फैशन में ग्रेस और कॉन्फिडेंस बेस्ट च्वॉइस है। तस्वीर में तमन्ना का पूरा अंदाज बहुत सोफिस्टिकेटेड, पावरफुल और ग्रेसफुल दिखाई देता है। जो आज की मॉडर्न वर्किंग वुमन को भी इंस्पायर करता है. तमन्ना भाटिया एक बार फिर अपने लुक से सबका ध्यान खींचती नजर आई हैं. इस बार उनका ये लुक दिखाता है कि कैसे सिंपल आउटफिट भी सही स्टाइलिंग के साथ सुपर स्टनिंग बन सकता है।

सीआईडी के सामने पेश हुई अभिनेत्री लक्ष्मी मांचू

हैदराबाद। हैदराबाद में अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स के प्रचार से जुड़े मामले में तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री लक्ष्मी मांचू मंगलवार को CID कार्यालय पहुंचीं। यह पेशी उन चर्चित चेहरों की बढ़ती सूची का हिस्सा है, जिनसे जांच एजेंसियां अनधिकृत ऑनलाइन बेटिंग प्लेटफॉर्म्स के प्रचार को लेकर पूछताछ कर रही हैं। अभिनेत्री से कई घंटों तक सवाल-जवाब किए गए, जिसके बाद वह CID ऑफिस से रवाना हुईं। अभिनेत्री लक्ष्मी मांचू को यह समन प्रिवेंशन ऑफमनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत जारी किया गया था। जांच एजेंसियों का मानना है कि कुछ ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स को मनोरंजन या चैरिटी से जुड़े अभियानों के रूप में पेश किया गया, ताकि आम लोगों को इनके प्रति आकर्षित किया जा सके।

फैंस को बड़ा झटका, चिन्नास्वामी में नहीं दिखेंगे 'किंग' कोहली

नई दिल्ली। विजय हजारे ट्रॉफी से पहले बेंगलुरु में क्रिकेट फैंस के लिए निराशाजनक खबर सामने आई है. स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अब एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेलते नजर नहीं आएंगे. सुरक्षा कारणों के चलते बेंगलुरु में होने वाले विजय हजारे ट्रॉफी के सभी मैचों का वेन्यू बदल दिया गया है. अब ये मुकाबले एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम की बजाय बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जाएंगे। यह फैसला कर्नाटक सरकार के निर्देश पर लिया गया है. कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। बदलाव के चलते बुधवार को दिल्ली और आंध्र प्रदेश के बीच होने वाला मुकाबला भी नए वेन्यू पर खेला जाएगा. इस मैच में विराट कोहली और ऋषभ पंत दोनों के खेलने की उम्मीद है, लेकिन फैंस उन्हें



स्टेडियम में नहीं देख पाएंगे। कर्नाटक के गृह मंत्रालय ने मंगलवार सुबह केएससीए को सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं के बारे में जानकारी दी थी. इसके बाद तुरंत फैसला लेते हुए सभी संबंधित टीमों को बता दिया गया था. सिर्फ मैच ही नहीं, बल्कि दोनों टीमों के प्री-मैच ट्रेनिंग सेशन भी अब BCCI सेंटर ऑफएक्सीलेंस में ही होंगे। सबसे बड़ी बात यह है कि बेंगलुरु में होने वाले विजय हजारे ट्रॉफी के किसी भी मैच में दर्शकों को एंट्री नहीं दी जाएगी।

बड़े तेवड़ा गांव के चर्च लीडर ने की हिंदू धर्म में वापसी

सरपंच ने साथियों के साथ मिलकर रची साजिश

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के बड़े तेवड़ा गांव में हुए बवाल के बाद चर्च के लीडर ने हिंदू धर्म में वापसी की है। जहां उन्होंने ईसाई समुदाय, सरपंच समेत कई लोगों पर गांव में हिंसा भड़काने का आरोप लगाया है।

चर्च के लीडर ने हिंदू धर्म में वापसी करने के बाद कहा कि, बीते दिन हुई हिंसा में हमारे ईसाई समुदाय के लोग मुझे छोड़कर भाग गए। जिसके बाद मैंने गांव के लोगों से चर्चा कर हिंदू धर्म में वापसी की इच्छा जताई।

जिसके बाद गांव के लोगों ने माहौल ठीक होने के बाद मैंने मूल धर्म में वापसी की है। जब चर्च लीडर यह सवाल पूछा गया कि, धर्म परिवर्तन कैसे करते हैं तो उन्होंने बताया कि, जैसे किसी की तबियत खराब है तो उसे बुलाते हैं और उसके लिए प्रार्थना करते हैं। प्रार्थना के बाद बहुत लोगों मन में यह भय रहता है कि, भूत- प्रेत दुबारा मत आ जाए। ऐसे में हम कहते हैं कि, दुबारा फिर तुम्हें यह समस्या होगी। ऐसे में लोग फिर धर्मांतरित होकर इसी धर्म का अनुसरण करने लगते हैं। दो- तीन साल से मैं भी इसी से जुड़ा हुआ था। मेरा वीडियो वायरल होने के बाद 20-25 परिवार मेरे संपर्क में हैं, उसमें से कुछ लोग वापस आना चाह रहे हैं।

गांव के लोगों ने किया था मना

बड़े तेवड़ा गांव में हुई हिंसा को लेकर जब सवाल पूछा गया कि, यह घटना सुनियोजित थी कि, नहीं! इस पर उन्होंने कहा कि, चर्च के लीडर ने कहा कि, सरपंच ने जबरदस्ती शव को दफनाया। जब गांव के लोगों ने कहा कि, जो हमारी आदिवासी परंपरा है यदि उसके तहत शव को दफ़न करोगे तो हम जगह देंगे। यदि नहीं तो यहां आपको जगह नहीं देंगे। जहां आपका कब्रिस्तान है, आप वहां ले जाकर शव दफन करो।

साथियों के साथ मिलकर रची थी साजिश

मारपीट की योजना किसकी थी यह सवाल पूछने पर उन्होंने कहा कि, गांव का सरपंच रजुमन सलाम, वीरेंद्र पटेल, विकेश सर्पे और वहां का पास्टर है। उनकी योजना थी कि, यदि गांव के लोग लाश उखाड़ने आते हैं तो उन्हें रोका जाय और नहीं मानते हैं तो उन्हें लाठी- डंडो से पीटा जाय। इसके साथ ही उन्होंने अन्य जिलों से लोगों को बुलाकर इसकी योजना बनाई थी।

न्यूज गैलरी

मादक पदार्थों की अवैध बिक्री, तस्करी पर लगाम लगे: कलेक्टर मिश्रा

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने बालोद जिले में मनः प्रभावी पदार्थों के अवैध बिक्री, तस्करी की रोकथाम हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर मिश्रा आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिले में मनः प्रभावी पदार्थों के अवैध बिक्री, तस्करी की रोकथाम के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने जिले में मनः प्रभावी पदार्थों के अवैध बिक्री, तस्करी की रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री चंद्रकांत कौशिक एवं श्री नूतन कंवर सहित राजस्व अनुविभागी अधिकारियों के अलावा एसडीओपी बालोद श्री देवांश राठौर सहित स्वास्थ्य, खाद्य एवं औषधि नियंत्रण विभाग तथा संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने विभागवार जिले में मनः प्रभावी पदार्थों के अवैध बिक्री, तस्करी की रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में नशामुक्ति हेतु मेडिकल सुविधा उपलब्ध है। इसके लिए जिला अस्पताल में विशेष कक्ष भी क्रियान्वित किया जा रहा है। इसके अलावा जिले के रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर मनः प्रभावी पदार्थों के बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु चिन्हित स्थानों पर नियमित रूप से जाँच किया जा रहा है।

कुल्हाड़ी से तीन युवकों पर जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

कबीरधाम/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के झलमला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सौंरू में बीते 17 दिसंबर को एक सिरफिरे आरोपी ने तीन युवकों के ऊपर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया था। इसमें तीनों युवक को गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी संजय ध्रुव ने बताया कि ग्राम सौंरू निवासी तीन युवक अलग-अलग दो बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान गांव के ही आरोपी खेदूराम बैगा पिता स्व. समारू बैगा उम्र 79 द्वारा अचानक कुल्हाड़ी से हमला किया गया। मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 109(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया। जांच के बाद आज आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक धारदार कुल्हाड़ी जब्त की गई है। कोर्ट में पेशकर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

भालू ने स्कूल शिक्षादूत पर किया हमला, गंभीर अस्पताल में भर्ती

बीजापुर/नवप्रदेश। इंद्रावती नेशनल पार्क के कुटरू कोर परिक्षेत्र के केरपे के जंगल मे एक शिक्षादूत पर भालू ने हमला कर उसे गंभीर रूप से जख्मी कर दिया है। घायल अवस्था मे शिक्षादूत को पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के हेमलकसा अस्पताल ले जाकर उसका इलाज कराया जा रहा है। बताया गया है कि शिक्षादूत शंकर मज्जि प्राथमिक शाला गोंड़नुंगुर में पदस्थ है। वह स्कूल से घर की ओर जा रहा था, इसी बीच रास्ते के जंगल मे भालू ने उस पर अचानक हमला कर दिया। भालू के हमले से जख्मी हुए शिक्षादूत मज्जि ने किसी तरह भालू के चंगुल से बच कर निकला। परिजनों द्वारा उसे तत्काल इलाज के लिए महाराष्ट्र के हेमलकसा अस्पताल में लाया गया, जहां उसका इलाज जारी चल रहा है। इधर कुटरू कोर के परिक्षेत्र अधिकारी शंकर लाल सिन्हा ने बताया कि उन्हें उनके स्टाफने घटना की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि घायल अभी महाराष्ट्र के हेमलकसा अस्पताल में उपचाराधीन है। रेंजर ने बताया कि मुआवजा प्रकरण तैयार करने की कार्रवाई की जा रही है।

काम से लौट रहे युवक को वाहन ने मारी टक्कर, मौके पर मौत

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ जिले में बीती रात अज्ञात वाहन की ठोकर से काम करके घर लौट रहे एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस मर्ग पंचनामा कार्रवाई पश्चात आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मामला पूंजीपथरा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, पूंजीपथरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम डारआमा निवासी अमरनाथ धनवार पिता तुलाराम धनवार 28 साल, बीते कुछ समय से नव दुर्गा फ्यूल प्रा. लिमिटेड में काम करते आ रहा था। बीती रात 9 बजे के आसपास अमरनाथ काम करके वापस अपने गांव लौट रहा था, इसी बीच जब वह गौरीमुड़ी चैक स्थित सब स्टेशन के पास पहुंचा ही था कि अज्ञात वाहन के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसे जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही पूंजीपथरा पुलिस मौके पर पहुंची जहां मर्ग पंचनामा कार्रवाई पश्चात शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। इस मामले में पुलिस ने बताया कि सड़क हादसे में युवक के युवक के सिर के अलावा शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आने की वजह से मौत हुई है।

कृषक उन्नति योजना: अब दलहन-तिलहन भी समर्थन मूल्य पर बेच सकेंगे किसान

विष्णु देव सरकार कर रही अन्नदाता किसानों का पूरा सम्मान, परिश्रम का मिल रहा पूरा दाम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की कृषि अब केवल धान तक सीमित नहीं रह गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने खेती को लाभकारी, विविध और टिकाऊ बनाने की दिशा में एक के बाद एक ठोस फैसले लेकर राज्य की कृषि नीति को नई दिशा दी है। एक ओर जहां कृषक उन्नति योजना 2.0 के जरिए किसानों को प्रति एकड़ इनपुट सहायता देकर दलहन-तिलहन जैसी वैकल्पिक फसलों की ओर प्रेरित किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के तहत दलहन और तिलहन फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी को केंद्र सरकार की मंजूरी मिलना किसानों के लिए डबल लाभ और बड़ी राहत बनकर सामने आया है।

खरीफ सीजन में 425 करोड़ की स्वीकृति: मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विशेष पहल पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम के साथ हुई उच्चस्तरीय चर्चा के बाद खरीफ सीजन में 425 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है। इससे छत्तीसगढ़ में फसल विविधीकरण, आय सुरक्षा और कृषि आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत और समन्वित मॉडल उभर रहा है।

मार्च 2024 में हुई थी योजना की शुरुआत

कृषक उन्नति योजना की शुरुआत छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मार्च 2024 में की गई थी। इसका उद्देश्य किसानों को खेती के लिए आवश्यक बीज, खाद, कीटनाशक और अन्य इनपुट लागत में सहायता देना था, ताकि खेती का बढ़ता खर्च कम हो सके।

24.72 लाख किसानों को मिला सीधा लाभ

योजना के पहले चरण में उन किसानों को लाभ दिया गया, जिन्होंने खरीफविपणन वर्ष 2023-24 में अपना धान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचा था। इस चरण में 24.72 लाख से अधिक किसानों के खातों में लगभग 13,320 करोड़ रुपये की राशि (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से सीधे भेजी गई। यह छत्तीसगढ़ के कृषि इतिहास की सबसे बड़ी प्रत्यक्ष सहायता योजनाओं में से एक रही।

प्रति एकड़ 10,000 से 15,351 तक सहायता

कृषक उन्नति योजना 2.0 के तहत सरकार अलग-अलग फसलों के लिए प्रति एकड़ 10,000 से 15,351 तक इनपुट सहायता प्रदान कर रही है। यह सहायता फसल और मौसम के अनुसार तय की गई है, ताकि किसानों को वास्तविक जरूरत के अनुसार लाभ मिल सके।

दलहन-तिलहन की ओर बढ़ता किसानों का रुझान

योजना 2.0 के लागू होने के बाद छत्तीसगढ़ में किसानों का रुझान धीरे-धीरे दलहन और तिलहन फसलों की ओर बढ़ रहा है। और इससे- किसानों को आय के नए स्रोत मिल रहे हैं, खेती का जोखिम कम हो रहा है, राज्य दाल और तेलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। यह पहल केंद्र सरकार की पोषण सुरक्षा और फसल विविधीकरण नीति के अनुरूप भी मानी जा रही है।

सीएम साय की सोच: किसान मजबूत तो राज्य मजबूत

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कई अवसरों पर स्पष्ट किया है कि कृषक उन्नति योजना कोई साधारण सब्सिडी योजना नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के कृषि-आधारित विकास मॉडल की आधारशिला है। उनका मानना है कि, 'जब किसान आर्थिक रूप से मजबूत होगा, तभी गांव, समाज और राज्य का समग्र विकास संभव होगा।' इसी सोच के तहत सरकार योजना के दायरे और लाभ को लगातार बढ़ा रही है। कुल मिलाकर, कृषक उन्नति योजना 2.0 छत्तीसगढ़ में कृषि विकास, किसान सशक्तिकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में एक निर्णायक और दूरदर्शी कदम साबित हो रही है।

छत्तीसगढ़ में खेलों का विकास हमारी प्राथमिकता: मुख्यमंत्री

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज यहां राजधानी रायपुर के कोटा रोड स्थित स्वामी विवेकानंद एथलेटिक स्टेडियम में आयोजित 45वीं एनटीपीसी जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के शुभारंभ किया। उन्होंने 45वीं एनटीपीसी जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी और खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ का यह सौभाग्य है कि प्रदेश को राष्ट्रीय ट्राइबल गेम्स के आयोजन का अवसर मिला है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलो इंडिया के माध्यम से देश की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के बहुत अच्छे अवसर मिल रहे हैं। साथ ही आज पूरे देश और प्रदेश में खेल को लेकर बेहतर वातारण तैयार हो रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में खेलों का विकास हमारी प्राथमिकता मे शामिल है। सरकार द्वारा सभी खेलों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को निखारने सभी सुविधाएं और प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

छेड़छाड़ का आरोपी नाइजीरियन छात्र छत से कूदा, कलिंगा यूनिवर्सिटी के छात्र की मौत

■ यूनिवर्सिटी में लड़की के बायफ्रेंड के आ जाने पर डरकर कूदने से हुई मौत

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर स्थित कलिंगा यूनिवर्सिटी में सोमवार को एक बड़ा हादसा सामने आया, जहां नाइजीरियन मूल के छात्र सैम की छत से गिरने से मौत हो गई। घटना ने पूरे कैंपस सहित पुलिस प्रशासन को भी हिला कर रख दिया है।

एमबीए सेकेंड ईयर का छात्र था मृतक: मृतक सैम एमबीए सेकेंड ईयर का छात्र था और काफी समय से यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहा था। घटना के बाद यूनिवर्सिटी परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

छात्रा से बदसलूकी, बॉयफ्रेंड के पहुँचने पर हादसा: बताया जा रहा है कि विदेशी मूल की एक छात्रा ने सैम पर बदसलूकी करने का आरोप लगाया था। घटना की जानकारी मिलते ही छात्रा का बॉयफ्रेंड मौके पर पहुंचा। इसी बीच माहौल तनावपूर्ण हो गया और सैम घबराकर अचानक छत से कूद गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

दोनों नाइजीरियन छात्र-छात्रा का सरेंडर: हादसे के बाद दोनों विदेशी छात्र-छात्रा ने भिलाई थाने में सरेंडर कर दिया है। पुलिस उनसे घटना के संबंध में पूछताछ कर रही है।

कर्मचारियों की सुरक्षा और कल्याण के लिए ठोस फैसला, 1.60 करोड़ तक का मिलेगा बीमा कवर

■ राज्य कर्मचारियों को बड़ी सौगात: एसबीआई से हुआ एमओयू

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के नियमित शासकीय कर्मचारियों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। राज्य शासन और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बीच स्टेट गवर्नमेंट सैलरी पैकेज को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस एमओयू के तहत एसबीआई में वेतन खाता रखने वाले कर्मचारियों को करोड़ों रुपये का बीमा कवर पूरी तरह निःशुल्क मिलेगा। एमओयू के अनुसार कर्मचारियों को एक करोड़ रुपए का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा, एक करोड़ 60 लाख रुपए का हवाई दुर्घटना बीमा, एक करोड़ रुपए का स्थायी पूर्ण दिव्यांगता बीमा, 80 लाख रुपए का आंशिक दिव्यांगता बीमा और 10 लाख रुपए का समूह जीवन बीमा दिया जाएगा।

खास बात यह है कि इन सभी बीमा सुविधाओं के लिए कर्मचारियों को कोई अतिरिक्त प्रीमियम नहीं देना होगा। इसके अलावा एसबीआई रुपे कार्ड पर 1 करोड़ रुपए के बीमा कवर में अतिरिक्त 10 लाख रुपए का लाभ भी मिलेगा। स्वास्थ्य बीमा टॉप-अप जैसी सुविधाएँ रियायती दरों पर उपलब्ध कराई जाएंगी।

सीएम विष्णु देव साय कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों की सुरक्षा और कल्याण के लिए लगातार ठोस फैसले ले रही है। एसबीआई के साथ यह एमओयू कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए मजबूत सुरक्षा कवच साबित होगा। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि यह समझौता कर्मचारियों को आर्थिक जोखिम से बचाने की दिशा में अहम पहल है। बिना किसी अतिरिक्त खर्च के इतनी व्यापक बीमा सुविधाएँ मिलना राज्य सरकार की कर्मचारी-हितैषी नीति को दर्शाता है।

छत्तीसगढ़ स्किल टेक में कौशल-आधारित निवेश को मिली नई गति

छत्तीसगढ़ में कौशल-एकीकृत औद्योगिक विकास को मिल रही नई गति: मुख्यमंत्री

रायपुर/नवप्रदेश। भविष्य-उन्मुख कौशल विकास के साथ औद्योगिक विकास को सुदृढ़ रूप से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास विभाग एवं वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा 23 दिसंबर 2025 को छत्तीसगढ़ स्किल टेक का आयोजन किया गया। यह उद्योग-केंद्रित निवेश कार्यक्रम प्रधानमंत्री सेतु योजना (क्क्रू स्श्वञ्ज) के अंतर्गत कौशल विकास में निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

कौशल-आधारित औद्योगिक विकास की धुरी बना गेल का प्रोजेक्ट: निवेश प्रतिबद्धताओं में गेल (त्रढ्ढरु) का प्रस्तावित गैस-आधारित उर्वरक संयंत्र राज्य के लिए एक प्रमुख एवं सबसे बड़े औद्योगिक प्रस्तावों में से एक के रूप में उभरकर सामने आया।

लगभग 10,500 करोड़ रुपये के प्रथम चरण निवेश तथा 1.27 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (रूरूञ्जक्क) यूरिया उत्पादन क्षमता के साथ यह परियोजना छत्तीसगढ़ को देश के डाउनस्ट्रीम पेट्रोकेमिकल एवं उर्वरक मानचित्र पर सशक्त रूप से स्थापित करेगी।

यह प्रस्तावित परियोजना गेल की मुंबई-नागपुर-झारसुगुड़ा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन (रूहृछ्वक्क) के साथ प्लान की गई है, जो अनुकूल तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता पर आधारित होगी। यह परियोजना राजनांदगांव जिले के बिजेतला क्षेत्र में 400 एकड़ से अधिक भूमि पर प्रस्तावित है, जबकि 100 एकड़ अतिरिक्त भूमि एक समर्पित टाउनशिप के लिए आरक्षित की गई है।परियोजना में भविष्य में मांग एवं अधोसंरचना की उपलब्धता के अनुरूप क्षमता विस्तार का भी प्रावधान रखा गया है। परियोजना के संचालन में आने के पश्चात लगभग 3,500 प्रत्यक्ष रोजगार अवसर सृजित होने की संभावना है। इसके साथ ही संचालन, तकनीकी सेवाओं, लॉजिस्टिक्स, मेंटेनेंस तथा संबद्ध क्षेत्रों में कुशल मानव संसाधन की निरंतर मांग उत्पन्न होगी, जो राज्य के कौशल-एकीकृत औद्योगिकीकरण के दृष्टिकोण को और सशक्त करेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा—छत्तीसगढ़ का विकास मॉडल निवेश, रोजगार और कौशल को आपस में जोड़ने पर आधारित है।

त्रढ्ढरु का 10,500 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट बना प्रमुख आकर्षण

इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न निवेश प्रस्तावों पर समझौता ज्ञापन (रूह्र) हस्ताक्षरित किए गए तथा निवेश आमंत्रण पत्र जारी किए गए। कुल मिलाकर 13,690 करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्तावित निवेश सामने आए हैं, जिनसे राज्य में 12,000 से अधिक रोजगार अवसर सृजित होने की संभावना है। ये निवेश विभिन्न क्षेत्रों में कौशल-आधारित रोजगार को मजबूती प्रदान करेंगे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com